हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com

सूर्योदय : 6:43
सूर्यास्त : 5:57
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-17 अंक-247 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शुक्रवार, 16 फरवरी 2024
05 शाबान, 1445 हिजरी



## गृह मंत्रालय ने पंजाब के तीन जिलों में बंद की इंटरनेट सेवाएं

**सख्ती**

- रेलवे ट्रैक पर हल्लाबोल से शंभू बॉर्डर पर तनातनी
- क्षेत्र के उद्यमों को बंद रखने का अनुरोध

**चंडीगढ़।** किसान आंदोलन के बीच गृह मंत्रालय ने अब पंजाब पर सख्ती करते हुए प्रदेश के तीन जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं।

पंजाब सरकार ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। पत्र में लिखा गया है कि बिना सूचना दिए इस प्रकार का कदम उठाना नियमों के विरुद्ध है। इन तीनों जिलों में 16 फरवरी शुक्रवार देर रात 12.59 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। अगर आंदोलन का कोई निष्कर्ष नहीं निकलता तो इंटरनेट सेवाएं बाधित किए जाने की प्रक्रिया आगे भी बढ़ सकती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से पब्लिक इमरजेंसी व पब्लिक सेफ्टी रूल्स 2017 का हवाला दिया।



### किसानों का आज भारत बंद करने का ऐलान

**नई दिल्ली।** किसानों आंदोलन से दिल्ली के बाजारों पर असर पड़ने का अंदेशा कम है। दिल्ली के व्यापारी संगठनों ने भारत बंद से खुद को अलग कर लिया है। उनका कहना है कि सभी 700 बाजार और 56 औद्योगिक क्षेत्र खुले रहेंगे। गुरुवार को चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने व्यापारियों और उद्यमियों से बैठक के बाद एलान किया है कि दिल्ली में भारत बंद का कोई असर नहीं होगा। दो दिनों से अलग-अलग बाजारों के संगठनों से इस विषय पर चर्चा की गई है।



**13 मार्च को पता चलेगा किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया**

### लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

## चुनावी चंदे पर रोक

- सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने सुनाया फैसला
- स्टेट बैंक को बेचे गए बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी देनी होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड पर अहम फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया है। शीर्ष अदालत ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने इस संबंध में गुरुवार को फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को 2019 से अब तक चुनावी बॉन्ड से जुड़ी पूरी जानकारी देनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि चुनावी बांड योजना, आयकर अधिनियम की धारा 139 द्वारा संशोधित धारा 29(1)(सी) और वित्त अधिनियम 2017 द्वारा संशोधित धारा 13(बी) का प्रावधान अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि चुनावी बांड जारी करने वाला बैंक, यानी भारतीय स्टेट बैंक, चुनावी बांड प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों का विवरण और प्राप्त सभी जानकारी जारी करेगा। उन्हें 6 मार्च तक भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को सौंप देगा। ईसीआई इसे 13 मार्च तक आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। साथ ही राजनीतिक दल इसके बाद खरीददारों के खाते में चुनावी बांड की राशि वापस कर देंगे। जानते हैं आखिर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के मायने क्या हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सरकार पर क्या असर पड़ेगा।

### नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में सीएम योगी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा

## महिला आत्मनिर्भर तो समाज होगा सशक्त

**संबोधन**

- आधी आबादी को उपेक्षित कर नहीं हो सकता विकास : सीएम
- संसद व विधानसभा में बढ़ेगी आधी आबादी की भागीदारी



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि एक महिला आत्मनिर्भर होती है तो समाज स्वतः सशक्त होता है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता।

वर्ष 2047 में जब देश आजादी का 100वां वर्ष पूरा करेगा तो हमे एक विकसित भारत मिलेगा जिसमें देश की आधी आबादी अपना विकास करेगी। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे। सीएम योगी गुरुवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को विकसित करके ही सरकार विकास की नई ऊंचाईयों को प्राप्त कर पायेगी। सरकार सभी महिलाओं को आश्वस्त करती है कि उनके हितो के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ करेगी। पीएम मोदी के नारी सम्मान व सुरक्षा के विजन के अनुसार गोरखपुर के सभी महिला स्वयं सहायता समूहों एवं एनजीओ, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के तहत अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलम्बन का जीवन व्यतीत कर रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि पिछले लोकसभा सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया। इसके तहत अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा। विगत समय से लोकसभा व विधानसभाओं में देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व बहुत कम था। अब बिना किसी भेदभाव के उनका 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेगा।

### अपने विधायकों को सहजने में जुटी रालोद

**बागपत।** राज्यसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को भाजपा के आठवें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ के नामांकन के बाद चुनाव में मतदान तय माना जा रहा है। इसे देखते हुए सभी पार्टियां अपने-अपने वोट सहेजने में जुट गई हैं।

इसी क्रम में कुछ विधायकों की नाराजगी की चर्चा के बीच बृहस्पतिवार को रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद जयंत चौधरी ने पार्टी के सभी विधायकों को दिल्ली तलब किया। जयंत चौधरी ने पार्टी विधायकों से भाजपा के साथ प्रस्तावित गठबंधन को लेकर चल रही कुछ विधायकों की नाराजगी के बारे में बात की। इस पर सभी विधायकों ने एक साथ होने और नाराजगी की बात को खारिज किया।

## सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस से ईडी ने की पूछताछ

**घोटाला**

- अधिकतर सवालों का नहीं में दिया जवाब
- साधी चुप्पी सब्सिडी हड़पने का है आरोप



**लखनऊ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को गहन पूछताछ की। उन पर दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और उपकरण बांटने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गयी सब्सिडी हड़पने का आरोप है। दोपहर करीब 12 बजे राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में पेश होने के बाद उनसे शाम छह बजे तक पूछताछ जारी थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को गहन पूछताछ की। उन पर दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और उपकरण बांटने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गयी सब्सिडी हड़पने का आरोप है। दोपहर करीब 12 बजे राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में पेश होने के बाद उनसे शाम छह बजे तक पूछताछ जारी थी।

## अजित गुट ही असली एनसीपी

**दावेदारी**

- एनसीपी विधायकों की अयोग्यता के मामले में अजीत गुट की जीत
- शरद पवार को झटका



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी विधायकों की अयोग्यता के मामले शरद पवार गुट को करारा झटका लगा है। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने अजित गुट के सभी विधायकों की अयोग्यता को चुनौती को खारिज कर दिया। नार्वेकर ने पवार गुट की तरफ से दाखिल की गई याचिकाएं रद्द करते हुए कहा कि संख्याबल के हिसाब से अजित पवार की अगुवाई वाला गुट की असली एनसीपी है। नार्वेकर ने कहा कि 29 जून तक शरद पवार के नेतृत्व पर कोई सवाल नहीं था। उन्होंने कहा कि पार्टी 30 जून 2023 विभाजित हुई थी। नार्वेकर ने कहा कि अजित गुट के सभी विधायक योग्य हैं। कोई भी विधायक अयोग्य नहीं है। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के फैसले से अजित पवार गुट को बड़ी जीत हासिल हुई है।

### पार्टी में दो गुट खड़े हो गए: राहुल

राहुल नार्वेकर ने कहा कि शिवसेना को लेकर मैंने जो फैसला लिया था उसका आधार यहां लेना होगा। दोनों गुट पार्टी में अध्यक्ष पद को लेकर दावा कर रहे हैं। दोनों ही गुट दावा कर रहे हैं कि अध्यक्ष का चुनाव पार्टी के संविधान के मुताबिक नहीं हुआ है। कहा कि पार्टी में दो समानांतर नेतृत्व खड़े हो गए हैं। दोनों समूहों द्वारा अयोग्यता याचिकाएं भी दायर की गई हैं। एनसीपी के संविधान के अनुसार एनसीपी वर्किंग कमेटी सर्वोच्च संस्था है। इसमें 16 स्थायी सदस्य हैं, लेकिन पार्टी का संविधान स्थायी सदस्यों को इजाजत नहीं देता। ऐसे में हमें नेतृत्व संरचना, पार्टी संविधान और संख्या बल के आधार पर तय करना होगा कि पार्टी किसकी है।

### नेशनल कांफ्रेंस अपने दम पर लड़ेगी चुनाव

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को श्रीनगर में कहा कि उनकी पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। इस दौरान वह इंडिया गठबंधन से दूरी बनाते हुए दिखे। साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के चुनावी बॉन्ड पर फैसले को लेकर कहा कि यह अच्छा है और वह चाहते हैं कि सरकार व अन्य राजनीतिक दल इसे स्वीकार करें और लागू करें। कश्मीर में चुनाव को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चुनाव जल्द होंगे। जहां तक सीट बंटवारे का सवाल है तो नेशनल कॉन्फ्रेंस स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। इसके बारे में कोई संदेह नहीं है। वहीं, किसानों के विरोध पर सांसद ने कहा कि जब किसान बिल पेश किए गए तो विपक्ष ने उन विधेयकों की समीक्षा करने या संशोधन करने का अनुरोध किया, लेकिन वे बहुमत में बिल लेकर आए, जिससे 750 किसानों की जान चली गई।

**आस्था** | मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत समेत 51 सदस्य रहे मौजूद

## रामलला के दरबार में गोवा कैबिनेट

**दर्शन**


- यह सिर्फ राम मंदिर नहीं है बल्कि राष्ट्र मंदिर है : प्रमोद सावंत
- स्पेशल ट्रेन से गोवा के दो हजार श्रद्धालु भी आए



**अयोध्या।** यूपी व अरुणाचल के बाद गुरुवार को गोवा की सरकार ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। जेहि दिन राम जनम श्रुति गावहिं, तीरथ सकल तहां चलि आवहिं रामचरित मानस की यह पंक्ति इन दिनों साकार रूप लेती नजर आ रही है।

राममंदिर के उद्घाटन के बाद से ही सारे तीर्थ अयोध्या में उमड़ पड़े हैं। आम श्रद्धालुओं से लेकर नामी लोग भी रामलला के दर्शन को आतुर हैं। वहीं देश के विभिन्न राज्यों की राजसत्ता भी परमसत्ता का आशीर्वाद लेने पहुंच रही है। इसी क्रम में गुरुवार को गोवा सरकार की कैबिनेट सीएम प्रमोद सावंत के नेतृत्व में रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंची। इस दल में कुल 51 सदस्य शामिल रहे। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन में वे दो बार कारसेवा कर चुके हैं। कहा कि आज पूरी कैबिनेट के साथ अयोध्या आया हूं यह मेरा सौभाग्य है। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को पूरे गोवा के गांव अयोध्या बन गए थे। पूरा प्रदेश राममय था।

राम मंदिर बनने की वजह से हम लोग अयोध्या आ पाए हैं। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम योगी और राम मंदिर ट्रस्ट का बहुत आभार व्यक्त करता हूं। अयोध्या का राममंदिर, मात्र मंदिर नहीं है बल्कि राष्ट्रमंदिर है। गोवा को मुख्यमंत्री दर्शन योजना के तहत अयोध्या से जोड़ा जाएगा, जिससे वहां के लोग रामलला का दर्शन आसानी के साथ कर सकेंगे। योगी सरकार ने यदि भूमि दी तो वह अयोध्या में गोवा का भवन जरूर बनाना चाहेंगे। अब तो यहां आना-जाना लगा ही रहेगा। ऐसे में यहां गोवा भवन बनना आवश्यक है। इससे पहले गोवा कैबिनेट के सभी मंत्री व विधायक राजर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पहुंचे। एयरपोर्ट पर योगी सरकार के मंत्री सतीश शर्मा, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने अभिनंदन किया। यहां से तीन ई-बसों के जरिये पूरी कैबिनेट रामलला के दरबार पहुंची। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से सभी को प्रसाद वितरित किया गया।



# समाजवादी पीडीए पद यात्रा पहले दिन महतोपुरवा में पहुंची

**संबोधित**

**धौरहरा लोकसभा के प्रत्याशी आनंद भदौरिया के साथ उनकी पत्नी डॉक्टर अर्चना सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया**



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बसंत पंचमी के दिन 14 फरवरी को रसूलपुर से शुरू हुई समाजवादी पीडीए पद यात्रा पहले दिन महतोपुरवा में पहुंची, पहले दिन पदयात्रा में सैकड़ो लोगों के साथ पदयात्रा कर रहे धौरहरा लोकसभा के प्रत्याशी आनंद भदौरिया के साथ उनकी पत्नी डॉक्टर अर्चना सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया व पद यात्रा के साथ महतोपुरवा तक रही! पद यात्रा में वरुण यशपाल चौधरी, पूर्व विधायकगण शमशेर बहादुर शेरु, विनय तिवारी, रामसरन भार्गव, शशांक यादव, जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, प्रवीण यादव, दीनू चौधरी, अरुण दीक्षित मोनू, आनंद पटेल, रवि शंकर वर्मा, अशोक कश्यप, विधानसभा अध्यक्ष विकास यादव, धीरू वर्मा प्रमुख, गणेश गुप्ता, रमन मनार सहित सैकड़ो लोगों ने पदयात्रा की।

आज दूसरे दिन समाजवादी पीडीए पद यात्रा आनंद भदौरिया के नेतृत्व में महतोपुरवा से चलकर पसियन पुरवा पहुंची जहां सैकड़ो लोगों ने आनंद भदौरिया का फूल माला पहनाकर स्वागत किया, पसियनपुरवा में आर के राज के आवास पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री स्वर्गीय बंशीधर राज की पुण्यतिथि मनाई गई, सभी लोगों ने बाबू बंशीधर राज के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। समाजवादी पीडीए पदयात्रा अपने निर्धारित रास्ते घुरघुट्टा, मटेहनी व बसहिया होते हुए एरा होते हुए बसडिया चौराहे पर मनीष शुक्ला के आवास पर पहुंची! रास्ते में तमाम जगह लोगों ने फूल मालाओं से पदयात्रा का स्वागत किया, स्वागत करने वालों में व पीडीए पदयात्रा में ओंकार सिंह, पहलवान सिंह, अजय शर्मा, मातादीन गौतम, रजनीश गौतम अजीत सिंह, घनश्याम वर्मा, अवधेश कश्यप, राधेश्याम गौतम, सुंदरलाल नेता, ओम प्रकाश यादव, दिनेश यादव, पंकज साहू, जमील अहमद, रमेश यादव, राम लखन यादव, बन्ने खां, उत्तम वर्मा, अजय वर्मा अज्जू, यज्ञ प्रताप मिश्रा, स्वामी दयाल चौहान, ललित यादव, रवि यादव, श्रवण यादव सहित तमाम लोगों ने अलग-अलग जगह स्वागत किया।

# ताबड़तोड़ हो रही मौतों की घटनाओं से दहल उठा जनपद

- थाने नीमगांव से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई हत्या
- अपराधियों पर लगाम लगाने में खीरी पुलिस असफल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव क्षेत्र में थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर मजदूरी पेशा व्यक्ति की हत्या कर दी गई। उसका रक्तरंजित शव बृहस्पतिवार सुबह उसी की झोपड़ी में मिला मृतक की पत्नी ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस पर भी बार-बार तहरीर बदलवाने व मारपीट का आरोप लगाया। वहीं, पुलिस हत्या की घटना से इनकार कर रही है। मामले में परिजन व ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए दो घंटे हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जानकारी के मुताबिक नीमगांव निवासी शिवप्रसाद 45 उर्फ भनारे थाने गेट से महज 50 मीटर की दूरी पर छप्पर डालकर दूसरों के खेत की रखवाली करता था। वह बुधवार रात घर से खाना खाकर रात करीब 10.30 बजे घर से निकला था। सुबह खून से लथपथ शव मिला। घटना सुबह आठ बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद पति से अलग रह रही पत्नी उर्मिला भी मौके पर पहुंची और पुलिस को सूचना दी। जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई शिवप्रसाद के शरीर पर गहरे जख्म थे। मौके पर खून पड़ा था। इससे लोगों ने हत्या की आशंका जताई। लेकिन, मामले में पुलिस हत्या से इनकार करती रही। पुलिस के रवैये से खफा गांव वाले मौके पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। करीब आधे घंटे के बाद एसओ श्रद्धा सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को को शांत कराने की कोशिश की। लेकिन, ग्रामीण नहीं माने और करीब दो घंटे तक हंगामा करते रहे।

एसओ ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने काफी देर तक घटना स्थल कर मुआयना किया और घटना के संबंध में साक्ष्य एकत्र किए, लेकिन ग्रामीण शांत नहीं हुए। बाद में एएसपी नैपाल सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। एसओ श्रद्धा सिंह ने बताया कि परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी घटना के कुछ देर बाद ही मृतक शिवप्रसाद की पत्नी उर्मिला को नीमगांव पुलिस थाने ले आई। उर्मिला ने पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप लगाया है। उर्मिला का कहना था कि बांके से काटकर पति की हत्या की गई है। लेकिन, पुलिस मामले को कमजोर दिखाने की कोशिश कर रही है। बताया कि हमारी लिखी तहरीर अपने पास रख ली है, जबकि अपने मन से दूसरी तहरीर लिखी है, जिसमें हमारे पति की मौत को हत्या की बजाय किसी जंगली जानवर के हमले से मौत में दिखाने की तैयारी है थाना नीमगांव पुलिस रक्तरंजित मिले शव के मामले में हत्या की बात नहीं मान रही है और मामले को जंगली जानवर के हमले से मौत की वजह साबित करने में जुटी है। ग्रामीणों का कहना है कि शव देखने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मृतक के सिर पर किसी धारदार हथियार से वार करते हुए उसकी हत्या की गई है। घटनास्थल पर बिखरा खून व दो फीट तक पड़े खून के छींटे थे। लोगों का कहना है कि जानवर के खानने से दो फीट तक खून के छीटें पड़ना असंभव है। आंख भी कूची हुई है।

## 50 मीटर की दूरी पर हुई घटना, पुलिस अंजान

ग्रामीणों का कहना है कि थाना गेट से महज 50 मीटर की दूरी पर इस तरह की घटना होना और किसी को भनक तक नहीं लगना, यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मृतक पर किसी जानवर ने हमला भी किया होता तो चीखने की आवाजें जरूर आती लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी को इस बात की जानकारी तक नहीं हो पाई। खास बात यह है कि पुलिस सुबह भी ग्रामीणों ने सूचना दी।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा मु0अ0स0 44/2024 धारा 314 भादवि में वांछित अभियुक्त रचित पुत्र जगदीश प्रसाद नि0ग्राम रामदीनपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी को ग्राम महेशपुर चौराहा से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## 16 फरवरी को भाकियू टिकैत करेगी संपूर्ण भारतवर्ष में कार्य का बहिष्कार

**सहारनपुर।** केंद्र सरकार के किसान विरोधी कानून को लेकर सरकार एवं किसानों का संयुक्त मोर्चा एक बार फिर आमने-सामने दिखाई दे रहा है इतना ही नहीं हरियाणा तथा पंजाब के किसान अपनी पूर्वी मांगों को लेकर राजधानी दिल्ली में प्रवेश कर प्रदर्शन करना चाहते हैं, लेकिन सरकार के द्वारा दिल्ली के शंभू बॉर्डर को पूर्णतया सील कर वहां पर सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है। किसानों के रास्ते में किले पत्थर गाड़ दिए है। किसानों की सभा को संबोधित करते हुए मंडल सचिव आरिफ मलिक ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 16 फरवरी को सभी कार्यकर्ता अपने कार्य का बहिष्कार कर बहिष्कार दिवस के रूप में मनाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े तमाम मजदूर व्यापारी भी इस बहिष्कार दिवस को सफल बनाने में भाग लेंगे। संगठन के जिला अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह ने बताया कि गत वर्ष केंद्र सरकार के द्वारा किसान विरोधी कानून बनाए थे, लेकिन किसानों के संयुक्त मोर्चा के द्वारा राजधानी दिल्ली के बॉर्डर पर 13 माह धरना प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन कानून को वापस लेने का वादा किया था, जो अब तक वापस नहीं किए हैं। उन्होंने बहिष्कार दिवस को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है।

## स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**सहारनपुर।** भाजपा द्वारा शक्ति सम्मान समारोह में स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने कहा देश की आधी आबादी मातृ शक्ति को स्वावलंबी बनाने के लिए अनेको कल्याणकारी योजनाएं केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा चलाई गई हैं। इन योजनाओं में बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग को लाभ दिया गया है। इन्ही योजनाओं में एक पण्डित दीन दयाल अंत्योदय योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन में बहुत कम ब्याज दर पर एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण दिलाये गए। महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि आज प्रदेश में लाखों की संख्या में महिलाएं स्वयं सहायता समुह के रूप में न केवल खुद लघु व्यापार चला रही हैं बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार के अवसर मुहैया करा रही हैं। केंद्र सरकार द्वारा महिला शक्ति को सशक्त करने के लिए महिला आरक्षण विधेयक लाया गया। कार्यक्रम से महामंत्री योग चुघ, आरती शर्मा, सरिता गुप्ता, कंचन धवन, रेखा रोहिला, प्रवीण चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाए उपस्थित रही।

# जिला न्यायाधीश ने किया पुराने रिकॉर्ड की स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन कार्य का उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिशा-निर्देश के अनुपालन में जिला न्यायालय में पुराने रिकॉर्ड की स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन कार्य का उद्घाटन किया। बबीता रानी ने कहा कि इस अद्यतित प्रक्रिया के माध्यम से पुराने और महत्वपूर्ण पत्रावलियों, न्यायिक रिकॉर्डो को सुरक्षित रखकर उनकी पंहुच को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्कैनिंग और डिजिटाइजेशन कार्य न्यायिक प्रक्रिया को और भी सुगम बनाएगा और न्यायालय के कार्यों में तेजी लाएगा। उन्होने कहा कि यह उपकरण पुराने रिकार्डस को सुरक्षित रखने में मदद करेंगे क्योंकि इसके माध्यम से पुराने रिकार्ड्स को स्कैन किया जाता है, जो रिकार्ड्स को संग्रहित एवं सुरक्षित रखने की गारंटी देगा तथा उनकी उपयोगिता, पहचान, खोज और साझा करने को बेहतर एवं सुगम बनायेगा। जिला न्यायाधीश ने बताया कि इस पहल के माध्यम से न्यायालय अधिक लोगों को तेजी से न्याय प्रदान करने में सक्षम होगा और न्यायिक सेवाओं को सुगम और उच्च क्षमता वाला बनाने में सहायता करेगा।

## महापौर ने किया नवीन नगर में बच्चा पार्क के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड 16 के नवीन नगर में बच्चा पार्क के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यकरण कार्य का नारियल फोड़कर व वेदमंत्रोच्चार के बीच शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि सहारनपुर विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने नवीन नगर में बच्चा पार्क के सौंदर्यकररण कार्य का शुभारं करते हुए कहा कि नगर निगम सहारनपुर को कार्बन न्यूट्रल बनाने के लिए पर्यावरण संतुलन पर जोर देते हुए हरित पट्टी विकसित कर रहा है। कूड़ाघर समाप्त कर सेल्फी प्वाइंट विकसित किये जा रहे हैं। शहर के अनेक पार्को का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया गया है। आगे भी पार्को को श्रेणीबद्ध कर उनके रखरखाव पर कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग को भी गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से कम से कम कूड़ा जनरेट करने का आह्वान किया कि महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सहारनपुर के साथ पूरा प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# नारकोटिस पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण, बिक्री पर लगाया जाय प्रभावी अंकुशः महेंद्र

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नारकोटिस पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण,



बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को को-आर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए नारकोटिस पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्राप्त गुप्त सूचनाओं को सभी सम्बन्धित को त्वरित आदान-प्रदान करते हुए प्राप्त सूचना के अनुसार तत्काल प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जाय। बैठक के दौरान डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि विगत बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या तत्काल उपलब्ध कराएं। डीएम ने कहा कि वनाच्छादित सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी व वन विभाग की संयुक्त कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाय। औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया कि मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान संचालित कर नशीली औषधियों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि चिकित्सक के परामर्श के अनुसार ही दवाओं की बिक्री की जाय तथा सम्बन्धित मेडिकल स्टोर्स द्वारा उनका विवरण भी रखा जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि युवा पीढ़ी विशेषकर छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थो से दूर रखने के लिए बीएसए एवं डीआईओएस से संयुक्त रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसे क्रियान्वित भी कराएं। अपराध निरोधक एजेंसीज को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यशाला का निरन्तर आयोजन कर तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। समाज कल्याण अधिकारी को नशामुक्ति एवं पुनर्वास कार्यक्रम संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक का संचालन जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह, जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह,एसएसबी एवं अन्य सम्बंधित मौजूद रहे।

# पुलिस आरक्षी नागरिक परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेट और व्यवस्थापकों के साथ की समीक्षा बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने उ0 प्र0 पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की परीक्षा की तैयारियों के संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ पुलिस लाइन ग्राउंड में समीक्षा बैठक और ब्रीफ़िंग की। ब्रीफ़िंग के दौरान जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र व्यस्थापको, सहायक केंद्र व्यस्थापको और परीक्षा सहायको को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा सकुशल संपन्न कराई जाए। इसे गंभीरता से लिया जाए। यह अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा है। अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा केन्द्रों पर प्रकाश, पानी की समुचित व्यवस्था रखी जाए। महिलाओं और पुरुषों अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग चेकिंग रूम बनाया जाए। प्रवेश देते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि अभ्यर्थी अपने साथ कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर प्रवेश नहीं कर रहा है। कक्षा में प्रश्न पुस्तिका को कैमरे की नजर में अभ्यर्थियों के सामने ही खोला जाए। कोई भी परीक्षा व्यवस्थापक अपने साथ मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएगा।

पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा की परीक्षा के दिन ट्रैफिक पर विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि उस दिन अन्य जनपद और प्रदेशों से भी अभ्यर्थी आएंगे। अभ्यर्थियों को बेवजह परेशान ना किया जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि दुकानदार और वाहन चालक मानना चार्ज ना करे। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा 17 और 18 फरवरी को दो पालियों में होगी। परीक्षा प्रथम पाली में 10 से 12 बजे तक और द्वितीय पाली में 3 से 5 बजे तक होगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक,अपर जिलाधिकारी (प्रशा) के अतिरिक्त सभी परीक्षा व्यस्थापक उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल प्रांगण में धूम्रपान करते 8 लोगो पर किया जुर्माना

**सहारनपुर।** एसबीडी जिला चिकित्सालय के प्रांगण में धूम्रपान करने वाले 8 व्यक्तियों पर कोटपा-2003 अधिनियम के अन्तर्गत जुर्माना किया गया एवं भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी भी दी गयी।

एसबीडी जिला चिकित्सालय में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम एवं जनकपुरी थाना के पुलिस दल द्वारा संयुक्त रूप से कोटपा-2003 अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। प्रवर्तन दल द्वारा एसबीडी जिला चिकित्सालय में कार्यवाही के दौरान अस्पताल में धूम्रपान करने वाले 8 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया एवं भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी भी दी गई। प्रवर्तन दल द्वारा अस्पताल के हड्डी वार्ड, सर्जिकल वार्ड, जिला महिला अस्पताल व इमर्जेंसी वार्ड में भी भ्रमण कर तंबाकू सेवन ना करने व धूम्रपान के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। आज के प्रर्वतन कार्य में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से मुदस्सर अली जिला सलाहकार, श्रीमति कविता कुमारी सोशल वर्कर एवं पुलिस विभाग से जनकपुरी थाना की टीम उपस्थित रहे। जनपद में यह अभियान प्लान अनुसार दोनो विभागों द्वारा नियमित रूप से जारी रहेगा।

# वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित किया गया शिविर

*अवधनामा संवाददाता*



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों के लिए विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव उमाशंकर कहार के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का सोनिया गांधी पर कटाक्ष



**रायबरेली।** राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सोनिया गांधी के रायबरेली की जनता को लिखे पत्र पर कटाक्ष किया है।दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को यहां प्रेसवार्ता में कहा कि सोनिया गांधी इस बार रायबरेली से चुनाव लड़ती और हार जाती सोनिया गांधी ने रायबरेली को 10 जनपद को न छोड़ पाने के लालच में त्याग दिया।उन्होंने रायबरेली कि जनता के साथ धोखा किया।जिसकी मैं निंदा करता हूं यह बात राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रेसवार्ता में कही।दिनेश प्रताप सिंह पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा कि तरफ़ से बतौर प्रत्यासी सोनिया गांधी के खिलाफ़ प्रत्यासी थे लोकसभा चुनाव में दिनेश प्रताप सिंह को हार का सामना करना पड़ा।दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि देश की जनता की गाढ़ी कमाई से ऐस करना व राज करना गांधी परिवार की फितरत रही है इसलिए वे हार के डर से रायबरेली छोड़ कर दस जनपद दूर जा रही हैं गांधी परिवार का उद्देश देश की जनता की गाढ़ी कमाई से दस जनपद का लाभ लेते रहने का है यदि सोनिया गांधी इस बार रायबरेली से चुनाव लड़ती और उन्हें हार का सामना करना पड़ता,तो उनके पास दस जनपद की मिलने वाली सुविधाए खत्म हो जाती रायबरेली की जनता ने कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को पांच बार सांसद चुना है उनकी सास ससुर को चुना गांधी परिवार का इतिहास रहा है कि जब-जब इसने अपना अहित देखा है उसने पलायन किया है।

## मोदी-योगी की नीतियों से प्रभावित होकर कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**सहारनपुर।** भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने कहा कि विपक्षी दल मुनाफ़िक़ है जबकि भाजपा मुनाफा देने वाली है। एक लंबे समय तक विपक्षी दलों द्वारा एक समुदाय को भाजपा का डर दिखा कर भ्रमित किया जाता रहा, जबकि पिछले 10 वर्षो के मोदी सरकार के शासन ने सिद्ध कर दिया कि भाजपा सरकार में किसी के साथ कोई भेदभाव नही किया जाता। इस दौरान विभिन्न पार्टियों से आये लोगों ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की। आज गुर्जर भवन में बड़ी संख्या में विपक्षी दलों के नेताओ को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते हुए पुनीत त्यागी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की गंगा पहुंचाई जा रही है। महिलाओं को एवं किन्नर समाज को सम्मान देने का काम मोदी सरकार ने किया है और उसी का परिणाम है कि आज सर्वसमाज के लोगों विकास की यात्रा का हिस्सा बनने के लिए भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं।

# परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर गोंडा में कक्षा 10 में अध्यनरत छात्र - छात्राओं को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं में अधिकतम अंक लाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा के दौरान बच्चों के तनाव को कम करना है। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को अपने क्षमताओं के साथ स्वयं मूल्यांकन भी होता है जिससे उन्हें सुधार करने का अवसर मिल जाता है।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक डॉ पवन प्रताप सिंह, शशि कुमार सिंह, राजेश चंद्र पांडेय, उमेश चंद्र गुप्ता अशोक कुमार आदि के साथ लगभग 350 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## मोक्ष का मार्ग भागवत कथा- पं राधेश्याम

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के महंगूपुर गाँव में ब्रहस्पतिवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत कथा का शुभारम्भ हुआ। आठ दिवसीय भागवत कथा के प्रथम दिन कथा व्यास पं राधेश्याम शास्त्री ने भागवत का महात्म बतलाया। महंगूपुर में हनुमान बालाजी मंदिर से मुख्य यजमान रवीद्र नाथ पांडेय व पुष्पा देवी के साथ महिलाओं ने कलश में जल भर भजन कीर्तन करते हुए यात्रा निकाली। अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित राधेश्याम शास्त्री ने प्रथम दिन भागवत कथा की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि कलयुग में सभी पापों से मुक्त कराने व मोक्ष का मार्ग श्रीमद भागवत कथा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में अन्य सभी कार्यों के लिए मनुष्य के पास धन व समय दोनों हैं किन्तु भगवत स्मरण से दूर रहने कि प्रवृत्ति बढ़ रही है। यही कारण हैं कि सम्पन्नता होने के वावजूद भी गृह क्लेश, मानसिक, शारीरिक पीड़ा व तमाम व्याधियों से लोग घिरे हुए हैं।

# जेईई (मेन) 2024 सेशन 1 के परिणाम में लहराया आकाश बायजूस रायबरेली का परचम

**8 स्टूडेंट्स ने हासिल किया 90 फीसदी से ज्यादा परसेंटाइल**



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** आकाश बायजूसने रायबरेली से अपने आठस्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के पहले सत्र में90 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। नेशनलटेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए थे।उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में सुचिता सिंह ने 97.87, अंकित यादव ने 97.02, हर्षित द्विवेदी ने 96.63, देवांश त्रिपाठी ने 95.24, अनामिका शर्मा ने 92.73 व अन्य स्टूडेंट्स ने 87 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया। छात्रों को बधाई देते हुए, डॉ. एच. आर. राव, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस,ने सराहना की, छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। हम उन्हें अगले प्रयास के साथ-साथ उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की सबसे प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज सेशन 1 के परिणामों का अनावरण किया, इस साल इंजीनियरिंग के लिए दो अनुसूचित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से पहली की शुरुआत हुई.विश्व स्तर पर सबसे चुनौतीपूर्ण प्रवेश परीक्षा के रूप में प्रसिद्ध, चुनौतीपूर्ण आईआईटी जेईई को जीतने की आकांक्षा के साथ आकाश के कक्षा कार्यक्रम में दाखिला लेते हुए, छात्रों ने मौलिक अवधारणाओं को समझने और एक अनुशासित अध्ययन को बनाए रखने के लिए अपने समर्पण के लिए शीर्ष प्रतिशत के लिए अपनी चढ़ाई का श्रेय दिया।

# ट्रक-बोलेरो में भिड़ंत, दो भाइयों की मौत, तीन घायल

- श्रावस्ती के इकौना थाना क्षेत्र से अयोध्या धाम दर्शन को जा रहे थे श्रद्धालु

**गोण्डा।** बहराइच-गोण्डा मार्ग पर स्थित कौड़िया थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिवारी पुरवा छितौनी गांव के पास गुरुवार की सुबह बोलेरो और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

श्रावस्ती जनपद के इकौना थाना क्षेत्र के तिवारी मनोहरपुर निवासी 50 वर्षीय सुनील तिवारी पुत्र सांवल प्रसाद तिवारी और उनके छोटे भाई 45 वर्षीय ननके तिवारी, भिनगा थाना क्षेत्र के पूरे उदई निवासी 25 वर्षीय शिवम मिश्रा पुत्र राम किशुन, बोलेरो चालक 30 वर्षीय बजरंगी पुत्र लल्लन निवासी बन्दरहवा थाना इकौना, जनपद श्रावस्ती व 5 वर्षीय सौरभ पुत्र परीक्षित तिवारी सहित बोलेरो में सवार होकर अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने के लिए जा रहे थे। गुरूवार की सुबह घना कोहरा होने के कारण सड़क पर कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था। गोण्डा की तरफ से बहराइच की ओर सीमेंट भरकर जा रहे ट्रक से आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायलों को एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सक ने सुनील तिवारी और उसके भाई ननके तिवारी को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अन्य लोगों का इलाज चल रहा है।

कौड़िया थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही वह तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बोलेरो सवार लोग अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। दो घायलों की मृत्यु की सूचना है।

## जेईई (मेन) 2024 सेशन 1 के परिणाम में लहराया आकाश बायजूस उन्नाव का परचम



**उन्नाव अवधनामा संवाददाता।** आकाश बायजूस ने उन्नाव से अपने 4 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया। जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन2024 के पहले सत्र में 98 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। वहीं शहर के शिखर गुप्ता ने 99.85 परसेंटाइल के साथ सिटी टॉप किया। नेशनलटेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्समें शिखर गुप्ता 99.85 परसेंटाइल के साथ सिटी टॉपर रहे। इसी क्रम में उत्कर्ष प्रताप सिंह ने 99.33, ऐश्वर्य द्विवेदी ने 98.54 और प्रतीक कुमार पटेल ने 98.24 परसेंटाइल हासिल किए हैं। छात्रों को बधाई देते हुए, डॉ. एच. आर. राव, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस, ने सराहना की छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। हम उन्हें अगले प्रयास के साथ-साथ उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## शहीदों को हिंदू संगठन ने दी श्रद्धांजलि



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** पुलवामा में शहीद हुए देश के वीर जवानों को हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा प्रमुख आशीष द्विवेदी भोले महाराज ,बजरंग दल के मानवेंद्र परिहार, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, सत्यम, याागिक, अनूप दीक्षित, गोलू श्रीवास्तव ,आशीष परिहार, आदित्य, हृदय, गोपाल जी, निखिल बाथम, अंशु गौतम, गोलू कुशवाहा, गणेश शंकर, निशांत अवस्थी आदि कार्यकर्ताओं ने पुलवामा हमले में जो देश के वीर जवान शहीद हुए थे उनको देवनगर चौराहे के पास मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि दी।

## दुबग्गा थाना क्षेत्र में चोरों ने मचाया आतंक



**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** दुबग्गा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मलहा गांव में चोरों कमरे में रखी नगदी की पार, पीड़ित की तहरीर पर जांच पड़ताल में जुट गई। गुड्डू कश्यप मलहा निवासी के अनुसार उनके दोनों बेटे कुलदीप,दीपक का 21 फरवरी को तिलक था,उसी के लिए लिए रुपए 50 हजार व दस साड़ी बैग में छत के ऊपर कमरे रखी थी,रात में अज्ञात चोर पीछे से सीढ़ी लगाकर साड़ी व रुपए चोरी कर ले गए। परिवार सहित नीचे सो रहे थे सुबह उठने पर चोरी हो जाने की जानकारी हुई, गुडडू किसानी करते है उनके दोनों बेटे होटल पर मजदूरी करते है,सूचना पर पहुचीं पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं पास के सुनीता के घर पर भी चोर बाहर से कमरे का दरवाजा बंद करके दूसरे कमरे से 15 सौ रुपए व दो जोड़ी पायल चोरी कर ले गए। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## अमित कुमार को किया गया सम्मानित



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय बाल्यावस्था कैंसर दिवस के अवसर पर आज कैंसर रोगियों की सेवा एवं सहायता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु श्रीमती रवि कैंसर सेवा केंद्र के संयोजक अमित कुमार को नबील कैंसर केयर सेंटर के निदेशक व विख्यात कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर एन .ए . सिद्दीकी द्वारा एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सिद्दीकी ने कहा कि कैंसर रोगियों के उपचार में सहायक बनना एक नेक कार्य है। श्रीमती रवि कैंसर सेवा केंद्र के संयोजक अमित कुमार ने कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने व मरीज की हौसला अफजाई की बात कही।

## भाषा विवि में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस संगोष्ठी का आयोजन




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस- प्रोडक्टिविटी इंजन फॉर इकोनॉमिक ग्रोथ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। साथ ही भाषा विश्वविद्यालय में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस- प्रोडक्टिविटी इंजन फॉर इकोनॉमिक ग्रोथ विषय पर कुलपति प्रो एन बी सिंह के निर्देशन में एक पैनल डिस्कशन हुआ। इसमें बीबीएयू की डॉ राजश्री तथा डॉ सुधा बाजपेई जी यू पी प्रोडक्टिविटी कॉउन्सिल की तरफ से प्रोग्राम डायरेक्टर तथा वक्ता के रूप में रहीं। यह कार्यक्रम भाषा विश्वविद्यालय तथा यूपी प्रोडक्टिविटी कॉउन्सिल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। अपने प्रबोधन में डॉ सुधा ने छात्रों को कार्यक्रम की महत्ता के विषय मे बताया। तथा इसी क्रम में बोलते हुए डॉ राजश्री ने एआई के विभिन्न आयामो तथा उन उपयोग के विषय मे वृहत चर्चा की। प्रश्नोत्तर काल मे विद्यार्थियों ने कई प्रश्न पूँछे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ नीरज शुक्ल तथा डॉ सुमन कुमार मिश्रा थे।

# नबील कैंसर केयर सेंटर एवं ओमेगा हॉस्पिटल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बाल्यावस्था कैंसर दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** दिनांक 15.02.2024 को नबील कैंसर केयर सेंटर खुर्रमनगर लखनऊ एवं पहाड़पुर, कुर्सी रोड स्थित ओमेगा हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय बाल्यावस्था कैंसर दिवस मनाया गया, जिसमे देश के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ एनए सिद्दीकी ने कार्यक्रम की शुरुआत की,क्लीनिंक एवं हॉस्पिटल में सबसे पहले कैंसर केयर एन्ड वेलफेयर ट्रस्ट की चेयरमैन डॉ निशा सिद्दीकी ने उपस्थित लोंगो को बच्चों में कैंसर रोग कैसे होता है कौन कौन से कैंसर होते हैं और इससे अपने बच्चो को कैसे बचाया जा सकता के बारे में विस्तार रूप से जागरूक किया तथा कैंसर के बारे में प्राथमिक जानकारियां दी।

डॉ निशा सिद्दीकी ने कहा कि बच्चों में कैंसर के खतरों और प्रभावों के बारें में जागरूकता पैदा करने के लिए 15 फ़रवरी को पूरे विश्व में प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय बाल्यावस्था कैंसर दिवस मनाया जाता है! डॉ0 निशा सिद्दीकी ने बताया कि हम और हमारी ट्रस्ट कैंसर के क्षेत्र में जगह जगह में अवेयरनेस कैंप लगाकर लोंगो को जागरूक करने का काम करती रहेगी! नबील कैंसर केयर सेंटर के निदेशक एवं वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ एन0ए0सिद्दीकी ने बताया कि इस दिन का उद्देश्य बचपन के कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जीवित बचे लोंगो को सहायता प्रदान करना है! बचपन के कैंसर के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतीक सोने के रंग के रिबन है! सोना रंग इस बात का प्रतीक है कि बच्चे कितने कीमती हैं। बच्चों एक वर्ष से 16 वर्ष की आयु में, कैंसर के सबसे आम प्रकार ल्यूकेमिया हैं इसके बाद मस्तिष्क और अन्य सीएनएस ट्यूमर, लिम्फोमास, न्यूरोब्लास्टोमा, किडनी ट्यूमर और खतरनाक अस्थि ट्यूमर है। हम अपने बच्चो को कैंसर से कैसे बचाएं, इसके बारे में डॉ सिद्दीकी ने बताया कि बच्चों को सेकेंड हैंड धुएं से दूर रखना। यातायात से संबंधित वायु प्रदूषण के जोखिम को कम करना। कैंसर पैदा करने वाले रसायनों के संपर्क में आने से बचना। सीटी (कंप्यूटेड टोमोग्राफी) स्कैन जैसे कुछ चिकित्सीय परीक्षणों के दौरान उपयोग किए जाने वाले विकिरण की मात्रा को सीमित करना। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ0 एन0ए सिद्दीकी कहा कि कैंसर से जंग के दौरान नकारात्मक ऊर्जा के लिए समय नहीं होना चाहिए,हमें जरुरत है तो ऐसे लोंगो के साथ की जो आपको प्रेरित करते हैं,आपको चुनौती देते हैं और आपको बेहतर बनाते हैं! आज हमारा समाज कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रहा हैं जरुरत हैं हमें जागरूक होनी की और समाज में जागरूकता फ़ैलाने की! कैंसर के किसी भी लक्षण के दिखने पर उसकी जांच तुरंत करवाए जाने की जरुरत है और कैंसर के लक्षणों को भी आसानी से पहचाना जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक,हर दिन एक हजार बच्चों में कैंसर के मामले सामने आते हैं! बचपन में होने वाले कैंसर के इलाज़ संभव है! भारत में हर साल 70 से 80 हजार बच्चों में कैंसर के नए मामले सामने आते हैं! इसमें से 35 से 40 फीसदी ल्यूकेमिया के होते हैं,यह एक ब्लड कैंसर है।

## उपमुख्यमंत्री ने गांव चलो अभियान के अंतर्गत किया बूथ प्रवास



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैंट विधानसभा की बूथ संख्या 60 पर गांव चलो अभियान के तहत प्रवास कर विभिन्न संगठनात्मक कार्यों को गति दी। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी बूथ पर जनसंपर्क के दौरान उपस्थित रहे। प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री ने शक्ति केंद्र मोतीलाल नेहरू चंद्र भानु गुप्त नगर बी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं का पत्रक घर घर वितरित किया और केंद्र एवम राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मिले और संवाद किया। प्रवास के दौरान प्राचीन हनुमान मन्दिर पर दर्शन किए। गाँव चलो अभियान कार्यक्रम अंतर्गत लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें राष्ट्र निर्माण एवं गरीब कल्याण व जन - जन की आकांक्षाओं के समावेशित विजन पत्रक वितरित कर आमजन से आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अपना आशीर्वाद प्रदान कर पुनः भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड जीत दिलाने का आग्रह किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बूथ समिति एवम पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। बैठक में बूथ समिति अध्यक्ष गिरीश चंद्र राठौर, मंडल अध्यक्ष मानस, अभियान संयोजक अभिषेक खरे, विनय पाण्डेय उपस्थित रहे।

# मक्के रूप में साल की तीसरी फसल भी उगाए किसानः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज अपराह्न कृषि विज्ञान केंद्र, मल्हना का निरीक्षण कर कृषि के क्षेत्र में हो रही प्रगति का लाभ किसानों तक पहुंचाने के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जनपद में पॉम ऑयल की प्रायोगिक खेती करने तथा मोनसेंटो प्रजाति के मक्का की खेती के लाभ से किसानों को अवगत कराया जाए। इससे किसानों की तकदीर बदल जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आम तौर पर वर्ष में दो ही फसल प्राप्त करने की प्रवृत्ति है। अप्रैल से जून तक आमतौर पर किसानों के खेत खाली रहते हैं। इस अवधि में मोनसेंटो प्रजाति के मक्के की खेती से किसान साल की तीसरी फसल प्राप्त कर सकते हैं। इसका प्रयोग खाने के साथ-साथ साइलेज उत्पादन में भी होगा और किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। मोनसेंटो प्रजाति का मक्का तीन माह में तैयार हो जाता है। उन्होंने मक्का उत्पादन बढ़ाने के लिए जनपद के प्रगतिशील कृषकों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया। इसी तरह पॉम ऑयल तथा अरहर की मेड़ पर उगने वाली प्रजाति को प्रोत्साहन देने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट आर्या के तहत पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने मधुमक्खी पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि मधुमक्खी पालन के बॉक्स को सरसो, गेहूं सहित विभिन्न फसलों के मध्य खेत में भी लगाए। इससे शहद प्राप्ति के साथ फसलों का उत्पादन भी बढ़ेगा। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह अध्यक्ष डॉ मान्धाता सिंह ने जिलाधिकारी को केंद्र के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आठ हेक्टेयर में फैले कृषि विकास केंद्र में दलहन, तिलहन, गेंहू, चावल सहित विभिन्न फसलों के उन्नत प्रजाति का बीजोत्पादन किया जा रहा है, जिन्हें स्थानीय किसानों के मध्य वितरित किया जाता है।

# बड़ी धूमधाम ने मना इमाम हुसैन का जन्मदिन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हज़रत सैय्यद अय्यूब अशरफ व मोहम्मदी मिशन सरपरस्त हज़रत सैय्यद याकूब अशरफ व हज़रत सैय्यद आले मोहम्मद द्वारा नक्खास के एल डी ए मार्केट में लोगों को सप्रेम भेट देकर सम्मानित किया गया। 10वे जश्ने विलादत ए इमाम हुसैन अलेहिस्सलाम के मौके पर खुसूसी खिताब औलादे गौसे आज़म, जानशीन ए मख्दूम ए सिमना,आले रसूल, फरज़न्दे बतूल, खतीबे ए एहले बैत हज़रत मौलाना सैय्यद आलमगीर अशरफ अशरफी जिलानी किछौछवी ने किया।

**प्रोग्राम में बड़ी संख्या में आशिकाने एहले बैत ने पहुंचकर की शिरकत**

इस मौके पर नबीरे हज़रत सैय्यद अय्यूब अशरफ सैय्यद हुसैन अशरफ ने इमामे हुसैन की जिन्दगी और उनकी कुर्बानियों को याद किया। जशन का संचालन कारी गुलाबुद्दीन ने किया। तिलावत ए कुर्आन ए पाक कारी इफ्तिखार आलम हबीबी ने किया। नात व मंकबत हज़रत सैय्यद उवैस कादरी नक़वी, कारी अब्दुल हन्नान बोकाड़वी, कारी जहाँगीर गोण्डवी, कारी मुईनुद्दीन, असीफ बरकाती द्वारा पढ़ी गई। कार्यक्रम की ज़ेरे सरपरसी हज़रत सैय्यद अय्यूब अशरफ संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन की रही। ज़ेरे कयादत हज़रत सैय्यद याकूब अशरफ सरपरस्त ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन की रही।कार्यक्रम की ज़ेरे सदारत हज़रत सैय्यद बाबर अशरफ प्रधान सचिव ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन व राष्ट्रीय अध्यक्ष सदाए सुफियाए हिन्द की रही।ज़ेरे हिमायत हज़रत सैय्यद शहाबुद्दीन अशरफ महासचिव ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन हज़रत सैय्यद मोहम्मद अहमद मियाँ यूथ अध्यक्ष ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन की थी। ज़ेरे निगरानी जनाब अब्दुल रहमान ज़ोनल अध्यक्ष ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने की। जश्न ए विलादत ए इमाम ए हुसैन अलेहिस्सलाम में पहुँचकर सभी ने एहलेबैत के वसीले से अपने व अकबर नगर लखनऊ के लोगो के लिए दुआ की और एहले बैत से अपनी मोहब्बतो का इज़हार कर सवाबे दारैन से मालामाल हुए। प्रोग्राम सदाए सुफियाए हिन्द, नक्खास, लखनऊ की जानिब से हुआ।

## 'कैम्ब्रिज स्कूल्स कान्क्लेव' में प्रतिभाग हेतु सी.एम.एस. शिक्षाविद् गोवा रवाना



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल का चार सदस्यीय शिक्षक दल दो दिवसीय 'कैम्ब्रिज स्कूल्स साउथ ईस्ट एशिया कान्क्लेव' में प्रतिभाग हेतु आज गोवा रवाना हो गया। यह सम्मेलन कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल, लंदन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कई देशों के 700 से अधिक शिक्षाविद् प्रतिभाग कर रहे हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु गोवा रवाना होने वाली शिक्षिकाओं में सी.एम.एस. कैम्ब्रिज एजूकेशन की डीन सुश्री सुषमा राजकुमार, सुश्री मशीरा आरिफ, सुश्री सना शमीम एवं सुश्री मनीषा चतुर्वेदी शामिल हैं। श्री शर्मा ने बताया कि इस सम्मेलन में सी.एम.एस. शिक्षिकायें देश-विदेश से पधारे शिक्षाविद्ों को सी.एम.एस. की शिक्षा पद्धति से अवगत करायेंगी, साथ ही वैश्विक परिप्रेक्ष्य के अनुरूप छात्रों को तैयार करने, उनकी योग्यता को बढ़ाने एवं उनकी रचनात्मक ऊर्जा को समाज, देश व विश्व मानवता के कल्याण हेतु प्रेरित करने हेतु सार्थक विचार रखेंगी।

# विभिन्न दलों के पांच हजार लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में लोगों ने भाजपा में शामिल होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूरे जनपद में विभिन्न स्थानों पर सम्मानित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को भाजपा का पटका और टोपी पहनाकर उन्हे पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस क्रम में औरा चौरी स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी और महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने भारी संख्या में लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई । सांसद ने पार्टी में नए शामिल सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा अपने वसूलों, सिद्धांतों और नीतियों से आज विश्व की सबसे बड़ी और शक्तिशाली पार्टी है, पार्टी का हर कार्यकर्ता निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करता है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ता अपने कार्य और पार्टी के प्रति अपने समर्पण के माध्यम से फर्श से अर्श तक पहुंच सकता है और इसके लिए आदर्शवान चरित्र, पार्टी के प्रति निष्ठा, सेवा और समर्पण आवश्यक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान राम ने विभिन्न राज्यों को एकीकृत करके एक वैभवशाली और बड़े साम्राज्य का निर्माण किया था जिसमे सभी लोग आपस में मिलजुल कर बिना भेदभाव एकदूसरे की सहायता करते थे तथा एकदुसरे के सुख दुख में शामिल रहते थे। आज प्रधानमंत्री नेरेंद्र मोदी ने राम से राष्ट्र की उसी वैभवशाली रामराज्य की कल्पना की है जो 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के संकल्पों को पूरा करेगा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने सभी पार्टी में शामिल नए सद्स्यों को पार्टी के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता चरैवेति चरैवेति के सिद्धांतो पर कार्य करते हुए अनवरत पार्टी द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करता है और राष्ट्र की सेवा करता है सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने सभी को शुभकामनाएं दी और पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम

**कुछ ने नई सदायता ली तो कुछ ने की घर वापसी**

अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए थे। उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूं कि आप सभी जो अब हमारे परिवार के सदस्य बन चुके हैं, पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण रखेंगे । सदस्यता ग्रहण करने वालों में बरहज के पूर्व विधायक रहे सुरेश तिवारी के पुत्र और बड़े व्यवसाई संजय तिवारी ने लगभग 500 कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की वहीं नगरपालिका चुनाव में बागी होकर चुनाव लड़ने वाले अमित मोदनवाल की पत्नी शिल्पी मोदनवाल ने 250 कार्यकर्ताओं के साथ घर वापसी की। इसी क्रम में कांग्रेस से विधायक रहे भास्कर पांडे की पुत्री सुमन पांडे भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का दामन थाम लिया, समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख रहे मंजीत यादव ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा ज्वाइन किया, सपा से भटनी नगर पंचायत के चेयरमैन विजय कुमार गुप्ता ने अपने 12 सदस्यों और समर्थकों संग भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

# संयोग के भजन को कुमार विशू ने दी आवाज, देश में छाए संयोग

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** कौन कहता है आसमा में सुराग नही हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो। मसहूर यह पंक्ति कुशीनगर जनपद के अन्तिम छोर पर स्थित तरयासुजान थाना क्षेत्र के तरयालच्छीराम गांव निवासी पत्रकार संयोग श्रीवास्तव पर सटीक बैठती है। संयोग ने यह साबित कर दिया कि नियत नेक हो और कुछ कर गुजरने का जुनून हो तो नामुमकिन कुछ भी नही है। पेशे वकालत और पत्रकारिता करने वाले संयोग ने कोरोना काल के दौरान देवाधिदेव महादेव की कृपा से भजन लिखना शुरू किया। इनके द्वारा लिखे गए भोलेनाथ का पहला भजन इनको संगीत की दुनिया में एक अलग पहचान दिलाया। इसके परिणाम स्वरूप भगवान श्रीराम पर लिखे गए संयोग के भजन को देश के लिजेंड डिवोशनल सिंगर कुमार विशू ने अपनी आवाज देकर संयोग को बुलंदी पर पहुंचा दिया है। पत्रकारिता के साथ-साथ भजन लेखन के क्षेत्र मे कदम बढ़ाने वाले जिले के वरिष्ठ पत्रकार संयोग श्रीवास्तव अब संगीत के क्षेत्र मे भी किसी पहचान के मोहताज नही है। विगत दो वर्षों मे

**मंदिर श्रीराम का तैयार हो गया भजन को शिद्दत और आत्मीयता से सुन रहे हो लोग : कुमार विशू**

संयोग ने वह मुकाम हासिल कर लिया है जहां पहुंचने में लोगो को वर्षो मेहनत करनी पड़ती हे। देश की सबसे बडी म्यूजिक कम्पनी टी सीरीज ने एक के बाद एक करके संयोग के आधा दर्जन से अधिक भजनों को रीलिज किया है। इन भजनों मे हे रघुनंदन तुम्हे प्रणाम काफी धूम मचाया। संयोग इसका श्रेय गायक अरविन्द सिंह को देते हुए इनके टीम के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते है। उन्हे इस मुकाम तक पहुंचने में मुंबई के सिंगर अरविंद सिंह व फिमेल सिंगर प्रियंका मुखर्जी के साथ म्यूजिक डायरेक्टर सुनील बारी की टीम की भूमिका अतुलनीय है। इस टीम ने संयोग का लिखा पहला भजन जटा में तेरी गंगा विराजें को आवाज देकर सजाया था जिसे टी सीरीज ने रीलिज किया था और यह भजन जबरदस्त हिट हुई। इस उत्साह से लबरेज संयोग ऐसे भजन गायक के तलाश में थे जिसे वह दशकों से सुन रहे थे इसमें एक नाम देश के नामी-गिरामी भजन गायक कुमार विशु का था। अपने भजन को कुमार विशु का आवाज देने के लिए संयोग लगातार भजन लिखते रहे। संयोग का मेहनत उस समय रंग लाया जब देश के लिजेंड डिवोशनल सिंगर कुमार विशू ने मंदिर श्रीराम का तैयार हो गया सपना था देश का साकार हो गया। संयोग की लिखे इस भजन को अपनी मधुर आवाज से संवारने के लिए हामी भर दी। इसके बाद कुमार विशू के आवाज मे इस भजन को आरजे बीट्स चैनल ने पूरे देश में रिलीज़ किया। संयोग के इस भजन की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मजह एक माह इस चार लाख से अधिक लोगो ने इस भजन को सुना है। भजन गायक कुमार विशू कहते कि संयोग श्रीवास्तव द्वारा लिखित यह भजन दिल को छू लेने वाली बहुत ही सुंदर भजन जिसे लोग बडी ही शिद्दत और आत्मीयता से सुन रहे है। उम्मीद है आने वाले दिनो मे इस भजन को सुनने वालो की संख्या मिलेनियम मे पहुंच जाए। भजन लिखने वाले संयोग श्रीवास्तव का कहना कि हम सभी का सपना था अयोध्यानगरी में प्रभु श्रीराम का दिव्य व भव्य मंदिर बने उसी को ध्यान में रखकर इसे लिखा गया है। उन्होंने कहा कि इस भजन की लोकप्रियता ने मुझे ख्याति दिलाई है। कहना ना होगा कि कुशीनगर के एक छोटे से गांव में रहकर भगवान श्रीराम के मंदिर पर इतनी सुंदर रचना के लिए संयोग की हर जगह तारीफ हो रही है। इसी के साथ देश के नामी-गिरामी गायक व कंपनियां भी संयोग श्रीवास्तव से अच्छे भजनों के लिए संपर्क करना शुरू कर दिया है जो जनपद के लिए गर्व की बात है।

# 200 लोगों को सांसद एवं विधायक ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** भाटपार रानी उपनगर के निर्मल मैरज हाल में भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा मिलन समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी भाटपार रानी के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल एवं संचालन भाटपार रानी के प्रभारी कुंज बिहारी सिंह उर्फ हाकिम सिंह ने किया।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत 200 से ज्यादा लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिसमें मुख्य रूप से भाटपार रानी के पूर्व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र कुशवाहा पूर्व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ जीतू गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संतोष पांडे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता राजेश यादव प्रधान अविनाश यादव अजीत चौहान सुनील चौहान दशरथ कुशवाहा राम पुकार सिंह मनोज शर्मा गेंनालाल मद्धेशिया विशाल कुशवाहा सुरेंद्र सिंह नारद कुशवाहा बलिस्टर सिंह ललन प्रसाद पिंटू जायसवाल विशाल कुशवाहा अशीष बरनवाल सहित सैकड़ो लोगों को सलेमपुर के सांसद रविंद्र कुशवाहा एवं क्षेत्रीय विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सलेमपुर के लोकप्रिय सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं पर आधारित पार्टी है कार्यकर्ता ही संगठन की रीड होते हैं और कार्यकर्ताओं के बदौलत 2024 का चुनाव भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से जीतेगी आम जनता के बीच मोदी की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती जा रही है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अयोध्या में श्री राम मंदिर के भव्य निर्माण होने से लोगों के बीच उनकी साख और उनके प्रति विश्वास है लोगों को यह पूर्ण रूप से विश्वास है कि भारत को विश्व में आर्थिक शक्ति से संपन्न होने में अगर यह कार्य कोई कर सकता है तो वह नरेंद्र मोदी ही है और उनके नेतृत्व में ही भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है देश की जनता का स्नेह आशीष एक बार पुनः भाजपा के साथ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के एसएससी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने अयोध्या धाम में विश्व का सबसे विशाल भगवान श्री राम का मंदिर बनाकर इतिहास रच दिया है भारतीय जनता पार्टी जो भी वादा करती है उसको पूरा करती है यह मोदी जी की गारंटी है । भाजपा ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर ऐतिहासिक कार्य किया है

# जेईई (मेन) 2024 सेशन 1 के परिणाम में लहराया आकाश बायजूस अयोध्या का परचम

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आकाश बायजूसने अयोध्या से अपने 16स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा



करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन2024 के पहले सत्र में90परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। वहीं युवराज सिंह और श्रेयस कुलपति ने फिजिक्स में 100 परसेंटाइल हासिल किए।पांच स्टूडेंट्स ने 98 परसेंटाइल से ज्यादा का स्कोर किया। नेशनलटेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्समें युवराज सिंह ने 98.91 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल), शाश्वत गुप्ता ने 98.84, श्रेयस कुलपति ने 98.63 (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल), अदरिका श्रीहर्ष ने 98.30, अक्षत जायसवाल ने 98.28 व अन्य छात्रों ने 90 फीसदी और उससे ज्यादा परसेंटाइल हासिल किए। छात्रों को बधाई देते हुए, डॉ. एच. आर. राव, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस,ने सराहना की, छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। हम उन्हें अगले प्रयास के साथ-साथ उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की सबसे प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज सेशन 1 के परिणामों का अनावरण किया, इस साल इंजीनियरिंग के लिए दो अनुसूचित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से पहली की शुरुआत हुई.विश्व स्तर पर सबसे चुनौतीपूर्ण प्रवेश परीक्षा के रूप में प्रसिद्ध, चुनौतीपूर्ण आईआईटी जेईई को जीतने की आकांक्षा के साथ आकाश के कक्षा कार्यक्रम में दाखिला लेते हुए, छात्रों ने मौलिक अवधारणाओं को समझने और एक अनुशासित अध्ययन को बनाए रखने के लिए अपने समर्पण के लिए शीर्ष प्रतिशत के लिए अपनी चढ़ाई का श्रेय दिया।

# गोवा की कैबिनेट ने किया रामलला का दर्शन

## गोवा से ट्रेन के जरिए आए 2000 श्रद्धालुओं ने भी किए रामलला के दर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राम मन्दिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से अयोध्या में लगातार श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी है। देश विदेश से रामभक्त रामलला का दर्शन पूजन करने चले आ रहे हैं। दर्शन के क्रम में विभिन्न राज्यों की पूरी कैबिनेट भी रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रही है। इससे पहले यूपी व अरुणाचल प्रदेश की कैबिनेट भी रामलला का दर्शन कर चुकी है।

इसी क्रम में गुरुवार को गोवा सरकार की कैबिनेट सीएम प्रमोद सावंत के नेतृत्व में रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंची। इस दल में कुल 51 सदस्य शामिल रहे। गोवा कैबिनेट के सभी मंत्री व विधायक राजर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गोवा प्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा



व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन में वे दो बार कारसेवा कर चुके हैं। उनके साथ केन्द्रीय मंत्री भी साथ रहे। उन्होंने कहा कि आज पूरी कैबिनेट के साथ अयोध्या आया हूं यह मेरा सौभाग्य है। उन्होंने कहा यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को पूरे गोवा के गांव अयोध्या बन चुके थे। पूरा प्रदेश राममय था। सीएम प्रमोद सावंत ने कहा राम मंदिर बनने की वजह से हम लोग अयोध्या आ पाए हैं। इसके लिए पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम योगी और राम मंदिर ट्रस्ट का बहुत आभार व्यक्त करता हूं। सीएम ने कहा कि गोवा को मुख्यमंत्री दर्शन योजना के तहत अयोध्या से जोड़ा जाएगा, जिससे वहां के लोग रामलला का दर्शन आसानी के साथ कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने यदि भूमि दी तो वह अयोध्या में गोवा का भवन जरूर बनना चाहेंगे। कहा अब तो यहां आना-जाना लगा ही रहेगा। ऐसे में यहां गोवा भवन बनना आवश्यक हैं।

एयरपोर्ट पर योगी सरकार के मंत्री सतीश शर्मा, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने गोवा के मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों व विधायकों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी लोगों ने अयोध्या पहुंच कर रामलला का दर्शन पूजन किया। सभी लोग रामलला का दर्शन कर काफी खुश व उत्साहित दिखे। जय श्रीराम के नारों से मंदिर गूंज उठा। मंदिर ट्रस्ट की ओर से सभी लोगों को प्रसाद दिया गया। वहीं मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अयोध्या नगर निगम द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए पंचवटी विश्राम गृह का निरीक्षण किया।

## एसआईसी की बेअंदाजी पर पत्रकारों मे आक्रोश

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय के नए प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा एनपी गुप्ता संविधान के चौथे स्तम्भ मीडिया पर नकेल कसने के चक्कर मे हैं।उन्होंने मीडिया की स्वतंत्रता पर रोक लगाने के लिए

जिला अस्पताल में तैनात सीनियर फिजिशियन डॉक्टर नानक सरन को जिला चिकित्सालय का सूचना प्रभारी नियुक्त किया है। एसआईसी ने सभी चिकित्सकों को निर्देशित किया है कि वे मीडिया को कोई बयान नहीं देंगे।यही नही उन्होंने यह भी कहा है कि बयान मेरे सामने ही दिए जाएंगे। उन्होंने इमरजेंसी मे आने वाले एक्सीडेन्ट के केस की जानकारी देने के लिए डा नानक सरन को अधिकृत किया है। एसआईसी के इस फरमान को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।एक सवाल यह है कि अस्पताल के फार्मासिस्ट अलग अलग शिफ्ट की रिपोर्ट डा नानक सरन को नहीं देते। कुछ ऐसे भी मामले होते हैं जिसमे गंभीर घायलों को इमरजेंसी ओपीडी से सीधे लखनऊ रिफर कर दिया जाता है।

## समाज सेवा क्षेत्र में अलख जगाने वाले बसंत राम का जन्मदिन सदस्यों ने वृद्धा आश्रम में मनाया



**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी सहित सदस्यों ने संस्था संस्थापक बसंत राम का जन्मदिवस महिला वृद्धा आश्रम में वृद्ध माताओ के साथ जन्मदिन मनाया, संस्थापक बसंत राम ने बताया कि वैलेंटाइन डे सिर्फ प्रेमी प्रेमिका का नहीं होता प्रेम माता-पिता भाई-बहन दोस्त और निर्धन आसाहय के साथ भी प्रेम बाटकर वैलेंटाइन डे मनाया जा सकता है वृद्ध माताओं के साथ जन्मदिवस मना कर उनके साथ जलपान एवं बातें करके आत्म संतुष्टि प्राप्त हुई और सभी माताओं ने आशीर्वाद के साथ जन्मदिवस की बधाई दिया मैं अपने आप को धन्य मानता हूं बड़ों की खुशी में ही अपनी खुशी होती है। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि बसंत पंचमी उत्सव वृद्ध आश्रम में माताओं के साथ मनाया गया और साथ ही पुलवामा में हुए शहीदों को सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया कार्यक्रम में, श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव, डॉ देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव , मनोरमा साहू, डॉ पवन कुमार,डॉ सोनी शर्मा, सुषमा गुप्ता हरिश्चंद्र शोभाराम सूरज चौधरी अर्चना गोस्वामी नीलम श्रीवास्तव, प्राजंलि चौधरी सहित आदि लोग रहे।

## मकान की छत भरभराकर गिरी, मलबे में दबकर दो मजदूरों की मौत

**बाराबंकी।** शहर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को हुए एक हादसे में दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। एक मकान की छत भरभराकर गिर गई, जिसके मलबे के नीचे दोनों मजदूर दब गए। मौके पर पहंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। ठेकेदार को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बंकी में स्थित ओमनगर मोहल्ले में हुआ। जहां एक पुराने मकान को गिराने का काम चल रहा था। इस काम में दो मजदूर लगे थे। आज जैसे ही मजदूरों ने मौके पर काम शुरू किया, तभी अचानक छत भरभराकर कर गिर पड़ी। दोनों मजदूर छत के मलबे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ देर बाद दोनों मजदूरों ने तड़पकर मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आनन-फानन में दोनों मजदूरों को उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन जिला अस्पताल में डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मजदूरों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने हादसे के बाद काम करवा रहे ठेकेदारों को हिरासत में लिया और पूरे हादसे की जांच पड़ताल में जुट गई है। दोनों मृत मजदूरों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। हादसे की वजहों को तलाश की जा रही है।

### वसन्त पंचमी पर स्कूल में विविध आयोजन

**बाराबंकी।** प्राथमिक विद्यालय दरामनगर में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शीला सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय शुक्ला, एसआरजी पद्मजा त्रिपाठी, एसएनसी अध्यक्ष श्रीमती आशिया बानो की उपस्थिति में प्राथमिक विद्यालय दरामनगर में बसन्त उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन व वन्दना के पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताएं जिसमें पर्ची, रंगोली, अन्ताक्षरी, गीत, गुब्बारा, विभिन्न प्रतियोगिताएँ का ऑयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ श्रीमती संगीता प्रधानाध्यापिका, श्रीमती नम्रता जायसवाल सहायक अध्यापिका, श्रीमती रुकैया फातिमा शिक्षा मित्र व समस्त अभिभावको की उपस्थिति कार्यक्रम को सम्पन्न कराया गया।

# वामदलों ने मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, संविधान व लोकतंत्र पर बढ़ते हमलों को लेकर किया विशाल धरना प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** वामदलों ने गुरुवार को जिला मुख्यालय तहसील सदर पर मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, संविधान व लोकतंत्र बढ़ते हमलों को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन व सभा कर भाजपा सरकार के अन्याय राज के खिलाफ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने जोरदार आवाज बुलंद की जिसकी अध्यक्षता माकपा जिला सचिव अशोक यादव, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद और संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक मयाराम वर्मा के अध्यक्ष मण्डल ने और संचालन भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी ने किया।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार से देश का हर वर्ग त्रस्त है। अमृत काल की बात कह कर पूरे देश में अन्याय का राज चलाया जा रहा है । एम एस पी की कानूनी गारण्टी व अन्य मांगों को लेकर



आन्दोलन कर रहे देश के अन्नदाताओं के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार किया जा रहा है । आज रोजगार की मांग को लेकर नौजवान, पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारी, अधिकारों की मांग कर रहे मजदूर, बराबरी और सुरक्षा की मांग कर रहीं महिलाओं की आवाज को दबाया जा रहा और उन्हें दमनात्मक तरीके से चुप कराया जा रहा है।वक्ताओं ने कहा कि आज देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। गैर भाजपा सरकारों को गिराया जा रहा है। ईडी,सीबीआई, आईटी के जरिए विपक्ष को तोड़ कर कमजोर किया जा रहा है। ऐसे समय में संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम सब को आगे आना होगा। वक्ताओं ने आगे कहा कि योगी सरकार में कानून के राज की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अपराध व भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली योगी सरकार में महिलाएं तक सुरक्षित नहीं हैं, प्रदेश में दबंगों द्वारा जुल्म अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। विकास के नाम पर लोगों को उजाड़ा जा रहा है। किसानों की जमीन पर्याप्त मुआवजा दिए ही उनसे छीन ली गई। पीढ़ियों से सार्वजनिक जमीनों पर बसे गरीबों को बिना मुआवजा और पुनर्वास के उजाड़ा जा रहा है। डबल इंजन की सरकार जनता के लिए डबल आफत बन गई है। सभा को भाकपा (माले) राज्य कमेटी सदस्य राम भरोस, भाकपा नेता रामतीर्थ पाठक, माकपा जिला कमेटी सदस्य मयाराम वर्मा, भाकपा नेता सूर्यकान्त पाण्डेय, राम प्रकाश तिवारी, रामजी राम यादव, शैलेन्द्र प्रताप सिंह भाकपा (माले) नेता उमाकांत विश्वकर्मा, महिला नेता सुनीता गौड़, राजेश वर्मा, राम सिंह, अजय शर्मा चंचल, घनश्याम यादव, माकपा नेता विनोद सिंह, बाबूराम यादव, हौंसिला प्रसाद, भाकियू के वरिष्ठ नेता कमला प्रसाद बागी, अवधराम यादव, अनिरूद्ध प्रताप मौर्य, राम सनेही यादव, आदि नेताओं ने सम्बोधित किया तथा आशीष कुमार और अयोध्या प्रसाद तिवारी ने अपने जोशीले व क्रांतिकारी गीतों के जरिए उपस्थित लोगों में उत्साह का संचार करते रहे।अंत में कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रपति और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

## सड़के विकास का मुख्य आधारः शिवेंद्र सिंह




*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार-अयोध्या।** ग्राम भगवाभीट में मुख्य अतिथि प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने वसीम रजा के घर से इशहाक के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि सडके विकास का मुख्य आधार है उत्तर प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक गांव मे सड़कों का जाल बिछाया जाएगा तथा गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए जिससे किसान आसानी से अपना माल मंडियो तक ले जाकर अपनी उपज का अधिक मूल्य प्राप्त कर सके और सरकार का यह संकल्प फलीभूत भी हो रहा है उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा गांव और किसानों के हित में चलाई जा रही दो दर्जन से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि आज इसका लाभ गांव में बसे किसानों को सीधे मिल रहा है इस अवसर पर ग्राम प्रधान राम जनम यादव ग्राम पंचायत अधिकारी नीरज सिंह व अजय सिंह डॉ कनौजिया सहित क्षेत्रीय गण मन के लोग उपस्थित थे।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एसपी ने ली बैठक, दिए दिशा निर्देश



**बाराबंकी।** आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिक आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी को पुलिस बल के साथ परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने, परीक्षा केन्द्र पर लगे पुलिस बल द्वारा अभ्यर्थियों के पहचान पत्र व प्रवेश पत्र के फोटो से चेहरे की पहचान करने के पश्चात ही प्रवेश दिए जाने, परीक्षा केन्द्र के आस-पास 100 मीटर परिधि में धारा 144 का पालन कराए जाने, परीक्षा केन्द्र के आस-पास ध्वनि विस्तारक यन्त्रों/डीजे आदि का प्रयोग न करने, परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 500 मीटर परिधि में कोई फोटोस्टेट की दुकान न खुलने के लिए निर्देश दिए गए। परीक्षा परिसर में परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल फोन, ब्लूटूथ अथवा अन्य संचार सम्बन्धी/इलेक्ट्रानिक उपकरण इत्यादि ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित है। अनुचित साधनों का प्रयोग रोकने तथा प्रश्न पत्रों के रख-रखाव एवं उनके संचरण के मध्य समुचित सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हैरत भरे होंगे 2024 के चुनावी नतीजे, विदा होगी भाजपा आईएन्डीए बनाएगी सरकारः मोहसिन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राहुल गांधी के नेतृत्व में चलने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा जनमानस के दिलों को छू रही हैं। 2024 के आम चुनावों में चैकने वाले नतीजे आयेंगे, भाजपा की विदाई होगी और देश में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी। 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली से प्रवेश करेंगी जो बनारस, भदोही, प्रयागराज, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली होते हुए 20 फरवरी को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रवेश करेंगी, जहां के.के.सी. (जय नरायण डिग्री कॉलेज) जो जनपद बाराबंकी का स्वागत बिन्दु हैं वहां जनपद के 2 हजार कांग्रेसजनों द्वारा जननायक राहुल गांधी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भव्य स्वागत होगा। उक्त




आशय की जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. मोहसिन ने छाया चैराहा स्थित इन्दिरा मार्केट में कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए दी। पत्रकार वार्ता में नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला व पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थें। मो. मोहसिन ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार का दस वर्ष का कार्यकाल अन्याय काल रहा हैं जिसमें समाज के सभी वर्गो के साथ अन्याय हुआ हैं इसलिये जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व में निकलने वाली यात्रा का उद्देश्य पांच न्याय जो युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय एवं भागीदारी न्याय हैं जिस पर न्याय यात्रा में व्यापक चर्चा करके समाज के इन वर्गों के लोगों को न्याय दिलाना हैं जिसकी शुरूआत हमारे नेता जननायक राहुल गांधी ने शुरू कर दी हैं। उन्होंने न्याय यात्रा के मंच से घोषणा कर दी हैं कि अगर देश में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी जो निश्चित हैं तो इस देश के अन्नदाता को एम.एस.पी. की गारण्टी हैं।

## 78 ग्राम स्मैक समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना देवा पुलिस टीम ने 02 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से कुल 78 ग्राम अवैध स्मैक अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 08 लाख रूपये बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर अभियुक्त मो0 हसीब पुत्र मो0 सलीम निवासी ग्राम बरेठी थाना देवा व रामजी रावत पुत्र भोला रावत निवासी ग्राम टिकरिया थाना देवा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 78 ग्राम अवैध स्मैक अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 08 लाख रूपये बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना देवा पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## लाभार्थियों से संपर्क के लिए पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सौंपी जिम्मेदारी

**■ 25 फरवरी से 5 मार्च तक भाजपा चलाएगी लाभार्थी संपर्क अभियान**

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** गांव चलो अभियान के बाद भाजपा ने प्रत्येक लाभार्थियों मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या करोड़ो में हैं।प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी बार ऐतिहासिक जीत में लाभार्थी संपर्क अभियान मील का पत्थर साबित होगी।उन्होंने बताया कि यह अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगा।कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता




से संपर्क साधने की तैयारी शुरू कर दी है।गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित करके कार्यकर्ताओं को लाभार्थी संपर्क अभियान के करणीय बिंदु बताए गए।एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार के लाभार्थियों की भूमिका अहम है। को 20 से 40 लाभार्थियों से संपर्क करना होगा।जिसके लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य,सांसद उपेंद्र सिंह रावत,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी,रचना श्रीवास्तव सहित सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान की समीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा जनपद में आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान की समीक्षा संबंधित विभागों के साथ की गई।

जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एमओआईसी प्राथमिकता के आधार पर आयुष्मान कार्ड बनवाएं। उन्होंने इस संदर्भ में आशाओं को संवेदित करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को सभी कोटेदारों को राशन लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित करने हेतु निर्देशित करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को भी पंचायत सहायकों को विशेष निर्देश जारी करने के लिए कहा ताकि ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जा सके।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके माध्यम से लाभार्थी को 5.00 लाख तक कैशलेश और मुफ्त इलाज प्राप्त होता है। इसलिए सभी संबंधित विभाग सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहने पाए।

आयुष्मान भारत की जिला समन्वयक ने बताया कि आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान को 28 फरवरी 2024 तक विस्तारित किया गया है, जो कि पहले 20 फरवरी तक निर्धारित था।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ए.पी. सिंह, डीपीआरओ यावर अब्बास, एसीएमओ डॉ नीरज कन्नौजिया, आयुष्मान जिला समन्वयक डॉ शरणदीप कौर सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## सांसद ने श्री अन्न से बने व्यंजनों का चखा स्वाद, निर्माताओं को किया प्रोत्साहित

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न विभागों के समन्वय से राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत मिलेट्स (श्रीअन्न) रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें होटल सेफ ढ़बे के प्रतिनिधियों के माध्यम से मिलेट्स के तीन श्रेणियां मिष्ठान, नाश्ता एवं मुख्य भोजन तीन श्रेणियों में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से तीनों श्रेणियों के जनपद के विभिन्न होटल/रेस्टोरेण्ट/ढ़बों के मिलेट्स प्रतियोगिता में शामिल कराया गया, जिसके तहत बाराबंकी के 13 होटल/रेस्टोरेण्ट द्वारा श्रीअन्न जैसे रागी, कोदो, सावा, ज्वार-बाजरा, मक्का इत्यादि से बने हुए विभिन्न व्यंजनों को प्रतियोगिता में शामिल किया। मौके पर जिलाधिकारी सतेंद्र कुमार, सांसद उपेन्द्र रावत द्वारा समस्त प्रतियोगी स्थलों का निरीक्षण/अवलोकन करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खाद्य कारोबार कर्ताओं की सराहना की।

## बच्चों की दी गई भावभीनी विदाई



*अवधनामा संवाददाता*

**चिउटहा(महराजगंज)।** निचलौल विकास खण्ड में स्थित जयप्रकाश प्रकाश इण्टर कालेज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक मानवेंद्र सिंह ने मा सरस्वती के प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलित करके किया । विदाई समारोह में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें कक्षा 9 की शान,शालू,खुशी की टोली ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक का संचालन किया जिससे उपस्थित सभी लोगो का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि विदाई सतत चलने वाली प्रक्रिया है जिससे आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मानवेन्द्र सिंह ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य यस के शर्मा व प्रवक्ता कवींद्र नाथ उपाध्याय, मिथिलेश कुमार, हरेंद्र गुप्ता, विष्णुनन्द पटेल, अभिषेक पटेल शिक्षक संदीप यादव, सत्यानंद, मनोज सिंह, प्रीति तिवारी,पूनम गोंड, ममता, प्रियंका, अंजू आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम, सीडीओ की अध्यक्षता में बैंकिंग कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** डी.एल.आर.सी. एवं डी.सी.सी. बैंकिंग कार्यो की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये लीड बैंक अधिकारी एवं सभी शाखा प्रबन्धको को निर्देश देते हुए कहा कि वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करें। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के सी.सी.एल के प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाये। किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण भी शीघ्र स्वीकृत किया जाये। किसी भी योजना के पात्र लाभार्थी को अनावश्यक परेशान न किया जाये। फसलो की क्षतिपूर्ति का भुगतान किसानो को शीघ्र कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सी0डी0 रेसियों व केसीसी एवं फसल बीमा की प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रैमास दिसम्बर वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत बैंको को आवंटित वित्तीय लक्ष्य रू0 4766.36 करोड़ के सापेक्ष रू0 278.38 करोड़ की उपलब्धि रही जो कुल आवंटित लक्ष्य का 58.33 प्रतिशत है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत त्रैमास सितम्बर 2023-24 में समूह का खाता खोलने का वार्षिक लक्ष्य 1083 के सापेक्ष पूर्ति 1088 है एवं सीसीएल लक्ष्य 3909 के सापेक्ष 3302 पत्रावलिया बैंक को प्रेषित की गयी जिसके सापेक्ष 2505 समूहो को सी.सी.एल. स्वीकृत किया गया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना अन्तर्गत शासन से प्राप्त भौतिक लक्ष्य नवीनीकरण हेतु 106036 एवं नया 72234 कुल भौतिक लक्ष्य 178270 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय त्रैमास दिसम्बर 2023 तक बैंको द्वारा कुल नवीनीकरण हेतु 99674 केसीसी एवं नया केसीसी 67178 निर्गत किये गये है। लक्ष्य के सापेक्ष कुल 166852 केसीसी निर्गत किये गये है जो कुल लक्ष्य का 93.59 प्रतिशत है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत पशुपालन एवं मत्स्य पालन तथा दुग्ध उत्पादन हेतु कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंको से इन योजनाओ के अन्तर्गत किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक से दिशा निर्देश जारी किये गये है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत एस.एल.बी.सी. लखनऊ से प्राप्त डाटा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय त्रैमास दिसम्बर 2023 तक प्राप्त कुल आवेदन 20909 के सापेक्ष रु 227.08 करोड़ स्वीकृत/वितरित किया गया है।

## पंडित त्रिलोकी नाथ स्मारक इण्टर कॉलेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव

# अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं: दयाशंकर सिंह

अवधनामा संवाददाता




**अम्बेडकरनगर।** बुधवार को पं त्रिलोकी नाथ स्मारक इंटर कालेज हथिनाराज में प्रतिभा सम्मान समारोह व वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथित प्रदेश शासन के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया । बच्चो सरस्वती वंदना स्वागत गीत दहेज प्रथा कुरीतियां पर आधारित नाटक भक्ति गीत समेत अनेक नाटक व नृत्य प्रस्तुत किया विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जयराम विमल भाजपा जिला प्रभारी भाजपा डा मिथिलेश त्रिपाठी व नगर पंचायत अध्यक्ष बसखारी ओंकार गुप्ता भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी ने कहां की विद्यालय कहां कि ग्रामीण अंचल किस विद्यालय में जो कार्यक्रमों को देखकर लगता है कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं के कमी नहीं है उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों कोआगे बढ़ाने में आपकी महती भूमिका है इसलिए बच्चों पर ध्यान देते हुए इन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें।अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा ने वह विद्यालय के विकास के हमेशा तत्पर रहेंगे। दौरान प्रबंधक सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य संजय यादव ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आर्शीवाद दिया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख अरविंद सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान पांडे अभिषेक निषाद वरिष्ठ नेता अभिषेक कनौजिया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे इस दौरान कक्षा 8 में सर्वाधिक अंक पाने वाले मयंक प्रताप यादव को स्वर्गीय तालुकदार राय स्मृति पुरस्कार कक्षा 10 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली कुमारी शिवांगी पुत्री श्री राम को स्वर्गीय रामसेवक त्रिपाठी स्मृति पुरस्कार कक्षा 12 कला वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मानसी मौर्य को स्वर्गीय राम सहाय यादव स्मृति पुरस्कार कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली सुधांशु त्रिपाठी को स्वर्गीय दिशा पांडे स्मृति पुरस्कार कक्षा 10 में उर्दू विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले अलअछ्स नसीम को स्वर्गीय मुख्तार अहमद अस्मिता पुरस्कार कक्षा 10 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले साद्कीन को स्व मुख्तार अहमद स्मृति पुरस्कार कक्षा 10 में सर्वाधिक गणित में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली सानिया बानो को स्वर्गीय चंद्रभान त्रिपाठी स्मृति पुरस्कार कक्षा 12 में संस्कृत विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मानसी मौर्य को स्वर्गीय पंडित राधेश्याम त्रिपाठी स्मृति पुरस्कार एवं कक्षा 12 में उर्दू विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली सबीना खातून स्वर्गीय मुख्तार अहमद स्मृति पुरस्कार से नवाजा गया इसके अलावा खेल के विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल खिलाड़ियों को भी मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कार्यकर्ताओं ने कंबल देकर किया सम्मानित



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के शोहरतगढ मंडल के मण्डल कार्यकारिणी, सेक्टर अध्यक्ष से लेकर सभी बूथ अध्यक्षों को शोहरतगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सांसद जगदम्बिका पाल, मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री हरिचरण कुशवाहा एवं विनय वर्मा के सभी को कबंल देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष पं0शिवशक्ति शर्मा ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से मण्डल महामंत्री महेश निगम, उपाध्यक्ष राजकुमार मोदनवाल, सुरजीत पाल यादव, सेक्टर अध्यक्ष राघवेन्द्र पुरी, दीपक कौशल, शिव प्रसाद चौबे, दिवाकर पाण्डेय, गुड्डू पाण्डेय, विजया श्रीवास्तव, रेखा अग्रहरी, राजकुमारी पाण्डेय, अरविन्द चौधरी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## पैदल जा रहे व्यक्ति को बाइक ने ठोका तीन घायल

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना ढेबरुआ के अंतर्गत बाइक से और पैदल जा रहे व्यक्ति से भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र बढ़नी पर पहुंचाया। दिन में लगभग 4 बजे दो लोग बाइक पर सवार होकर पचपेड़वा के तरफ से बढ़नी आ रहे थे मडनी चौराहे के पास पहुंचते ही एक व्यक्ति रोड क्रॉस करने लगा जिसमें बाइक से भिड़ंत हो गई जिसमें तीनों लोग घायल हो गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पर इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल पुनीता को तथा बाइक चला रहे विशाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बहुतु थाना कठेला को उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही रोड क्रॉस कर रहे गुरदीन निवासी दुधवनिया खुर्द थाना ढेबरुवा का पैर टूट जाने की वजह से उसको भी जिला अस्पताल भेज दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने बताया की पुनीता के सर में गंभीर चोट लगने की वजह से तथा अन्य दोनों लोगों को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेज दिया गया है।



## पशुओं की टीकाकरण कार्य में तेजी लायी जाये

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस की अध्यक्षता में सी.एम. डैशबोर्ड के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में सी.एम. डैशबोर्ड की विस्तृत समीक्षा के दौरान उन्होने कृत्रिम गर्भाधान कार्य में शिथिलता पाये जाने पर मरवटिया के बी.वी.ओ. का वेतन बाधित किया है। उन्होने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया है कि पशुओं की टीकाकरण कार्य में तेजी लायी जाय तथा समय-समय पर इसकी मानीटरिंग भी की जाय। बैठक के दौरान उन्होने प्रधानमत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, दैनिक विद्युत आपूर्ति, आवस्थापना औद्योगिक विकास, स्टाम्प व रजिस्टेउ्शन, आबकारी, मण्डी, सिंचाई, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, पंचायतीराज, पीडब्ल्यूडी तथा शिक्षा विभाग सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा किया। इस संबंध में उन्होने संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित प्रगति हासिल करने का निर्देश दिया है। उन्होने बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने विभागीय प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए विभाग से सम्बन्धित रैंक में अपेक्षित सुधार लाएं, जिससे जिले की ओवर आल रैंकिग और बेहतर हो सके। उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि सम्बन्धित अधिकारी डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य को अद्यतन रखें।

## अपर परियोजना निदेशक माध्यमिक के साथ अध्ययन यात्रा के तहत गोरखपुर धाम का कराया भ्रमण

**आलापुर अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** अपर राज्य परियोजना निदेशक( माध्यमिक ),समग्र शिक्षा विष्णु कान्त पाण्डेय एवं तद् क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, अम्बेडकरनगर गिरीश कुमार सिंह एवं जिला समन्वयक जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के अदेशानुपालन में राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज, अम्बेडकरनगर के विद्यार्थियों को प्रदेश अन्तर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन यात्रा के तहत दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर तथा गोरखनाथ धाम का भ्रमण कराया गया।विद्यालय के 80 विद्यार्थियों का दल प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव, शिक्षक मुकेश कुमार, राम जतन वर्मा एवं शिक्षक अभिभावक संघ की शिक्षिका अर्चिता गुप्ता की देखरेख में 12 फ़रवरी के प्रातः 9 बजे बस द्वारा गोरखपुर के लिए रवाना हुआ।दल प्रथमतः गोरखपुर विश्वविद्यालय पहुंचकर वहाँ के रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. अनन्त रत्नम और कमलकान्त राव के निर्देशन में विभाग के लैब एवं लाइब्रेरी को देखा तथा उसके बारे में जानकारी हासिल की।इसके बाद गणित विभाग, राजनीति शास्त्र विभाग आदि देखते हुए विश्वविद्यालय के सुन्दर परिवेश में शिक्षणार्थ भ्रमणशील रहा।इसके बाद छात्र-छात्राओं का यह दल गोरखनाथ धाम के मन्दिर में भ्रमण करते हुए अनेकशः जानकारियां अर्जित की।अध्ययन यात्रा के दौरान छात्र-छात्राएं काफी मनोबलित, उत्साहित एवं जिज्ञासु रहीं। प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों की यह शैक्षिक यात्रा काफी ज्ञान प्रदायिनी तथा हितकारी रही।



# राष्ट्रीय हड़ताल के अवसर पर कर्मचारी जुटेंगे बी एन सिंह जी की मूर्ति पर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 16 फ़रवरी को हो रही राष्ट्र व्यापी हड़ताल के लिए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ज़िला शाखा लखनऊ ने जवाहर भवन इन्दिरा भवन, विद्युत सुरक्षा निदेशालय, वाणिज्य कर, पर्यटन विभाग, राज्य संग्रहालय, चिड़ियाघर में सघन जन जागरण अभियान चलाया। इस अभियान में कर्मचारियों की प्रमुख मांगे पीएफआरडीए कानून रद्द करो, पुरानी पेंशन बहाल करो। ओपीएस लागू करने वाले राज्यों को जमा की राशि वापस करो। कर्मचारी पेंशन स्कीम (ईपीएस-95) के तहत आने वाले कर्मचारियों को परिभाषित लाभ पेंशन स्कीम मे लाया जाए। ठेका संविदा /आउटसोर्स / दैनिक वेतनभोगी नियुक्तियां बंद करो। सभी ठेका संविदा कर्मचारियों को नियमित करो। राज्य सरकारें, विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सभी रिक्तियों को तत्काल भरो। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण /निगमीकरण और सरकारी विभागों को सिकोड़ना बंद करो। हर पांच साल में एक बार आवधिक वेतन संशोधन लागू करो। 18 महीनों के लिए जब्त किए गए डीए / डीआर बकाया सहित सभी लंबित डीए/डीआर जारी करो। पर कर्मचारी समुदाय ने अपना समर्थन दिया हड़ताल को सफल बनाने के लिए स्व0 बीएन0 सिंह जी मूर्ति स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर आम सभा मे शामिल होकर माननीय प्रधान मंत्री व माननीय मुख्यमंत्री जी कि जिलाधिकारी के माध्यम से मांग पत्र भेजा जाएगा। इस हड़ताल में राज्य सरकार केन्द्र सरकार बिजली विभाग मुख्य रुप से शामिल हो रहा है। जनजागरण अभियान में मुखदय रुप से जितेन्द्र श्रीवास्तव, रंजीत कुमार, विनोद चौधरी, अफ़ीफ़ सिद्दीकी, विजय लोधी कुसुम मिश्रा, जितेन्द्र कुमार, परवेज अहमद, कमला देवी सहित कर्मचारी शामिल रहे।

# इंस्पायर अवार्ड योजना में जनपद के कुल 12 छात्रों का चयन

अवधनामा संवाददाता

- विज्ञान प्रोजेक्ट बनाने के लिए 10-10 हजार रुपये की मिलेगी धनराशि
- पहली बार जनपद और मंडल में सर्वाधिक बच्चों का हुआ चयन

**सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग में विज्ञान एवं प्रौधोगिकी मंत्रालय के चलाए जा रहे विज्ञान में नवप्रवर्तन कार्यक्रम इंस्पायर अवार्ड योजना में जनपद के कुल 12 छात्रों का चयन हुआ है। बस्ती मंडल के तीनों जिलों में सर्वाधिक बच्चों का चयन जिले से हुआ है। इनके बनाए विज्ञान प्रोजेक्ट का चयन अगले चरण की प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। इन मेधावी छात्रों की वजह से जिले को मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

सभी छात्रों को विज्ञान प्रोजेक्ट बनाने के लिए शासन की ओर से 10-10 हजार रुपये की धनराशि भी दी जाएगी। ऐसे छात्र जो कक्षा छह से 10वीं तक के छात्र हैं, उनमें विज्ञान की नवाचारिता व नवप्रवर्तन को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने यह योजना चलाई है। जनपद के विभिन्न माध्यमिक, राजकीय, पूर्व माध्यमिक, जवाहर नवोदय विद्यालय व सीबीएससी बोर्ड के विभिन्न विद्यालयों में आनलाइन पंजीकरण अभियान चलाकर शिक्षकों ने छात्रों का पंजीकरण कराया था। पूरे जिले से कुल लगभग पांच सौ छात्रों का पंजीकरण कराया गया। जिसमें से 12 नवप्रवर्तन विचारों का चयन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रदेश निर्णायक मंडल के सदस्यों ने किया है। चयनित हुए छात्रों में विकास इंटर कॉलेज खेसरहा की प्रतिमा, महामना मालवीय इंटर कॉलेज बरगदवा की नेहा और रामदेव प्रजापति, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डुमरियागंज की सुमन, आरबी इंटर कॉलेज बढ़नी चाफा की शीलू, शालिनी यादव, जेपी मिश्रा इंटर कॉलेज मड़वा के सतीश शर्मा, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरवा की लक्ष्मी देवी, जनता इंटर कॉलेज बनियाडीह के रितेश, मुस्लिम हायर सेकेंड्री इंटर कॉलेज महदेइया की श्वेता गुप्ता, शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ के सूर्यधर द्विवेदी, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तेतरी बाजार की साक्षी श्रीवास्तव शामिल हैं। अगले चरण में जल्द ही गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रमों में इन बच्चों को उपकरण की प्रस्तुति देनी होगी। इन बच्चों के चयन पर जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की है। इंस्पायर अवार्ड मानक के जिला नोडल डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड योजना में जनपद के कुल 12 छात्रों का चयन हुआ है। बस्ती मंडल के तीनों जिलों में सर्वाधिक बच्चों का चयन इस जनपद से हुआ है। बस्ती से 10 और संतकबीरनगर से नौ बच्चों का चयन हुआ है।

# निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षित हुए शिक्षक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ब्लाक संसाधन केन्द्र भनवापुर क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का बुनियादी शिक्षा व संख्या आधारित ज्ञान (फाउंडेशनल लिट्रेसी एण्ड न्यूमेरेसी) के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे बैच के तीसरे दिन निपुण बनाने पर ज़ोर दिया गया। सन्दर्भदाताओं यथा कपिल तिवारी, वेद प्रकाश,के के मिश्र ने शिक्षकों को विद्यालय के बच्चों को भाषा व गणित में बच्चों के निपुण बनाने के लिए विभिन्न विधियों को बताया, गया। भाषा व गणित के आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका का उपयोग करते हुए कक्षा शिक्षण को प्रभावी बनाने, प्रिन्ट रिच सामग्रियों के शिक्षण योजना निर्माण, साप्ताहिक व वार्षिक शिक्षण योजना के क्रियान्वयन, कालांश संचालन और आकलन व ट्रैकर को भरने आदि का तरीका बताया गया। प्रभावी शिक्षण व कक्षा प्रक्रिया के साथ टीम बिल्डिंग, आत्मीय सम्बन्ध आदि के बारे में भी बताया गया। प्रतिभागियों द्वारा भाषा व गणित विषय आधारित गतिविधि व समूह कार्य प्रदर्शन भी किया। तीसरे बैच के प्रशिक्षण में दो कमरों में कुल सौ प्रतिभागी शिक्षक शामिल रहे। इस दौरान संदीप सलीम नवीन त्रिलोकी परमात्मा अमरावती नवनीत सुमित्रा नंदन पूनम ज्ञानदास योगेंद्र हबीब ओम प्रकाश राम सहाय रेखा शम्स सरोज प्रियंका प्रिया आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# डीएम ने किया बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा, दिया आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह भ्रमणशील रहकर नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें।

विद्यालयों में स्मार्ट क्लास व अन्य माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प के अन्तगर्त मूलभूत सुविधाओं से संतृप्तकरण की स्थिति के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा परिवार सर्वेक्षण में विकास खण्ड खेसरहा एवं नौगढ़ की प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये खण्ड शिक्षा अधिकारी खेसरहा एवं नौगढ़ को प्रगति ठीक करने का निर्देश दिया।

कहा कि जिन विद्यालयों में शौचालय नही बना है वहां पर शौचालय निर्माण समय से पूर्ण करायें। विद्यालयों में पढ़ रहे जिन छात्र/छात्राओ का आधार कार्ड नही बना है उनका बी.आर.सी. पर आधार कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। सभी स्कूलों में बेंच, पेयजल, बाउन्ड्रीवाल आदि पूर्ण होना चाहिए। यू-डायस पोर्टल पर 100 प्रतिशत फीडिंग पूर्ण करायें। नामांकन के सापेक्ष छात्र/छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया। बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डा0 संजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिाकरी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय पर लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारियों में जुट गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने बस्ती कार्यालय में एक दिवसीय लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में बस्ती लोकसभा क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थनाथ सिंह मुख्यअतिथि के रूप से शामिल हुए और कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उन्हें संगठन को मजबूत करने की टिप्स दी। **घर-घर जाएंगे भाजपा कार्यकर्ता**-बस्ती लोकसभा क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर भाजपा कार्यकर्ता हर घर जाएंगे और मोदी सरकार को 2024 में फिर दोहराएंगे। उन्होंने बताया कि आज पूरे देश में 25 करोड़ लाभार्थी हैं, जिन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है। इनमें 8 से 9 करोड़ लोगों ने 1 से ज्यादा अधिक योजनाओं का भरपूर लाभ प्राप्त किया है। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने सभी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का आह्वान करते हुए सभी को एकजुट होकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कार्यशाला में लोकसभा संयोजक केडी चौधरी, विधायक अजय सिंह, संजय चौधरी, दयाराम चौधरी, राजेंद्र नाथ तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष यशकांत सिंह, पवन कसौधन, प्रेम सागर त्रिपाठी, विवेकानन्द वर्मा, अनूप खरे, दया शंकर मिश्रा, राजेश पाल चौधरी, आनंद सिंह कलहंस, राजेंद्र गौड़, राना नागेश सिंह, जगदीश शुक्ला, सुखराम गौड़, रवि सिंह, रोली सिंह, श्रीश पाण्डेय, राकेश श्रीवास्तव, रघुनाथ सिंह, राधेश्याम कमलापुरी, दिलीप भट्ट, अभिषेक सिंह, समीर कुमार, संतोष पाण्डेय, राजेंद्र राजभर, दुर्गेश कुमार अग्रहरि, विवेकानन्द शुक्ला, अंकित पाण्डेय, राजेश त्रिपाठी, राजेश कमलापुरी, जतिन गौड़, बच्चा लाल चौधरी, आदि मौजूद रहे।

## गांवो में स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 की जागरूकता गाड़ियो को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** खंड विकास कार्यालय से गुरुवार को स्वच्छ भारत अभियान फेज-2 के जागरुकता प्रचार गाडियों को ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे व खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज ने फीता काट व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्टाल का अवलोकन भी किया। इसके पूर्व टीम ने ब्लाक कर्मचारियो व क्षेत्र के लोगों को नुक्कड नाटक के माध्यम से स्वच्छता अपनाने का तरीका बताए।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत चयनित एजेंसी जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट महाराजगंज द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही साथ हाथ धुलने के तरीके, तूथ ब्रश करने, शौचालय को स्वच्छ रखने, गांव व घरो मे झाडू लगाने और खुद को स्वच्छ रखने के बारे मे बताया। इसके साथ ही शौचालय को उपयोग मे लाने व खुले मे शौच करने से नुकसान के बारे मे बताया।

लोगों को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख ने कहा कि जिस तरह ब्लाक परिसर मे नाटक दिखा कर जागरूक करने कार्य कर रहे है उसी तरह गांवों में जा कर ग्रामीणों को जागरूक करे। जिससे अधिक से अधिक लोगों को जानकारी मिल सके। खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता अभियान के प्रचार प्रसार मे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएं। इसकी निगरानी ब्लाक कर्मियो से कराया जाएंगा। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत सुबाष, चंद्रशेखर सिंह, महेंद्र यादव, घनश्याम, रवि प्रकाश पांडेय, दीपक श्रीवास्तव, बृजेश दुबे, इंद्र कुमार चौधरी, प्रकाश यादव, पंकज पांडेय, ओमकार चौधरी, रमेश चौधरी, सचिन चौधरी, शैलेंद्र राव, रविंद्र अग्रहरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मोदी मैजिक

कतर में आठ पूर्व नौ सैनिको की रिहाई मोदी के जादुई कूटनीति विदेशनीति और मध्य पूर्व देशो से बनाये गये अच्छे सम्बन्धो तथा कतर से जुड़े आपसी हितो को जाता है। विश्व पटल पर उनका बढ़ता कद भी एक कारक की तरह मदद करता है। सैनिको के परिवार और देश के लोगो की इस मसले पर देख जान अटकी हुई थी, बसन्त के पर्व के साथ इनका सबका भी बसन्त आ गया। विरोध पक्ष कितना भी सर कूटे कितनी भी यात्रायें निकाले इस अन्तराष्ट्रीय उपलब्धि के सामने सब फीका है। भारत के डिप्लेमेट और डिप्लोमेसी उरोज पर है। इन पूर्व नेवीसैनिको के 22 तारीख के अगस्त में कथित जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वे वहां एक निजी कम्पनी में काम कर रहे थे जो इजराइली कम्पनी है।

उन पर इजराइल के लिये जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने उन्हें फांसी की सज़ा सुनाई थी। इन्हें मृत्यु दन्ड तब मिला था जब फिलिस्तीन और इजराइल के बीच युद्ध शुरू हो गया था। भारत ने इजराईल के पक्ष में समर्थन दिया था। हमास के कुछ लोग कतर के मेहमान है। कतर की सहानुभूति फिलिस्तीन के पक्ष में है। इस तरह भारत के लिये विपरीत परिस्थिति बन गई थी। ऐसी विपरीत स्थिति में मृत्यु दन्ड माफ करवाकर रिहाई दिलवाना मोदी का जादुई करिश्मा कहा जायेगा। पहले इन भारतीयों को कैद की सज़ा मिली थी। अलग अलग अवधि के लिये इको सज़ा मिली थी। एक को आजीवन कैद की सज़ा मिली थी। सात भारतीय तो एक साथ लौट आये थे। एक जिसे आजीवन की सज़ा मिली थी कानूनी औपचारिकताओं में फंस गया था वह बाद में आ गया।

कई कारक थे जो मिलजुल कर प्रभाव डाल रहे थे जिसकी वजह से भारत ने भारतीयों को छोड़ने की सहमति बनाई। मोदी का विश्वस्तर पर बढ़ता वर्चस्व, मध्यपूर्व में साऊदी अरब ओमान संयुक्त अरब, अमीरात कतर और कुवैत साथ पहले से चल रहे अच्छे सम्बन्ध व्यापारिक सम्बन्ध सबने मिलकर भारत के लिये अनुकूल परिस्थिति पैदा कर दी रिहाई का नतीजा सामने आया। कतर में आठ लाख भारतीय वहां की विभिन्न कम्पनियों में काम कर रहे है। उपरोक्त देशो के साथ भारत के व्यापारिक सम्बन्ध लगातार बढ़ते जा रहे है। पिछले दिनो भारत और कतर के बीच 78 बिलियन डालर का एलएनजी समझौता हुआ है। समझौता 2048 तब वैध रहेगा। यह एलएनजी सस्ते कीमतों पर हुई है।

बता दें कि एलएनजी का इस्तेमाल बिजली उर्वक बनाने लिये किया जाता है। फिर इसे सीएनजी बदलने में लगा दिया जाता है। व्यापरिक दृष्टि में महत्वपूर्ण और सस्ता दर होने को फायादेमन्द समझौता है। इससे दोनो की नजदीकियो और बढ़ेगी। दोस्ती परवान चढेगी। क्योकि आपसी हित ही वैश्विक सम्बन्धो की धुरी होती है। मोदी की विश्व पटल पर स्वीकारिता और उनके कूटनीति के कौशल का ज्वलन्त उदाहरण है। दो तीन दिन पहले ही मोदी संयुक्त अरब अमीरात में थे। संयुक्त अरब अमिरात में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक हिन्दू मन्दिर के उदघाटन में शामिल हुये। समारोह में उपस्थित होना एक बड़ी सफ्लता का संकेत है। मध्य पूर्व के कुछ देश भारत के साथ सहानुभूति नही रखते है। वे भारतीय हितो का विरोध करते रहते है। अगर मोदी उनके विरोधी रवैया की घार कुन्द कर पाते है तो उनके और भारत के लिये बड़ी सफ्लता गिनी जायेगी। दिनोदिन हर क्षेत्र में राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय क्षितिज पर मोदी की फैलती कुशलता का ग्राफ अवश्स्त करते है सबको भारत के हित में मोड़ लेगे और विरोधियों को भी मित्र बना लेगे। अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्ध आपसी लेन देन पर बनते है। कतर से लौटे भारतीयों को बधाई। बसन्त उन्हें और उनके परिवार को बसन्ती कर दें। मोदी मैजिक को सलाम।

## शेख़ हसीना सफलताओं से पाँचवीं बार भी बनी प्रधानमंत्री

बंगला देश के स्वर्गवासी राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की पुत्री शेख़ हसीना का जन्म 28 सितम्बर 1947 को पूर्वी बंगाल के तंगी पारा के गोपालगंज में हुआ। उनकी माता का नाम, फज़ीलतुन्निसा था। उनका विवाह सन् 1968 में, एम0ए0 वाजिद मियां, के साथ हुआ, जो बंगाली वैज्ञानिक थे। आगे चल कर सन् 2009 में वाजिद मियां का स्वर्गवास हो गया। शेख हसीना की सन्तानों में पुत्र का नाम नजीब और पुत्री का नाम साएमा है। उन्होनें ढ़ाका विश्वविद्यालय के इण्डियन मोहिला कालेज से शिक्षा प्राप्त की। ढ़ाका विश्वविद्यालय में अपनी छात्र अवधि के दौरान, वर्ष 1960 के अन्त में शेख़ हसीना ने राजनीति की शुरूआत की, एवं पाकिस्तान सरकार के विरूद्ध अपने देश की स्वतन्त्रता हेतु, अपने पिता का साथ देना शुरू कर दिया। इसी सहयोग के क्रम में शेख हसीना को, अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ प्रायः हिरासत में भी रहना पड़ता था। बंगाल देश की राजनीति को सकारात्मक दिशा देने के पश्चात् शेख हसीनाबंगला देश से सम्बद्ध पूरे विश्व की इकलौती ऐसी महिला बन गयी जो पांच बार, बंगला देश की प्रधानमंत्री रहीं, तथा उनकी पार्टी ने पांच सौ सीटों में से 223 सीटों पर शानदार जीत हासिल की। विदित हो कि जब 15 अगस्त 1975 को भारत में स्वतन्त्रता दिवस के आयोजन किये जा रहे थे। उसी दिन प्रातः ढ़ाका में गली नं0 12 और गली नं0 11 के मध्य घनमोड़ी के बंगला नं0 32 के समीप, सैनिक हलचल तेज हो गयी, गोलियां चलने की आवाजें सुनी गयी। यह बंगला उस समय, बंगला देश के तत्कालीन राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान का था। वहाँ उस समय, परिवार के बीस सदस्य मौजूद थे। वास्तव में यह सारा कुछ बंगला देश सेना द्वारा शेख मुजीबुर्रहमान की सरकार के तख़्ता पलट के अन्तर्गत, की जा रही कार्यवाही के रूप में घटित बगावत के तौर पर जारी दमन प्रक्रिया का हिस्सा था। इस क्रम में सैनिक उनके घर में घुसे और घर के बाहर उन्हें लाकर अट्ठारह गोलियां तब तक मारी जाती रहीं, जब तक कि उनकी मृत्यु नहीं हो गयी। बंग बन्धु शेख़ मुजीब की हत्या के समय, वहां मौजूद परिवार के अन्य बीस सदस्यों को भी मौत के घाट उतार दिया गया। अन्तोगत्वा शेख मुजीब की दो बेटियां जीवित बच गयी थी जो उस समय उनके साथ न होकर पढ़ाई के सिलसिले में जर्मनी में थी। जहाँ फोन की घन्टी बजी, और बड़ी पुत्री शेख़ हसीना द्वारा फोन उठाने पर, उन्होनें यह दुखद समाचार सुना। मगर बंगला देश के बदतरीन हालात की जानकारी के बाद, दोनों बहनें माता-पिता के अन्तिम दर्शन हेतु भी बंगला देश जा पाने का साहस नहीं जुटा पायीं। बंगला देश के अन्दर जारी तत्सामायिक दमन कार्यवाही के चलते, शेख़ हसीना को बंगला देश से तड़ी पार कर दिया गया। घटना को दृष्टिगत रखते हुये, भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरागांधी ने परिवार प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुये, शेख हसीना को राजनीतिक शरण दिये जाने का प्रस्ताव रखा, जिसके पश्चात् शेख हसीना ने दिल्ली आकर लाजपतनगर क्षेत्र के विंग रोड स्थित एक धर में अपनी पहचान बदल कर रहने का निर्णय लिया। समय व्यतीत होने के साथ जब बंगला देश में हालात सामान्य हो जाने की सम्भावनाओं को बल मिलने लग गया, तब शेख हसीना ने बंगला देश जाने के लिये भारत से प्रस्थान किया परन्तु वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, और उन्हें छः वर्षो तक हिरासत में रहना पड़ा। इस बीच शेख मुजीबुर्रहमान की शहादत को याद कर उनसे सहानुभूति के चलते, वहां के लोगों ने शेख़ हसीना को बंगला देश आवामी लीग का अध्यक्ष चुन लिया। इस प्रकार उन्होनें अपने स्वर्गीय पिता द्वारा बनाई गयी आवामी लीग का पुर्नउद्धार किया, और उसके उत्थान में जी जान से जुट गयी। आख़िर उनके प्रयास सफ्ल हुये तथा आवामी लीग के अध्यक्ष के रूप में उन्हें सफ्लता मिली, और उन्होने पहली मरतबा सन् 1996 में बंगला देश की प्रधानमंत्री का पद सम्भाला, और यह क्रम लगातार पांचवी बार तक जारी है।



मुहम्मद क़मर ख़ाँ

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

वास्तव में पूर्व की हमारी सरकारें पश्चिम एशिया और पर्शियन गल्फ को कम महत्व देती थीं, लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए हैं, तब से माहौल बदला है। भारत अपना कूटनीतिक समय और प्रभाव इन जगहों पर खर्च नहीं करता था। अब वह गलती सुधारी जा रही है। मई 2014 में प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद जो पहला विदेश दौरा नरेंद्र मोदी ने किया, वह भूटान का था और दूसरा दौरा यूएई का किया। शुरू से ही उन्होंने यह स्पष्ट रखा कि पश्चिम एशिया और अरब देशों से संबंधों के मामले में वह नया अध्याय जोड़ने जा रहे हैं। कतर से हमारे संबंध पुराने और बेहतरीन रहे हैं।

# मौत के मुंह से वापस, बड़ी कूटनीतिक जीत



राजेश माहेश्वरी

कतर में मौत की सजा से रिहाई पाने वाले पूर्व भारतीय नौसैनिक भारत लौट आए। पूर्व सैनिकों की रिहाई को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। कतर में मौत की सजा पाने वाले इन आठ भारतीयों को दोहा की एक अदालत ने रिहा कर दिया था। इन भारतीयों की रिहाई में भारतीय विदेश मंत्रालय ने अहम भूमिका निभाई थी और मौत की सजा को जेल की सजा में परिवर्तित करवाया था।

दरअसल, ये सभी सैनिक दोहा स्थित अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ काम करते थे। ये कंपनी सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। पिछले साल 28 दिसंबर को कतर की एक अदालत ने इन्हें जासूसी के आरोप में मौत की सजा सुना दी थी। इसके बाद भारत सरकार एक्टिव मोड में आ गई और इन्हें राजनयिक तौर पर सहायता दी गई। भारत की अपील के बाद मौत की सजा को तीन साल से लेकर 25 साल तक की जेल की सजा सुनाई गई। भारत की पैरवी और पीएम मोदी के हस्तक्षेप के बाद इन सभी भारतीयों को रिहा कर दिया गया। रिहा हुए पूर्व सैनिकों में कैप्टन नवतेज गिल और सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा और सुगुनाकर पकाला और नाविक रागेश शामिल हैं। कैप्टन नवतेज गिल को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था। उन्होंने नौसेना अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बाद में तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में प्रशिक्षक के रूप में कार्य किया। इन सभी आठों पूर्व भारतीय नौसैनिकों को बीते साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। इन पर कतर की जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, इन भारतीयों पर इजरायल के लिए कतर के सबमरीन प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी जुटाने का आरोप था। भारत ने पहले कतर की छोटी अदालत द्वारा दी गई मौत की सजा पर चिंता व्यक्त की थी और इसे गलत बताया था। सरकार ने सभी अधिकारियों की मदद के लिए कानूनी विकल्पों पर विचार करने का वादा किया था। इसके बाद भारत ने मौत की सजा के खिलाफ कतर की अपील अदालत का रुख किया। 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने मौत की सजा को कम कर दिया और उन्हें जेल की सजा सुनाई। इस बीच नौसेना के पूर्व अधिकारियों के चिंतित परिजनों ने उनकी रिहाई और उनकी सुरक्षित वतन वापसी की गुहार लगाई। जिसके बाद विदेश मंत्रालय ने आश्वासन दिया था कि वह सभी राजनयिक चौनलों को जुटाएगा और उन्हें वापस लाने के लिए कानूनी सहायता की व्यवस्था करेगा। कतर अदालत के फैसले को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत भी माना जा रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह दुबई में सीओपी28 शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कतर के अमीर शेख



तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ मुलाकात के कुछ हफ्तों बाद आया है। तब पीएम मोदी ने कहा था कि उन्होंने कतर में भारतीय समुदाय की भलाई पर चर्चा की थी।

दोनों नेताओं के बीच ये मुलाक़ात इसलिए अहम मानी गई थी क्योंकि उस समय ये भारतीय पूर्व नौसैनिक क़तर की जेल में बंद थे। भारतीयों को मिली मौत की सज़ा पर भारत ने कहा था कि वह स्तब्ध है और सभी क़ानूनी विकल्पों पर काम कर रहा है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इन आठ भारतीयों के परिवारों से भी मुलाक़ात की थी। केंद्र की मोदी सरकार पर लगातार इन आठ पूर्व नौसैनिकों की रिहाई के लिए दबाव बन रहा था। कांग्रेस, एआईएमआईएम और अन्य विपक्षी पार्टियां इन भारतीयों को जल्द भारत वापस लाने की मांग कर रहे थे। वास्तव में पूर्व की हमारी सरकारें पश्चिम एशिया और पर्शियन गल्फ को कम महत्व देती थीं, लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए हैं, तब से माहौल बदला है। भारत अपना कूटनीतिक समय और प्रभाव इन जगहों पर खर्च नहीं करता था। अब वह गलती सुधारी जा रही है। मई 2014 में प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद जो पहला विदेश दौरा नरेंद्र मोदी ने किया, वह भूटान का था और दूसरा दौरा यूएई का किया। शुरू से ही उन्होंने यह स्पष्ट रखा कि पश्चिम एशिया और अरब देशों से संबंधों के मामले में वह नया अध्याय जोड़ने जा रहे हैं। कतर से हमारे संबंध पुराने और बेहतरीन रहे हैं। अगर हम देखें तो कतर की 30 फीसदी जनसंख्या तो भारतीय प्रवासियों की है। वहां जो श्रमिक वर्ग है या ब्लू कॉलर्ड वर्ग है, वह कतर जाते-आते रहते हैं। खासकर राजस्थान, केरल और कर्नाटक से वहां बहुत लोग जाते हैं। अगर हम बारीकी से देखें तो पाएंगे कि यह कूटनीतिक सफलता भारत के लिए आदत बनती जा रही है।

कतर के अलावा अफगानिस्तान से भी भारत ने बड़ी कूटनीति और चालाकी से अपने नागरिकों को निकाला। कीव और मारियोपोल में भी भारतीय नागरिकों को बड़ी चतुराई से भारत ने निकाला। मारियोपोल में पुतिन ने भारतीय विद्यार्थियों को सेफ पैसेज दिया और पोलैंड, लाटविया और लिथुआनिया में हमारे पांच केंद्रीय मंत्री इंतजार कर रहे थे और यूक्रेन-संकट के दौरान भी वे निकाल कर लाए। यह भारत और प्रधानमंत्री की कूटनीतिक चालाकी है। इसमें यह भी एक मुद्दा गौर करने का है कि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान इस षडयंत्र में शामिल था, ऐसी भी आशंका जताई गयी है, क्योंकि पाकिस्तान भी कतर में काफी निवेश करता है। उसके पर्व त्योहार और छुट्टियों में भी पाकिस्तानी अधिकारी जाते हैं, साथ ही पाकिस्तान इस तरह के षडयंत्र में रहता भी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नेहरूवादी विदेश-नीति के दौर से हम आगे निकल चुके हैं। पहले हमारी नीति प्रतिक्रियावादी होती थी। जब तक भारत को बिल्कुल ही कोने में धकेला नहीं जाता था। एक शब्द अंग्रेजी का है- प्रीएम्पशन, जिसका अर्थ होता है- पहले से तैयार रहना। नयी दिल्ली पहले इसका इस्तेमाल नहीं करती थी और इसका एक कूटनीतिक शस्त्र की तरह प्रयोग तो बहुत दूर की बात थी. देखा जाए तो मोदी और विदेश मंत्रालय ने प्रयत्न कर अपने संबंध अमेरिका और तेल से ऊपर उठ कर इन देशों से बनाए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि कतर उनके दूसरे घर की तरह है। जो पहले की सरकारें थीं, वे तेल और अमेरिका के संदर्भ में ही पश्चिम एशिया और अरब देशों को देखते थे। इसकी पृष्ठभूमि नरेंद्र मोदी और सुषमा स्वराज ने तैयार किया। इसके चलते आज हम बहुत आसानी से नौसेना के पूर्व-अधिकारियों को वापस ले आ सके हैं। इन पूर्व-अधिकारियों ने तो प्रोटोकॉल तोड़ते हुए सीधा स्वीकार भी किया है कि अगर पीएम मोदी का सीधा हस्तक्षेप नहीं होता, तो उनकी वापसी मुमकिन नहीं थी। एक बात टाइमलाइन की भी है। इन अधिकारियों की मौत की सजा को पहले विदेश मंत्रालय ने बदलवाकर लंबी कैद में करवाया, फिर इनको वापस लाने में सफल हुए। भारत ने पहले से सोचा कि ऐसी मुश्किलें आ सकती हैं और कतर की सफलता एक मील का पत्थर है। कतर से आठ पूर्व नौसेनिकों की रिहाई की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद संभाल रखी थी। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को छह बार गुपचुप कतर भेजा।

# विश्व का एक अनूठा त्यौहार है मर्यादा महोत्सव

मर्यादा-महोत्सव दुनिया का अनूठा उत्सव है। तेरापंथ की गतिविधियों का नाभि केंद्र है। मर्यादा महोत्सव का केन्द्रीय विराट आयोजन संघ के अधिशास्ता की पावन सन्निधि में समायोजित होता है। इस वर्ष आचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य में 160वां मर्यादा महोत्सव वाशी (महाराष्ट्र) में 14-16 फरवरी, 2024 आयोजित हो रहा है, इसकी पृष्ठभूमि चातुर्मास की समाप्ति के साथ ही शुरु हो जाती है। प्रस्तुत वर्ष का मर्यादा महोत्सव कहां मनाना है यह घोषणा आचार्य प्रवर द्वारा काफी समय पहले ही हो जाती है।



ललित गर्ग

जीवन का पड़ाव चाहे संसार हो या संन्यास, सीमा, संयम एवं मर्यादा जरूरी है। मर्यादा जीवन का पर्याय है। धरती, अंबर, समन्दर, सूरज, चांद-सितारें, व्यक्ति, धर्म एवं समाज सब अपनी-अपनी सीमाओं में बंधे हैं। जब भी उनकी मर्यादा एवं सीमा टूटती है, प्रकृति प्रलय एवं समाज अराजकता में परिवर्तित हो जाता है। इसी मर्यादा की सीख देने वाले धर्म, धर्मगुरु एवं धर्म-संगठन जिस तरह मर्यादाहीन होते जा रहे हैं, वह एक गंभीर स्थिति है। जबकि किसी भी धर्मगुरु, संगठन, संस्था या संघ की मजबूती का प्रमुख आधार है-मर्यादा। यह उसकी दीर्घजीविता एवं विश्वसनीयता का मूल रहस्य है। विश्व क्षितिज पर अनेक धर्म संघ, संप्रदाय, संस्थान उदय में आते हैं और काल की परतों तले दब जाते हैं। वही संगठन अपनी तेजस्विता निखार पाते हैं, जिनमें कुछ प्राणवत्ता हो, समाज के लिए कुछ कर पाने की क्षमता हो। बिना मर्यादा, संयम और अनुशासन के प्राणवत्ता टिक नहीं पाती, क्षमताएं चुक जाती हैं। मर्यादा धर्म संगठनों का त्राण है, प्राण है, जीवन रस है। अंधियारी निशा में उज्ज्वल दीपशिखा है। समंदर के अथाह प्रवाह में बहते जहाज के लिए रोशनी की मीनार है।

तेरापंथ धर्मसंघ एक प्राणवान संगठन है और उसमें मर्यादाओं का सर्वाधिक महत्व है। इसके आद्य प्रवर्तक आचार्य भिक्षु ने तत्कालीन समाज की दुर्दशा एवं अनुशासनहीनता को देखते हुए मर्यादाओं का निर्माण किया। न केवल साधुओं के लिये बल्कि श्रावकों-श्रद्धालुओं के लिये भी नियम बनायें। सम्यक् श्रद्धा और आचार शुद्धि को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने मर्यादा की लक्ष्मण रेखा बनाई। आचारनिष्ठा, विचार शुद्धि, संगठन की सुघड़ता एवं सुव्यवस्था ही उनका प्रमुख ध्येय था। धर्म-संगठन की सुदृढ़ता व चिरजीविता का रहस्य है इसकी मर्यादाएं। मर्यादाओं की सुदृढ़ प्राचीर में संघ की इमारत अपनी सुरक्षा व खूबसूरती को कायम रखे हुए है। तेरापंथ की मर्यादाओं के सन्दर्भ में कहा जाता है कि वह बिखराव को समेटती है, उच्छृंखलता को अंकुश देती है, समय का प्रबन्धन करती है, शक्तियों का सही दिशा में नियोजन करती है, जीवन को आत्मानुशासन से संवारती है।

तेरापंथ धर्मसंघ की एकता, संगठन, अनुशासन और मर्यादा का प्रतीक है-मर्यादा महोत्सव। पर्वों, उत्सवों एवं त्यौहारों की दुनिया में यह एक निराला त्यौहार है। विश्व भर में अनेक उत्सव, पर्व या कार्यक्रम मनाए जाते हैं। जन्म दिवस और निर्वाण दिवस के आयोजन होते हैं। पर मर्यादा महोत्सव मनाने की परंपरा तेरापंथ की अपनी मौलिकता है, विशेषता है। संघ की वैधानिक, संगठनात्मक और सांस्कृतिक प्रवृत्तियों का केंद्र है-मर्यादा महोत्सव। साधु-साध्वियों एवं समण-समणियों की सारणा-वारणा, सार-संभाल का समय है-यह महोत्सव। चातुर्मास की नियुक्ति व पूर्व वर्ष के सिंहावलोकन का काल है-इस उत्सव का समय। मर्यादा की धाराओं की पुर्नउच्चारण व पुनार्भिव्यक्ति का



माध्यम है-मर्यादा महोत्सव। मर्यादा-महोत्सव दुनिया का अनूठा उत्सव है। तेरापंथ की गतिविधियों का नाभि केंद्र है। मर्यादा महोत्सव का केन्द्रीय विराट आयोजन संघ के अधिशास्ता की पावन सन्निधि में समायोजित होता है। इस वर्ष आचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य में 160वां मर्यादा महोत्सव वाशी (महाराष्ट्र) में 14-16 फरवरी, 2024 आयोजित हो रहा है, इसकी पृष्ठभूमि चातुर्मास की समाप्ति के साथ ही शुरू हो जाती है। प्रस्तुत वर्ष का मर्यादा महोत्सव कहां मनाना है यह घोषणा आचार्य प्रवर द्वारा काफी समय पहले ही हो जाती है। देश-विदेश में विहार और धर्म प्रचार करने वाले सैंकड़ों साधु-साध्वियां और समण-समणियां महोत्सव स्थल पर गुरु सन्निधि में पदयात्रा करते हुए पहुंच जाते हैं। गुरु दर्शन करते ही अग्रगण्य साधु-साध्वियां स्वयं के पद को और स्वयं को विलीन कर विराटता का अनुभव करते हैं। मर्यादा महोत्सव तेरापंथ का महाकुंभ मेला है। इसका आयोजन तीन दिवसीय होता है और इस अवधि में शिक्षण-प्रशिक्षण, प्रेरणा-प्रोत्साहन, अतीत की उपलब्धियों का विहंगावलोकन, भावी कार्यक्रमों का निर्धारण आदि अनेक रचनात्मक प्रवृत्तियां चलती हैं। सब साधु-साध्वियां अपने वार्षिक कार्यक्रमों और उपलब्धियों का लिखित और मौखिक विवरण प्रतिवेदित करते हैं। श्रेष्ठ कार्यों के लिए गुरु द्वारा विशेष प्रोत्साहन मिलता है। कहीं किसी का प्रमाद, मर्यादा के अतिक्रमण का प्रसंग उपस्थित होता है तो उसका उचित प्रतिकार होता है। संघ की यह स्पष्ट नीति है कि किसी की कोई गलती हो जाए तो उसको न छुपाओ, न फैलाओ, किन्तु उसका सम्यक् परिमार्जन करो, प्रतिकार करो।

प्रकृति का कण-कण हमें मर्यादा की बात सिखा रहा है। अपेक्षा है, मानव अनुशासन और मर्यादा को अपनाकर जीवन को संवारे। मर्यादा-महोत्सव का यह पावन अवसर सबको यही संदेश देता है कि मर्यादा से ही समस्याओं का निपटारा संभव है। पथभ्रान्त पथिक को मर्यादा ही सच्चा पथदर्शन बनेगी। युग की उफनती समस्याओं की नदी मर्यादा की मजबूत नाव से ही पार की जा सकेगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की इस भूमि पर मर्यादा को स्थापित करने और उसे गौरवान्वित करने की इस विलक्षण एवं अनूठी घटना से हम सभी प्रेरित हो, विनाश का ग्रास बनती इस ऊर्वरा भारत-भू को विकास के शिखर पर चढ़ाएं। आचार्य श्री तुलसी एवं आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने अपनी प्रखर आध्यात्मिक प्रतिभा से समूचे राष्ट्र को प्रेरित किया है और उन्हीं की ऊर्जा से तेरापंथ धर्मसंघ का मर्यादा महोत्सव जन-जन की आस्था का केन्द्र भी बना है, एक प्रेरणा बना है। यह महोत्सव मात्र मेला ही नहीं है, सैकड़ों प्रबुद्ध साधु-साध्वियों का मिलन संघीय इतिहास में श्री स्वस्ति का उद्घोषक बनता है। वह मात्र आयोजनात्मक ही नहीं, वह संघ के फलक पर सृजनशीलता के नये अभिलेख अंकित करता है। महोत्सव के समय ऐसा लगता है मानो नव निर्माण के कलश छलक रहे हैं, उद्यम के असंख्य दीप एक साथ प्रज्वलित हो रहे हैं। हर मन उत्साह से भरा हुआ, हर आंख अग्रिम वर्ष की कल्पनाशीलता पर टिकी हुई और हर चरण स्फूर्ति से भरा हुआ प्रतीत होता है। यह महापर्व पारस्परिक संबंधों को प्रगाढ़ता प्रदान करता है। उनमें अंतरंगता लाता है। अनेकता में एकता का बोध कराता है। मर्यादा महोत्सव संघीय चेतना का अदृश्य वाहक है। इसमें वैयक्तिक और संघीय गति, प्रगति एवं शक्ति निहित है। स्वयं को समग्र के प्रति समर्पित करने का अनूठा महोत्सव है यह। इसका संदेश है स्वयं को अनुशासित करो, प्रकाशित करो और दूसरों को प्रेरणा दो। अपेक्षा है एक धर्मसंघ में मनाया जाने वाला यह अनूठा पर्व, समग्र मानवता का उत्सव बने। मर्यादा महोत्सव इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित होता है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्ष की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है। हमें यह संकल्प करना और शपथ लेनी है कि आने वाले वर्ष में हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो हमारे उद्देश्यों, उम्मीदों, उमंगों और आदर्शों पर प्रश्नचिह्न टांग दे।

# लोकसभा चुनाव की लड़ाई- बिजली पानी शिक्षा पर आई

पिछले साल के आखिरी में देश में टोटल सोलर इंस्टॉल कैपेसिटी 73.3 गीगावॉट तक पहुंच गई थी, जिसमें ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सोलर सिस्टम्स का योगदान लगभग 11 गीगावॉट था रूफटॉप सोलर सिस्टम से 8 रुपए प्रति दिन में 25 साल तक मिलेगी बिजली, अगर हमारा बिजली बिल 2,500 से 3, हज़ार के बीच आता है तो 3केडब्लू के सोलर प्लांट से आपके पूरे घर की बिजली की पूर्ती हो सकती है। सरकार की ऑफिशियलवेबसाइट के अनुसार, 3केडब्लू के प्लांट के लिए प्रोजेक्ट कॉस्ट करीब 1.26 लाख रुपए होती है।



किशन भावनानी

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश भारत में लोकसभा चुनाव 2024 की बिगुल करीब करीब बज ही गया है।मेरा मानना है कि करीब अप्रैल 2024 में संभावित सात चरणों में लोकसभा चुनाव शुरू होंगे इसका अंदेशा इसी से लगाया जा रहा सकता है कि, कुछ समय से लाखों हजारों करोड रुपए की योजनाओं का पिटारा खोला जा रहा है। विशेष रूप से अंतरिम बजट 2024 में बिजली जो हर व्यक्ति के जीवन का जरूरी अंग बन गया है उसके बारे में रूफटॉप सोलर योजना के बारे में कहा गया है जिसका उल्लेख माननीय पीएम ने 22 जनवरी 2024 को पीएम सूर्योदय योजना शुरू करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता कर एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा था, जिसे अब बजट 2024 में उतारा गया है, इसी का उल्लेख माननीय पीएम ने आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को असम के गुवाहाटी दौरे पर 11 हज़ार करोड़ की योजनाओं की घोषणा करते हुए देशवासियों के घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल 300 यूनिट तक शून्य करने पर काम शुरू होने की बातें कही। बता दें यह बिजली पानी शिक्षा फ्री करने की दूर की कौड़ी अन्ना हजारेआंदोलन से लेकर शुरू हुई थी जिसे कर्मठ कार्यकर्ता दिल्ली के सीएम ने पहली बार दिल्ली में फिर पंजाब में भी उतार कर काफी प्रशंसा बटोरी थी। अब हर राज्य व केंद्र सरकार की बिजली शिक्षा पानी फ्री करने सर्वाधिक तेजी से काम कर रहे हैं।यानें इस मुद्दे को राजनीतिक दलों द्वारा लपकना जनता के लिए काफी फायदेमंद सौदा साबित हुआ है। इसलिए रूफटॉप सोलर योजना को एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का काम तेजी से शुरू होगा। मेरा मानना है किलोकसभा चुनाव 2024 की कवायत अब जीतने के लिए नहीं बल्कि रिकॉर्ड 400 प्लस सीटें बनाने के लिए की जा रही है, क्योंकि जीतना तो करीब निश्चित हो चुका है पर देखना यह है कि 400 प्लस और 50 फ़ीसदी से अधिक वोटिंग का टारगेट होता है या नहीं। चूंकि आज पीएम ने फिर 300 यूनिट्स बिजली बिल शून्य पर काम शुरू होने की बात कही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, रूफटॉप सोलर योजना भारत में एक करोड़ घरों के छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने से शून्य बिजली बिल का मार्ग प्रशस्त होगा।

साथियों बात अगर हम रूफटॉप सोलर पैनल और सब्सिडी की करें तो, यह घर की छत पर लगाए जाते हैं। इन पैनलों में सोलर प्लेट लगी होती है। यह ऐसी तकनीक है जो सूर्य की किरणों से ऊर्जा सोखकर बिजली प्रोड्यूस करती है। पैनल में फोटोवोल्टिक सेल्स लगे होते हैं जो सौर ऊर्जा को बिजली में तब्दील कर देते हैं। यह बिजली वही काम करती है जो पावर ग्रिड से आई बिजली करती है। 3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल




लगाने पर 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है।10 किलोवाट के पैनल लगाते हैं, तो सरकार आपको 20प्रतिशत सब्सिडी देगी। रूफटॉप सोलर योजना के तहत सब्सिडी 31 मार्च 2026 तक दी जाएगी।सरकार का लक्ष्य से पीछे रह जाने का एक कारण कोविड-19 महामारी के कारण आई काम में रुकावट रहा था। हालांकि, उससे पहले भी सोलर पावर की ग्रोथ तय टारगेट के हिसाब से तेज नहीं रही थी। सरकार का रूफटॉप सोलर सिस्टम्स के लिए 40 गीगावॉट का लक्ष्य अब 2026 तक हासिल किया जाना है।1 करोड़ परिवारों को मिलेगी सुविधा, जानें इसे लगवाने की प्रोसेस, रूफटॉप सोलर से हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली-1 करोड़ परिवारों को मिलेगी सुविधा, 1 फरवरी को पेश हुए अंतरिम बजट में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए नई घोषणा हुई। बता दें।2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने नेशनल रूफटॉप स्कीम के तहत 2022 तक देश में 100 गीगावॉट सोलर पावर इंस्टॉल करने का टारगेट रखा था। यह उस समय के मौजूदा लक्ष्य से पांच गुना ज्यादा था। इस कैपेसिटी का चालीस प्रतिशत यानी 40 गीगावॉट-ग्रिड से जुड़े सोलर रूफटॉप सिस्टम्स से लाने का टारगेट था।सरकार का 2022 के लिए 100 गीगावॉट का टारगेट लंबे अंतर से चूक गया। रूफटॉप इंस्टॉलेशन का टारगेट भी पूरा नहीं हो सका है। पिछले साल के आखिरी में देश में टोटल सोलर इंस्टॉल कैपेसिटी 73.3 गीगावॉट तक पहुंच गई थी, जिसमें ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सोलर सिस्टम्स का योगदान लगभग 11 गीगावॉट था रूफटॉप सोलर सिस्टम से 8 रुपए प्रति दिन में 25 साल तक मिलेगी बिजली, अगर हमारा बिजली बिल 2,500 से 3, हज़ार के बीच आता है तो 3केडब्लू के सोलर प्लांट से आपके पूरे घर की बिजली की पूर्ती हो सकती है। सरकार की ऑफिशियलवेबसाइट के अनुसार, 3केडब्लू के प्लांट के लिए प्रोजेक्ट कॉस्ट करीब 1.26 लाख रुपए होती है,इसमें से सरकार 54 हजार की सब्सिडी देती है।यानी आपको इस प्लांट को लगाने के लिए करीब 72 हजार रुपए ही खर्च करने होंगे। इस प्लांट की अनुमानित लाइफ 25 साल की है। इस हिसाब से 25 साल की बिजली के लिए हर दिन हमको केवल 8 रुपए खर्च करने होंगे। सोलर पैनल की क्वालिटी और अन्य सर्विसेज के आधार पर कीमत बढ़ भी सकती है। हालांकि, ये कैसे होगा इसके बारे में सरकार ने अभी जानकारी नहीं दी है।ग्रिड-कनेक्टेडरूफटॉप सोलर सिस्टम के क्या फायदे हैं?(1) उपभोक्ता को बिजली बिल में बचत।(2) छत की खाली जगह का उपयोग, अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता नहीं।(3) ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन (टी एंड डी) लाइनों की कोई अतिरिक्त आवश्यकता नहीं।(4) बिजली की खपत और उत्पादन के संतुलित होने से टी एंड डी हानि कम हो जाती है।(5) टेल-एंड ग्रिड वोल्टेज में सुधार और सिस्टम कंजेशन में कमी।(6) कार्बन उत्सर्जन में कमी करके दीर्घकालिक ऊर्जा और पारिस्थितिक सुरक्षा।(7) डिस्कॉम/यूटिलिटी द्वारा दिन के समय पीक लोड का बेहतर प्रबंधन।

साथियों बातअगर हम पीएम सूर्योदय योजना की करें तो, सूर्योदय योजना के तहत सरकार आर्थिक रूप के कमजोर लोगों के घरों पर रूफटॉप सोलर इंस्टॉल करेगी। इससे उनकी खुद की बिजली की जरूरत तो पूरी होगी ही, साथ ही एक्स्ट्रा इलेक्ट्रिसिटी बेचकर कमाई भी कर सकेंगे। योजना के ऐलान के साथ ही पीएम ने इस कैंपेन के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ने की बात कही है।सूर्योदय योजना के तहत 1 करोड़ घरों का टारगेट नया है। हालांकि, घर की छतों पर सोलर सिस्टम इंस्टॉल करने का काम सरकार पिछले एक दशक से ज्यादा समय से चल रही सरकारी योजना नेशनल रूफटॉप स्कीम के तहत पहले से कर रही है, लेकिन यह प्रोग्राम तय समय से काफी पीछे चल रहा है। पीएम सूर्योदय योजना के फायदेयह योजना ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मदद करेगी।यह योजना लोगों को बिजली के बिलों में बचत करने में मदद करेगी।

# प्रदेश के पर्यटन स्थलों का विकास सरकार की प्राथमिकता

अवधनामा संवाददाता



■ विश्वस्तरीय स्थल के रूप में विकसित होगा महाराजा बिजली पासी का किला : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** लखनऊ के आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी किला विश्वस्तरीय स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने लगभग 19 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें लाइट एंड साउंड शो, बच्चों के लिए खेलने के स्थल, पाथवे समेत कई और कार्य कराए जाएंगे। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पर्यटन स्थलों का विकास सरकार की प्राथमिकता में है। इसी क्रम में महाराजा बिजली पासी किले का विकास कराने की तैयारी है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाराजा बिजली पासी लोकप्रिय राजा थे। उनके द्वारा किले का निर्माण किया गया था। वर्तमान समय में यह महत्वपूर्ण स्थल है। यहां सभी आयुवर्ग के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी ताकि यहां भ्रमण करने लिए बच्चे, युवा, वृद्ध महिला-पुरुष भ्रमण में रुचि दिखाएं। इसके लिए सौंदयज़्करण कराया जाएगा। शाम के समय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए लाइट एंड साउंड कार्यक्रम होगा, जिसमें महाराजा बिजली पासी और उनके शासन का वर्णन किया जाएगा। योजना के तहत बच्चों के लिए क्रीड़ा स्थल भी विकसित किया जाएगा, जहां बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न झूले उपलब्ध होंगे। इसके अलावा पाथवे, कैंटीन, लैंडस्केप, शौचालय समेत विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन तेज गति बढ़ रहा है। अभी उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के मामले में पहले स्थान पर है। हमारा प्रयास है कि विश्व से आने वाले पर्यटकों के मामले में भी यह उपलब्धि हासिल करें। इसके लिए पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का निरंतर विकास किया जा रहा है।

# उजियारघाट बस स्टेशन का 5.29 करोड़ से होगा पुर्ननिर्माण

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** जनपद बलिया स्थित उजियारघाट बस स्टेशन का पुर्ननिर्माण कराया जायेगा। बस स्टेशन के पुर्ननिर्माण के लिए 529.82 लाख रूपये निर्गत किये गये हैं। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा उजियारघाट बस स्टेशन का पुर्ननिर्माण कराया जायेगा।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि जनपद बलिया से लखनऊ, दिल्ली के लिए बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। इस बस स्टेशन के बन जाने से लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थित सभी बस स्टेशनों का सौन्दर्यीकरण एवं पुर्ननिर्माणीकरण कराया जा रहा है, जिससे कि लोगों को साफ-सुथरा एवं आकर्षक बस अड्डे मुहैया हों।

परिवहन मंत्री ने कहा कि उजियारघाट बस स्टेशन देखरेख काफी समय से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ था। क्षेत्र के लोगों ने उक्त बस स्टेशन के सौन्दर्यीकरण हेतु आग्रह किया। विचारोपरान्त इसके सौन्दर्यीकरण का निर्देश परिवहन निगम को दिया गया था। उक्त के सम्बंध में यह बजट जारी किया गया है। अब बलिया के लोगों को बेहतर बस अड्डे के साथ सुविधाजनक व आरामदायक बसें मुहैया होंगी।

# लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** महानगर स्थित कल्याण मंडप में भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि आगामी लोकसभा 2024 में जन जन का समर्थन जुटाने के लिए लाभार्थी सम्पर्क अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलाया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में लाभार्थियों से संपर्क किया जाएगा। अभियान के मध्य 1 से 3 मार्च को तीन दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमे लाभार्थियों से केंद्र द्वारा जारी नंबर 9638002027 पर मिस कॉल भी करना होगा। लाभार्थियों संग फोटो को कार्यकर्ताओ को सरल ऐप पर अपलोड करना है। पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओ की इस अभियान में अहम भूमिका होगी। सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी क्षेत्र नागरिकों से साझा करना होगा और वंचित लोगों का योजना में पंजीकरण कराना होगा

वरिष्ट भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि आज देश की जनता में प्रधानमंत्री के प्रति एक विश्वास का भाव उत्पन्न हो चुका है मोदी की गारंटी को पूरा होने की गारंटी मानता है यही वजह है विपक्ष हताश है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेको सरकारी योजनाओं और नीतियों से लाभान्वित होकर के लोगों ने अपना रुख भाजपा के लिए बना लिया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जैसी अनेकों अनेक योजनाओं ने आम व्यक्ति के जनजीवन के स्तर को सुधारने का कार्य किया है।

# टीएमयू के डेंटल कैंप में 101 ग्रामीणों का चेकअप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर और एनएसएस इकाई की ओर से छजलैट ब्लॉक के ग्राम मोड़ा तैया में मुफ्त डेंटल चेकअप कैम्प लगाया गया। पंचायत भवन में आयोजित कैंप में 09 साल से लेकर 72 साल तक के करीब 101 ग्रामीणों के दांतों का चैकअप किया गया और दवाइयां भी वितरित की गई। कैंप में जिन ग्रामीणों ने अपने दांतों का चैकअप कराया है, यदि वे अपना इलाज जैसे बत्तीसी लगवाने, दांतों की सफाई कराने, दांत निकलवाने, हिलते हुए दांतों का सही कराने आते हैं तो उन्हें इलाज में विशेष रियायत दी जाएगी।

डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनीष गोयल, एनएसएस कोर्डिनेटर डॉ. उपेन्द्र मलिक, डॉ. प्रदीप तांगडे आदि के दिशा-निर्देश पर मुफ्त डेंटल चेकअप कैम्प में डेंटल के स्टुडेंट्स ने ग्रामीणों को ओरल हैल्थ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने बताया कि दांतों की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रतिदिन दो बार सुबह और रात को ब्रुश करना चाहिए। उन्होंने बच्चों और बड़ों के ब्रुश करने के सही तरीके भी बताए। टीएमयू की अति आधुनिक मोबाइल डेंटल वैन में मरीजों के दांतों का चेकअप और सफाई भी की गई। कैंप के आयोजन में डेंटल के आदि का विशेष सहयोग रहा। कैंप में डॉ. तन्नु कुमारी, डॉ. आशी जैन, डॉ. हुमा फात्मा, डॉ. कनीज फात्मा, डॉ. स्वाति आदि ने प्रतिभाग किया।

# सीडीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कनैली का किया आकस्मिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



■ अनुपस्थित एवं शासकीय दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता व लापरवाही बरतने पर वरिष्ठ सहायक को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के दिये निर्देश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा आज विकास खण्ड कौशाम्बी के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार उपस्थित पाये गयें तथा विकास खण्ड कौशाम्बी में कार्यरत कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर वरिष्ठ सहायक दीपक सिंह दिनांक 08 फरवरी 2024 से लगातार अनुपस्थित चल रहें है। मनरेगा योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड कार्यालय में कार्यरत तकनीकी सहायक संजीव कुमार श्रीवास्तव आज दिनांक 15.02.2024 को अनुपस्थित पाये गये तथा उपस्थिति पंजिका में प्रशिक्षण अंकित है। विकास खण्ड कौशाम्बी में तैनात अन्य कार्मिकों की उपस्थिति का लाइव लोकेशन कराने पर इन दोनों कार्मिकों को छोड़कर सभी कार्मिक क्षेत्र में ही पाये गये।मुख्य विकास अधिकारी को खण्ड विकास अधिकारी कौशाम्बी ने वरिष्ठ सहायक श्री दीपक सिंह की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में अवगत कराया कि कार्यालय में अनुपस्थित चल रहे है, जिससे विकास खण्ड में जनपद स्तर एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले डॉक पत्रों का पृष्ठांकन समय से नहीं हो पाने के कारण सूचनाओं का संचरण समय से नहीं हो पा रहा हैं। इसके साथ ही प्रतिदिन आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हो रही है, जिसका निस्तारण वरिष्ठ सहायक को करना है, परन्तु प्राप्त आईजीआरएस/शिकायतों का निस्तारण समय पर न होने के कारण विकास खण्ड की प्रगति प्रभावित हो रही हैं।मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वरिष्ठ सहायक श्री दीपक सिंह द्वारा कार्यालय में लगातार अनुपस्थित रहने, कार्यो का समय से निस्तारण न करने एवं आईजीआरएस/शिकायत का समय से निस्तारण न करने के कारण विकास खण्ड की छवि धूमिल करने तथा शासकीय दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण वरिष्ठ सहायक को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर उन्हें अवगत करायें।

# राष्ट्रीय हड़ताल को पूर्ण समर्थन : माले

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने केंद्र की मोदी सरकार की किसान-मजदूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ शुक्रवार (16 फरवरी) की राष्ट्रीय औद्योगिक हड़ताल व ग्रामीण भारत बंद का पूर्ण समर्थन किया है। पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों से वादाखिलाफी की है। दिल्ली बार्डर पर 2020-21 में एक साल तक चला किसान आंदोलन एमएसपी पर कानून बनाने समेत अन्य मांगों को पूरा करने के सरकार के आश्वासन पर समाप्त हुआ था। तब से दो साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। मगर सरकार एक इंच भी आगे नहीं बढ़ी है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बाराबंकी।
पता- निकट आवास विकास बाराबंकी।

पत्रांकः- 1572 /ग्रा0अ0वि0/ऑफलाइन/2023-24 दिनांक-27.01.2024

1- महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बाराबंकी द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से श्रेणी ए0, बी0, सी0 एवं डी0 जिसके लिये अधिकृत है, जो प्रतिशत दरों पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाताओं द्वारा एक या समस्त कार्यो की निविदायें ली जा सकती है -

ऑफ लाइन निविदा

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. छोड़कर (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज जी.एस.टी. सहित (रूपया) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जनपद बाराबंकी के राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज बाराबंकी में 01 नग बालिका शौचालय का निर्माण कार्य। | 2.63 | 0.053 | 677 | 03 माह |
| | **वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में...** | | | | |
| | **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजनान्तर्गत** | | | | |
| 1 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत सद्दीपुर में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 2 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत मसौली में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 3 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत रसौली में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 4 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत लक्षबर में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 5 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत छुल्लाबन्नी में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 6 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत करपिया में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 7 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत सफदरगंज में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 8 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत ज्योरी में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 9 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत गढ़िया में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 10 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत उधौली में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 11 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत दादरा में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 12 | विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत कोडर में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 13 | विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत धरौलिया में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 14 | विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत फतेहगंज में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 15 | विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत सूर्यपुर में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 16 | विकास खण्ड देंवा के अन्तर्गत खनवाहा में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 17 | विकास खण्ड देंवा के अन्तर्गत तिन्दोला में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 18 | विकास खण्ड देंवा के अन्तर्गत छिदवाही में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 19 | विकास खण्ड देंवा के अन्तर्गत बबुरीगांव में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 20 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के अन्तर्गत कनवाहा (कनवा) में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 21 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के अन्तर्गत अमिलहरा में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 22 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के अन्तर्गत भीखरा में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 23 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के अन्तर्गत गौरा में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 24 | विकास खण्ड देंवा के अन्तर्गत मुरादाबाद में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.100 | 677 | 03 माह |
| 25 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत पल्हरी के उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का मरम्मत कार्य। | 0.96 | 0.0192 | 589 | 06 माह |
| 26 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत नेवलाकरसण्डा के उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का मरम्मत कार्य। | 0.96 | 0.0192 | 589 | 06 माह |
| 27 | विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत जकरिया के उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का मरम्मत कार्य। | 0.96 | 0.0192 | 589 | 06 माह |
| 28 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के अन्तर्गत थलवारा के उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का मरम्मत कार्य। | 0.96 | 0.0192 | 589 | 06 माह |
| 29 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के अन्तर्गत अंसारी के उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का मरम्मत कार्य। | 0.96 | 0.0192 | 589 | 06 माह |
| 30 | विकास खण्ड हैदरगढ़ के अन्तर्गत किरसिया के उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का मरम्मत कार्य। | 0.96 | 0.0192 | 589 | 06 माह |
| 31 | विकास खण्ड सिद्धौर के अन्तर्गत मनोरथपुर के उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का मरम्मत कार्य। | 0.96 | 0.0192 | 589 | 06 माह |
| | **कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के वार्षिक के कार्य योजनान्तर्गत** | | | | |
| 1 | कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सिद्धौर के भवनों में मेजर रिपेयर कार्य। | 8.38 | 0.0312 | 766 | 02 माह |
| | **वित्तीय स्वीकृति के प्रत्याशा में अन्य योजनान्तर्गत कार्य।** | | | | |
| 1 | जिला ग्राम्य विकास संस्थान कादिरपुर, बाराबंकी में मेन गेट एंव लोहे का कैटल कैचर निर्माण कार्य। | 1.42 | 0.0312 | 589 | 02 माह |
| 2 | पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, लखपेड़ाबाग, बाराबंकी की बाउण्ड्रीवाल मरम्मत कार्य। | 6.50 | 0.0312 | 766 | 02 माह |
| | **विधायक निधि योजनान्तर्गत** | | | | |
| 1 | विकास खण्ड देवा में देवा-कुर्सी रोड से खेवली पीढ सम्पर्क मार्ग पर स्व0 रामदुलारे वर्मा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्मृति द्वार का निर्माण कार्य। | 9.99 | 0.0312 | 766 | 02 माह |
| 2 | नगर पालिका परिषद नवाबगज, बाराबंकी बनवा में बाबादीन के घर से जहीर के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 6.69 | 0.0312 | 766 | 02 माह |
| | **स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत...** | | | | |
| 1 | Providing And Fixing Open Gym Equipments in village Kyampur Neer Amrit Sarover in Block Dariyabad. | 3.40 | 0.068 | 677 | 02 माह |
| 2 | सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत | 6.69 | 0.0312 | 766 | 02 माह |
| | राजकीय इण्टर कालेज बाराबंकी में 60 नग सी0सी0 टी0वी0 कैमरा (एन0वी0आर0) फिटिंग सहित कार्य। | 4.24 | 0.090 | 677 | 02 |

1. सम्बन्धित निविदा सूचना में अंकित कार्यो में बिड डाक्यूमेंट को तिथि 17.02.2024 से 22.02.2024 तक।
2. सम्बन्धित कार्यो की निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि व समय स्थान 23.02.2024 को दोपहर 12:00 तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बाराबंकी, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल अयोध्या एवं जिलाधिकारी बाराबंकी कार्यालय में प्राप्त की जायेगी।
3. निविदा खोलने की अन्तिम तिथि 24.02.2024 को समय 01:00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बाराबंकी में गठित समिति के सदस्यों/उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष खोली जायेगी।
4. निविदाओं से सम्बन्धित जानकारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बाराबंकी से की जा सकती है।

(इं. ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-बाराबंकी

UPID-203407 Dated-14-02-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# वार्षिक उत्सव में फिल्मी जगत के सितारे राजा मुराद ने की शिरकत

अवधनामा संवाददाता



■ सेंट्रल पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में फिल्मी सितारे राजा मुराद ने शिरकत की

**लखनऊ।** आज दिनांक 15 फरवरी 2024 को रजनीकांत शारदा नगर स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव को मनाया गया। स्कूल के इस वार्षिक उत्सव में बॉलीवुड के चर्चित कलाकार राजा मुराद ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया।

कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ नीलू त्रिवेदी ने अतिथि के रूप में शिरकत किया जो लगातार कैंसर फ्री इंडिया अभियान को खासकर महिलाओं के लिए चल रही है। उन्होंने कहा कि स्कूल के पल के लिए मैं स्कूल को बधाई देता हूं स्कूल के मीडिया प्रभारी विक्रम कश्यप द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन, स्वागत नृत्य, योग प्रदर्शन डांस स्वच्छता अभियान, अभिनंदन समारोह, डांस ड्रामा चंद्रयान सांकेतिक भाषा में, राष्ट्रगान, धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य दिव्या पांडे ने बताया कि स्कूल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने वार्षिक उत्सव को अलग अंदाज में बना रहा है और आज के इस उत्सव में फिल्मी कलाकार राजा मुराद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया है सामाजिक कार्यकर्ता निर्मित त्रिवेदी, समाज सेविका सोनी शर्मा, उम्मीद संस्था के अध्यक्ष बलबीर सिंह मांन जो की लगातार कई तरह के अभियान चला रहे हैं स्वच्छता एंव शिक्षा मांग रहे बच्चों को शिक्षा देने का बड़ा काम उनकी संस्था कर रही है। आज आए हुए सभी अभिभावक उनके छात्र हमारे अतिथियों का आभार जो उन्होंने स्कूल कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय दिया। स्कूल के संस्थापक जगत नारायण पांडे ने बताया कि स्कूल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव को अलग अंदाज में बना रहा है और सांस्कृतिक धार्मिक और कई तरह के कार्यक्रम बच्चे कर रहे हैं।

# महर्षि पब्लिक इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** महर्षि पब्लिक इंटर कॉलेज पश्चिम शरीरा में पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया। इस पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव में खेलकूद, गायन, नृत्य, लेखन, स्लोगन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी प्रतियोगिताएं संपन्न होगी।

गुरुवार को पश्चिम शरीरा स्थित महर्षि पब्लिक कालेज में वार्षिकोत्सव खेल कूद का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ पूर्व विधायक मंझनपुर लाल बहादुर चौधरी ने फीता काटकर किया। उसके बाद शुरू हुआ प्रथम दिवस की प्रतियोगिता। पहले दिन 200 मीटर की दौड़ में शिखर प्रताप कक्षा 8 प्रथम स्थान, अमित सिंह कक्षा 10 द्वितीय स्थान तथा राजवन सोनकर कक्षा 7 तृतीय स्थान पर रहे । बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में शुभी त्रिपाठी कक्षा 5 प्रथम स्थान, आस्था सिंह कक्षा 6 द्वितीय स्थान, अरबिस नाज कक्षा 8 तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी, प्रधानाचार्य एस एन पांडे ,निदेशिका अंशु सिंह, अनुशासन प्रमुख सुरेखा सिंह तथा विद्यालय के सभी कर्मचारी गण तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

# डिजिटल इंडिया में डाक विभाग की अहम भूमिका : कृष्ण कुमार



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** डाक विभाग अब पत्र व पार्सलों के साथ-साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। बदलते परिवेश में वित्तीय समावेशन, डिजिटल इंडिया और अंत्योदय में डाक विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने जौनपुर जिले के मल्हनी में आयोजित ÷वित्तीय समावेशन÷ महोत्सव में संबोधन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल ने सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र तथा डाक जीवन बीमा के लाभार्थियों को पासबुक व पॉलिसी बॉन्ड भी प्रदान किए। डाक अधीक्षक परमानंद कुमार ने बताया कि डाक मेले में लोगों द्वारा 10 हज़ार से अधिक बचत खाते और नए जीवन बीमा हेतु 10 लाख से अधिक के प्रीमियम का निवेश किया गया। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुद्देशीय बनाया गया है। बचत, बीमा, आइपीपीबी, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, गंगाजल, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम जनोन्मुखी सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं।

# लेक्सर ने क्लेरियन कंप्यूटर्स को रणनीतिक चैनल पार्टनर के रूप में किया नियुक्त

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** मेमोरी और स्टोरेज सॉल्यूशंस में अग्रणी वैश्विक ब्रांड लेक्सर ने कोलकाता स्थित क्लेरियन कंप्यूटर्स को पश्चिम बंगाल में अपने रणनीतिक चैनल पार्टनर के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। यह कदम संपूर्ण पूर्वी भारत में अपने उत्पाद वितरण और बिक्री को आगे बढ़ाने और विस्तार करने की लेक्सर की योजना के हिस्से के रूप में आया है। इस विकास के तहत, लेक्सर (Lexar) पूर्वी भारत में पश्चिम बंगाल (West Bengal) के प्रमुख स्थानों पर अपने उत्पादों की व्यापक रेंज उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र में 500 से अधिक खुदरा स्टोरों के क्लेरियन कंप्यूटर के विशाल नेटवर्क को रणनीतिक रूप से नियोजित करेगा। उनका ध्यान बाजार में लेक्सर के मेमोरी समाधानों के पूरे पोर्टफोलियो को फिर से बेचने और उप-वितरित करके चैनल और खुदरा बिक्री दोनों में तेजी लाने पर होगा। डिजिटलीकरण प्रणालियों के बढ़ते उपयोग और उद्योगों में उन्नत प्रौद्योगिकियों की शुरूआत के साथ भारतीय बाजार अभी बड़े पैमाने पर प्रवेश कर रहा है। इस विकास के साथ, लेक्सर (Lexar) बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले डेटा भंडारण उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है। वर्तमान में, क्लेरियन कंप्यूटर्स लेक्सर के संपूर्ण एसएसडी पोर्टफोलियो का वितरण कर रहा है, जिसमें भारतीय बाजार में उनके इन-डिमांड उत्पाद जैसे हीट्सिंक के साथ एनएम800प्रो, एनएम 760, एनएम610 एनवीएमई, एनएम620 एनवीएमई शामिल हैं। क्लेरियन जल्द ही पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के मेमोरी सॉल्यूशंस बाजार में प्रवेश करने के लिए लेक्सर के DRAM पोर्टफोलियो को जोड़ेगा।

# जय शाह ने किया कनफर्म, टी20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा होंगे कप्तान

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बुधवार को यहां कहा कि इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा भारत की कप्तानी करेंगे। वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के बाद विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर बल्लेबाजों ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा जाहिर की।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बुधवार को यहां कहा कि इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा भारत की कप्तानी करेंगे। भारत के पास हार्दिक पंड्या के रूप में छोटे प्रारूप का पूर्ण कालिक कप्तान है लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के बाद विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर बल्लेबाजों ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा जाहिर की।

शाह ने कहा हम 2023 में लगातार 10 जीत के बावजूद अहमदाबाद में विश्व कप नहीं जीत पाए लेकिन हमने दिलों को जीता। मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि 2024 (टी20 विश्व कप) में बारबाडोस (फाइनल का स्थान) में हम रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत का झंडा गाड़ेंगे। शाह खंडेरी में सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस स्टेडियम का नाम अब अनुभवी क्रिकेट प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर रखा गया है।





इस अवसर पर पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर और अनिल कुंबले तथा आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर, भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के अलावा रोहित शर्मा, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ के कुछ सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

## रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए मुकेश कुमार को भारतीय टीम से 'रिलीज' किया गया

मुकेश को दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। वह हालांकि अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर पाए थे। बंगाल और बिहार के बीच रणजी मैच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। भारत के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले टीम से 'रिलीज' कर दिया गया ताकि वह शुक्रवार से बिहार के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए बंगाल की टीम से जुड़ सकें। यह तेज गेंदबाज इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में खेला था। वह 23 फरवरी से रांची में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम से जुड़ जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा,''मुकेश कुमार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की भारतीय टीम से 'रिलीज' कर दिया गया है। वह रणजी ट्रॉफी में अगला मैच खेलने के लिए अपनी टीम बंगाल से जुड़ेंगे।

# रोहित शर्मा ने अपने शतक से किया इंग्लिश गेंदबाजों को शांत

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 157 गेंदों में अपना शतक जड़ा है। रोहित शर्मा ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के भी लगाए हैं। दरअसल, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन पहले ही सेशन के शुरुआत में ही भारत ने अपने तीन विकेट गंवा दिए। राजकोट में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जहां भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 157 गेंदों में अपना शतक जड़ा है। रोहित शर्मा ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के भी लगाए हैं। दरअसल, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन पहले ही सेशन के शुरुआत में ही भारत ने अपने तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके भारतीय पारी को संवारने का काम किया है। पिछले दो मैच में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं क पाने वाले रोहित का भाग्य ने भी साथ दिया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें एलबीडब्ल्यू करार दिया गया लेकिन ने उन्हें जीवनदान दिया। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेंद पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित उस समय 27 रन पर खेल रहे थे। रोहित शर्मा का इस साल का ये दूसरा शतक है। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में उन्होंने शतक लगाया था। टेस्ट में रोहित का ये 11वां शतक है। रोहित ने 56 मैच में 3827 से रन बनाए हैं। वहीं कप्तान रोहित ने इस पारी में अपने नाम कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। वह भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को भी पछाड़ दिया है।



# राफेल नडाल कतर ओपन 2024 से हटे, इंडियन वेल्स मास्टर्स पर फोकस

22 ग्रैंड स्लैम विजेता राफेल नडाल ने दोहा में 2024 कतर ओपन से हटने का फैसला किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि, वह लास बेगास में विंबलडन चैंपियन कार्लोस अलकराज के खिलाफ प्रदर्शनी मैच और मार्च में इंडियन वेल्स मास्टर्स के लिए अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

राफेल नडाल ने दोहा में 2024 कतर ओपन से हटने का फैसला किया है। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा करते हुए कहा है कि वह अभी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार नहीं हैं। 22 ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल ने कहा कि वह लास बेगास में विंबलडन चैंपियन कार्लोस अलकराज के खिलाफ प्रदर्शनी मैच और मार्च में इंडियन वेल्स मास्टर्स के लिए अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करेंगे।



पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 कूल्हे की चोट से जूझ रहे हैं जिस कारण उन्हें फ्रेंच ओपन, विंबलडन चैंपियनशिप और यूएस ओपन सहित 2023 सीजन के ज्यादातर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। स्पैनियार्ड ने जनवरी 2024 में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में वापसी की थी, जहां वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे लेकिन रोमांचक मैच में जॉर्डन थॉम्पसन से हार गए। इसके बाद ब्रिस्बेन में लगी चोट के कारण उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ओपन में हिस्सा नहीं लिया।

नडाल 19 फरवरी से शुरू होने वाले कतर ओपन में वापसी की उम्मीद कर रहे थे। हालांकि, स्पैनियार्ड ने बुधवार, 14 फरवरी को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खुलासा किया कि वह अभी भी खेलने के लिए स्वस्थ नहीं हैं और उन्होंने इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इस साल का पहला गोल दागा, अल फाहया पर 1-0 से जीत

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 2024 के पहले गोल की बदौलत अल नासर ने एशियाई चैम्पियंस लीग के राउंड 16 के पहले चरण के मैच में अल फाहया पर 1-0 से जीत हासिल की। रोनाल्डो ने 81वें मिनट में इंटर मिलान के पूर्व मिडफील्डर मार्सेलो ब्रोजोविच की मदद से यह गोल दागा। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 2024 के पहले गोल की बदौलत अल नासर ने एशियाई चैम्पियंस लीग के राउंड 16 के पहले चरण के मैच में अल फाहया पर 1-0 से जीत हासिल की। रोनाल्डो ने 81वें मिनट में इंटर मिलान के पूर्व मिडफील्डर मार्सेलो ब्रोजोविच की मदद से यह गोल दागा।

अल नासर फुटबॉल क्लब अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीतने की कोशिश में जुटा है। राउंड 16 के दूसरे चरण का मैच अगले बुधवार को खेला जायेगा। सऊदी अरब की चार टीम नॉकआउट दौर में पहुंची हैं जिसमें अल नासर और अल फाहया के अलावा अल हिलाल और अल इतिहाद शामिल हैं।

# बजरंग पुनिया ने दी बृजभूषण सिंह के बेटे करण सिंह को धमकी

बजरंग पुनिया ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा गया है कि, अभी 2-3 दिन पहले ही बृजभूषण के बेटे यूपी कुश्ती संस्था के अध्यक्ष बनाए गए। जबकि उन्होंने कहा था कि उनके परिवार से कोई भी कुश्ती प्रशासन में नहीं आएगा। सरकार ने वादा किया था कि बृज भूषण या उनके रिश्तेदार या सहयोगी खेल पर शासन नहीं करेंगे।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण सिंह के बेटे करण सिंह को उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिसके बाद भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक ने विरोध फिर से शुरू करने की धमकी दी है।

दरअसल, बजरंग पुनिया ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा गया है कि, अभी 2-3 दिन पहले ही बृजभूषण के बेटे यूपी कुश्ती संस्था के अध्यक्ष बनाए गए। जबकि उन्होंने कहा था कि उनके परिवार से कोई भी कुश्ती प्रशासन में नहीं आएगा। सरकार ने वादा किया था कि बृज भूषण या उनके रिश्तेदार या सहयोगी खेल पर शासन नहीं करेंगे।





वहीं भारतीय कुश्ती पहलवान ने आगे कहा कि, हम पहलवान उन सभी लोगों से बात करेंगे जो हमारा समर्थन करते हैं। किसान समूह, खाप पंचायतें, श्रमिक संघ और महिला संगठन और अगले दो से तीन दिनों में निर्णय लेंगे। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि हमें फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू करने के लिए मजबूर ना करें।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि, अगले कुछ दिनों में, हम विरोध प्रदर्शन में शामिल सभी लोगों से बात करेंगे और भविष्य की कार्रवाई तय करेंगे। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि, बृज भूषण से जुड़े लोगों को से हटा दिया जाए और किसी ऐसे व्यक्ति को टॉप पर रखा जाए जो स्वच्छ और सक्षम हो।

# अभी हम खुद बच्चे हैं... विकी जैन के साथ बच्चे की प्लानिंग पर बोली अंकिता लोखंड

पवित्र रिश्ता फेम अंकिता लोखंडे ने विक्की जैन के साथ परिवार शुरू करने की अपनी योजना के बारे में खुलासा किया। उन्होंने कहा, अभी तो हम खुद बच्चे हैं! हां, हमने इस बारे में सोचा है!

अभिनेत्री अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन ने हाल ही में लोकप्रिय रियलिटी टेलीविजन शो, बिग बॉस 17 में भाग लिया। यह जोड़ी सीजन की सबसे लोकप्रिय प्रतियोगियों में से एक थी। हालांकि, शो के दौरान दोनों के रिश्ते में कई उतार-चढ़ाव आए और अक्सर एक-दूसरे से झगड़ते नजर आए। शो के बाद, लवबर्ड्स को नियमित रूप से एक साथ और दोस्तों के साथ घूमते देखा जाता है।

पवित्र रिश्ता फेम अंकिता लोखंडे ने विक्की जैन के साथ परिवार शुरू करने की अपनी योजना के बारे में खुलासा किया। उन्होंने कहा, अभी तो हम खुद बच्चे हैं! हां, हमने इस बारे में सोचा है! बीबी हाउस के अंदर विक्की-अंकिता के झगड़ों के बारे में बात की गई, जिसके बाद उनके परिवारों को भी चीजों को सुलझाने में शामिल होना पड़ा। एक्ट्रेस ने कहा, परफेक्ट कपल की लड़ाई नहीं होती क्या? वही परफेक्ट कपल होता है।



विक्की ने हस्तक्षेप करते हुए कहा, मैं पूरी तरह सहमत नहीं हूं। उस शो में आपके व्यक्तित्व का एक और पहलू सामने आता है। हो सकता है कि वह पक्ष सामने आ जाए जो असल जिंदगी में आपका व्यक्तित्व नहीं है। आप बाहर सामान्य रूप से अपनी पसंद की जिंदगी जीते हैं, परिवार को समय देते हैं। जिंदगी बहुत अलग है। यह असली शादी नहीं है जो लोगों ने शो में देखी।


उन्होंने कहा, आप भी एक प्रतियोगी हैं, हर किसी का चीजों को देखने का नजरिया अलग-अलग होता है। आप इसे अपनी तरफ से देखें. हम बाहरी दुनिया से जुड़े नहीं थे, इसलिए हमने उस दुनिया के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा, आपको (हमारी शादी) के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है, आज लग रहा है कि शायद हम केवल अच्छी चीजों को याद रखना चाहते हैं। अनजान लोगों के लिए, अंकिता लोखंडे बिग बॉस 17 में फाइनलिस्ट में से एक थीं और चौथे स्थान पर रहीं। दूसरी ओर, विकी जैन फिनाले वीक में शो से बाहर हो गए और टॉप 5 फाइनलिस्ट में शामिल होने का मौका चूक गए।

## शाहरुख खान की फिल्म डंकी को ओटीटी पर इस दिन किया जाएगा रिलीज, जाने किस प्लेटफोर्म पर और कब?

शाहरुख खान, तापसी पन्नू और विक्की कौशल अभिनीत डंकी आखिरकार ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। एक सफल नाटकीय प्रदर्शन के बाद, राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है।

शाहरुख खान, तापसी पन्नू और विक्की कौशल अभिनीत डंकी आखिरकार ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। एक सफल नाटकीय प्रदर्शन के बाद, राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। स्ट्रीमिंग दिग्गज ने बुधवार आधी रात को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस खबर की घोषणा की। स्ट्रीमिंग प्लेटफोर्म नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के साथ लिखा अपना सामान पैक करें! दुनिया भर में डंकी के बाद, घर आ रहे है। डंकी, अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग!

डंकी शाहरुख खान की 2023 की तीसरी रिलीज़ थी। दो बैक-टू-बैक मेगा ब्लॉकबस्टर के बाद, फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक थीं।



यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर पठान और जवान की तरह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन मेगा हिट रही और भारत में 227 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म के कलेक्शन पर सबसे ज्यादा असर प्रभास-स्टारर सालार पार्ट वनः सीजफायर से हुआ, जो शाहरुख की फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।

राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित, डंकी में बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर (कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर के भाई) भी हैं। फिल्म चार दोस्तों की कहानी बताती है जो विदेश में बसने के अपने सपने को पूरा करने के लिए यात्रा पर निकलते हैं।

अनजान लोगों के लिए, डंकी शब्द एक पंजाबी मुहावरा है, जिसका अर्थ है एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना। जब लोगों को अलग-अलग देशों में रोककर अवैध तरीके से दूसरे देश भेजा जाता है तो इसे गधा मार्ग कहा जाता है। अमेरिका, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों सहित देशों तक पहुंचने के इस मार्ग या रास्ते को अवैध आप्रवासन भी कहा जाता है। डंकी क्रिसमस की शाम को ले ग्रांड रेक्स के सबसे बड़े हॉल में दिखाई जाने वाली एकमात्र बॉलीवुड फिल्म भी है, जहां सिनेमा हॉल के बाहर किंग खान के प्रशंसकों की एक बड़ी कतार देखी गई थी। ले ग्रैंड रेक्स यूरोप का सबसे बड़ा सिनेमा हॉल है।

## बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर ने भावुक पोस्ट के साथ मनाया अपना वैलेंटाइन डे

बॉलीवुड की गतिशील जोड़ी, बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर, जो एक-दूसरे के प्रति अपनी अत्यधिक प्रशंसा के लिए जाने जाते हैं, को एक साथ वेलेंटाइन डे मनाते हुए देखा गया। स्नेही जोड़े ने अपने प्यार का इजहार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ पीडीए क्षण और स्पष्ट तस्वीरें साझा कीं। वेलेंटाइन डे आखिरकार आ ही गया है। इस विशेष अवसर पर, दुनिया भर के लवबर्ड्स कई अनूठे और कल्पनाशील तरीकों से अपने गहरे प्यार का प्रदर्शन करते हैं, हमारे कई प्यारे बॉलीवुड और टेलीविजन सितारे भी अपने रोमांटिक पक्षों को अपना रहे हैं। बॉलीवुड की गतिशील जोड़ी, बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर, जो एक-दूसरे के प्रति अपनी अत्यधिक प्रशंसा के लिए जाने जाते हैं, को एक साथ वेलेंटाइन डे मनाते हुए देखा गया। स्नेही जोड़े ने अपने प्यार का इजहार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ पीडीए क्षण और स्पष्ट तस्वीरें साझा कीं। बिपाशा बसु ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने फॉरएवर वैलेंटाइन करण सिंह ग्रोवर के साथ एक भावपूर्ण तस्वीर साझा की, जिसमें उनके मेहंदी समारोह की एक यादगार याद ताजा हुई। तस्वीर में, धूम 2 की अभिनेत्री गुलाबी और पिस्ता फूलों के परिधान में शानदार लग रही थी, जिसके साथ शानदार फूलों के आभूषण भी थे, जबकि फाइटर स्टार ने अपनी आकर्षक पोशाक में आकर्षण व्यक्त किया। जब जोड़े ने एक-दूसरे को देखा तो उनकी आंखें प्यार और खुशी से चमक उठीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे वैलेंटाइन फॉरएवर करण सिंह ग्रोवर, सभी को हैप्पी वैलेंटाइन डे समंकीलव। इतना ही नहीं, बिपाशा बसु ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने पति करण का एक मोनोक्रोम वीडियो साझा किया। क्लिप में, करण को अपनी प्यारी पत्नी को गुब्बारों के एक आनंददायक गुलदस्ते के साथ आश्चर्यचकित करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो के साथ बिपाशा ने लिखा, मेरे बंदर ने वैलेंटाइन डे की रस्म से मुझे आश्चर्यचकित कर दिया, जबकि बच्चा चहचहा रहा है एक बहुत ही शांत उत्सव! आई लव यू, करण सिंह ग्रोवर।



रोमांटिक माहौल को बढ़ाते हुए, करण सिंह ग्रोवर ने अपनी और अपनी प्यारी पत्नी की एक प्यारी तस्वीर भी साझा की। हमेशा के लिए मेरा वैलेंटाइनज हैप्पी वैलेंटाइन डे मेरे प्यार। उन्होंने लिखा, बिपाशा बसु, मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद।

# ताकत हमेशा रेम्बो नहीं होती.. मांसपेशियों में चोट के बाद ऋतिक रोशन ने बैसाखी के साथ शेयर की मिरर सेल्फी

अभिनेता ऋतिक रोशन, जिन्हें आखिरी बार एक्शन फिल्म फाइटर में देखा गया था, ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें उन्हें बैसाखी और ब्रेस के साथ खड़े देखा जा सकता है।

अभिनेता ऋतिक रोशन, जिन्हें आखिरी बार एक्शन फिल्म फाइटर में देखा गया था, ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें उन्हें बैसाखी और ब्रेस के साथ खड़े देखा जा सकता है। बुधवार को, अभिनेता ने एक मिरर सेल्फी साझा की और तस्वीर के साथ एक लंबा नोट लिखा। अभिनेता ने उस घटना को याद किया जब उनके दादाजी घायल हो गए थे और उन्होंने व्हीलचेयर पर बैठने से इनकार कर दिया था।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, शुभ दोपहर। आपमें से कितने लोगों को कभी बैसाखी या व्हीलचेयर पर रहने की जरूरत पड़ी और इससे आपको कैसा महसूस हुआ? मुझे याद है कि मेरे दादाजी ने हवाई अड्डे पर व्हीलचेयर पर बैठने से इनकार कर दिया था क्योंकि यह उनकी खुद की मजबूत की मानसिक छवि के साथ मेल नहीं खाता था। मुझे याद है मैंने कहा था लेकिन डेडा, यह सिर्फ एक चोट है और इसका आपकी उम्र से कोई लेना-देना नहीं है! यह चोट को ठीक करने में मदद करेगा और उसे और अधिक नुकसान नहीं पहुंचाएगा। यह देखकर मुझे बहुत दुख हुआ कि अंदर के डर और शर्मिंदगी को छिपाने के लिए उसे कितना मजबूत होने की जरूरत थी।





अभिनेता ने साझा किया कि उस समय उनके दादाजी ने जो कहा था, वह उसे समझ नहीं पाए और इससे उन्हें असहाय महसूस हुआ। उन्होंने कहा, मैंने तर्क दिया कि आयु कारक लागू नहीं है क्योंकि उसे चोट के लिए व्हीलचेयर की आवश्यकता है, न कि बुढ़ापे की। उन्होंने इनकार कर दिया और अजनबियों (जिन्हें वास्तव में परवाह नहीं थी) के लिए प्रदर्शन पर मजबूत छवि रखी। इससे उसका दर्द बढ़ गया और उपचार में देरी हुई। उस तरह की कंडीशनिंग में निश्चित रूप से योग्यता है, यह एक गुण है। यह एक सैनिक की मानसिकता है। मेरे पिता भी उसी कंडीशनिंग से आते हैं। पुरुष मजबूत हैं।

उन्होंने आगे उल्लेख किया, लेकिन अगर आप कहते हैं कि सैनिकों को बैसाखी की कभी जरूरत नहीं होती और जब चिकित्सकीय रूप से उन्हें पड़ती भी है, तो उन्हें मना कर देना चाहिए, सिर्फ ताकत का भ्रम बरकरार रखने के लिए, तो मैं बस यही सोचता हूं कि सद्गुण इतना आगे बढ़ गया है कि यह सादे मूर्खता की सीमा। मेरा मानना है कि सच्ची ताकत आराम, संयम और पूरी तरह से जागरूक होना है कि कुछ भी नहीं, न बैसाखी, न व्हीलचेयर, न कोई अक्षमता या भेद्यता-और निश्चित रूप से कोई भी बैठने की स्थिति उस विशाल की छवि को कम या बदल नहीं सकती है जो आप अंदर से हैं। मशीन गन के साथ सभी बाधाओं के बावजूद एफ-एम! कहने वाला रेम्बो होना हमेशा ताकत नहीं है। यह निश्चित रूप से लागू है. कभी-कभी।

उन्होंने कहा और यह वह प्रकार है जिसकी हम सभी आकांक्षा करते हैं। मैं भी। लेकिन ताकत तब अधिक प्रतिष्ठित होती है जब बाहर लड़ने वाला कोई न हो। यह आपके और आपकी छवि के बीच अंदर की शांत लड़ाई है। यदि आप उस भावना से बाहर आते हैं जैसे आप स्वयं धीमा नृत्य करना चाहते हैं, तो आप मेरे हीरो हैं। वैसे भी, कल मेरी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और मैं ताकत की इस अवधारणा के बारे में जानने के लिए जाग उठा। निःसंदेह यह एक बड़ी बातचीत है, बैसाखियाँ तो बस एक रूपक हैं। यदि आप इसे प्राप्त करते हैं, तो आप इसे प्राप्त करते हैं। काम के मोर्चे पर, 50 वर्षीय अभिनेता अगली बार जूनियर एनटीआर के साथ वॉर 2 में दिखाई देंगे।

## मदुरै में भाजपा नेता का शव बरामद, हत्या के एंगल से जांच में जुटी पुलिस




**चेन्नई।** शव पर कट के निशान पाए गए हैं। पहले पुलिस इस मामले में दुर्घटना के एंगल से जांच कर रही थी, लेकिन शव पर कटने के निशान मिलने के बाद पुलिस हत्या के एंगल से भी मामले की जांच में जुट गई है। तमिलनाडु के मदुरै में भाजपा नेता का शव मिला है। शव पर कटने के निशान पाए गए हैं, जिसके बाद पुलिस ने हत्या के एंगल से इसकी जांच शुरू कर दी है। जिस नेता का शव बरामद हुआ है, उनकी पहचान मदुरै जिले में ओबीसी मोर्चा के जिला सचिव शक्तिवेल (35 वर्षीय) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

भाजपा नेता शक्तिवेल का शव मदुरै जिले के थेवर कुरिंजी नगर इलाके से बरामद हुआ है। भाजपा नेता का शव वंडियार टोल गेट के पास मिला है। शव पर कट के निशान पाए गए हैं। पहले पुलिस इस मामले में दुर्घटना के एंगल से जांच कर रही थी, लेकिन शव पर कटने के निशान मिलने के बाद पुलिस हत्या के एंगल से भी मामले की जांच में जुट गई है। मौके पर डॉग स्क्वॉड की टीम पहुंची है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शक्तिवेल वाहनों को फाइनेंस कराने का काम करते थे और संगु नगर स्थित अपने गोदाम जा रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स में भाजपा नेता की हत्या होने का दावा किया जा रहा है रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना सुबह छह बजे की है, जब शक्तिवेल मदुरै के वलंतापुरम से अपने गोदाम जा रहे थे, तभी कुछ लोगों ने कथित तौर पर उन पर हमला किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## आम चुनाव के लिए ईसी की गृह मंत्रालय से विशेष मांग
## 3.40 लाख सीएपीएफ कर्मियों की तैनाती का भेजा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के लिए 920 सीएपीएफ कर्मियों की मांग की है। वहीं, धारा 370 हटने के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर में चुनाव होने जा रहा है। इस राज्य के लिए चुनाव आयोग ने 635 अतिरिक्त सीएपीएफ कर्मियों की तैनानी की मांग की है।

**प्रस्ताव**

**इस प्रस्ताव के अनुसार, चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के लिए 920 सीएपीएफ कर्मियों की मांग की है।**

आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कुल 3.40 लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबल (सीएपीएफ) कर्मियों की तैनाती करने की संभावना है। चुनाव आयोग ने गृह मंत्रालय से अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की मांग की थी। बता दें कि इस लोकसभा चुनाव के साथ




आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में विधानसभा चुनाव भी होगा।

चुनाव आयोग द्वारा कुल 3.40 लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबलों की तैनाती की मांग करने वाले प्रस्ताव पर विचार करने के बाद ही गृह मंत्रालय कोई निर्णय लेगा। सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों की तरफ से अनुरोध किए जाने के बाद चुनाव आयोग ने गृह मंत्रालय के पास अतिरिक्त सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती का प्रस्ताव भेजा था।

इस प्रस्ताव के अनुसार, चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के लिए 920 सीएपीएफ कर्मियों की मांग की है। वहीं, धारा 370 हटने के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर में चुनाव होने जा रहा है। इस राज्य के लिए चुनाव आयोग ने 635 अतिरिक्त सीएपीएफ कर्मियों की तैनानी की मांग की है। इन राज्यों के अलावा छत्तीसगढ़ के लिए 360, बिहार में 295, उत्तर प्रदेश के लिए 252, आंध्र प्रदेश, झारखंड और पंजाब के लिए 250, गुजरात, मणिपुर, राजस्थान और तमिलनाडु में 200, ओडिशा में 175, असम और तेलंगाना में 160, महाराष्ट्र में 150, मध्य प्रदेश में 113, त्रिपुरा में 100, हरियाणा में 95, अरुणाचल प्रदेश में 75, कर्नाटक, दिल्ली और उत्तराखंड में 70, केरल में 66, लद्दाख में 57, हिमाचल प्रदेश में 55, नागालैंड में 48, मेघालय में 45, सिक्किम में 17, मिजोरम में 15, दादरा और नगर हवेली में 14, गोवा में 12, चंडीगढ़ में 11, पुडुचेरी में 10, अंडामान-निकोबार में पांच और लक्षद्वीप में तीन सीएपीएफ कंपनियों की तैनाती की मांग की गई है। हालांकि, गृह मंत्रालय सीएपीएफ की उपलब्धता के आधार पर निर्णय लेगा। बता दें कि इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने की उम्मीद है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया है कि भाजपा अकेले 370 सीटें जीतेगी।

## संदेशखाली मामले में भाजपा के हंगामे पर बिफरीं ममता

**कोलकाता।** संदेशखाली में महिलाओं के साथ कथित तौर पर हुए अत्याचार के आरोपों को लेकर भाजपा ने विधानसभा में जमकर हंगामा काटा।



पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ कथित तौर पर हुए अत्याचार के आरोपों को लेकर भाजपा ने विधानसभा में जमकर हंगामा काटा। इसके बाद उसके विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा को संबोधित किया। ममता ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया है और न ही कभी होने दूंगी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि संदेशखाली में राज्य महिला आयोग को भेजा, पुलिस दल बनाकर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, हम संदेशखालि में स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, गलत काम में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## राज्यसभा के लिए हमें उद्धव-शरद पवार गुट का समर्थन, कांग्रेस का दावा

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने बताया कि हर जगह माहौल अच्छा है। लोग शिवसेना और उद्धव ठाकरे के साथ हैं।



उनकी कोशिश है कि दिल्ली के सामने झुकने वालों को वह सत्ता में आने नहीं देंगे। महाराष्ट्र में कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले पार्टी नेताओं के साथ आज विधान भवन स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक करेंगे। कांग्रेस की बैठक को लेकर नाना पटोले ने बताया कि ऐसी अफवाह फैलाई जा रही है कि पार्टी के नेता इसमें शामिल नहीं होने वाले हैं, जो कि सच नहीं है। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा, कल से लोनावला में हमारा दो दिन का सत्र है और विधायक वहां से चले जाएंगे। कुछ विधायक व्यक्तिगत कारणों की वजह से आज बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। ये सब हमें वास्तविक मुद्दों किसान आंदोलन और बेरोजगारी से भटकाने के लिए किया जा रहा है। सभी कांग्रेस नेता एकसाथ हैं और आगे भी रहेंगे। हमारे राज्यसभा उम्मीदवार चंद्रकांत हंडोरे को शरद पवार और उद्धव ठाकरे गुट से समर्थन मिलेगा। उन्हें हमारी गठबंधन पार्टियां समाजवादी पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी और अन्य पार्टियों से भी समर्थन मिलेगा। ये सभी हमारे उम्मीदवार को जीताने में मदद करेंगे। शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा, हर जगह माहौल अच्छा है। लोग शिवसेना और उद्धव ठाकरे के साथ हैं। ईमानदार लोग उद्धव ठाकरे के साथ हैं। मैं कहीं कोई प्रयास नहीं कर रहा हूं। उन्होंने आगे कहा, हमारी कोशिश है कि दिल्ली के सामने झुकने वालों को हम सत्ता में आने नहीं देंगे। जहां भी भाजपा की सरकार है वहां अस्थिरता है। हम महाराष्ट्र को एक अच्छी सरकार देना चाहते हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के नामांकन पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, अशोक चव्हाण कल आए और उन्हें 24 घंटों के भीतर राज्यसभा का उम्मीदवार बना दिया गया। अब मिलिंद देवड़ा और नकली शिवसेना के साथ क्या संबंध है? उन्होंने आगे कहा कि यह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाश शिंदे की बड़ी नाकामी है कि वह अपने ही लोगों को उम्मीदवार नहीं बना सकें।

## यूपी पुलिस भर्ती के लाखों छात्रों के सामने भारी संकट

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने अभिभावकों-छात्रों को यह सलाह दी है कि वे अपने घरों से समय से निकलें जिससे किसान आंदोलन के कारण उन्हें परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो। रास्ते में जगह-जगह लगे जाम के कारण बच्चों की परीक्षाएं न छूटे, इसके लिए उन्हें मेट्रो ट्रेनों का सहारा लेने के लिए कहा गया है। लेकिन केवल 10वीं और 12वीं में पढ़ रहे बच्चों के सामने ही उनकी परीक्षाएं छूटने का खतरा नहीं है। उनके साथ-साथ अन्य स्कूली छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की परीक्षा 17-18 फरवरी को है। अभ्यर्थियों को जिन परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना है, उसके लिए उन्हें एक-दो दिन पहले ही निकलना होगा। लेकिन परीक्षा के ठीक एक दिन पहले यानी 16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा और मजदूर मोर्चा ने भारत बंद का

**बैरिकेड**

**दिल्ली में गाजीपुर यूपी गेट बॉर्डर, सिंघु बॉर्डर और टिकरी बॉर्डर पर पुलिस ने भारी बैरिकेड लगा रखे हैं।**

आह्वान किया है। इससे उत्तर प्रदेश के साथ-साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में आवागमन प्रभावित हो सकता है। बसों-ट्रेनों और अन्य प्राइवेट वाहनों के संचालन पर बुरा असर पड़ सकता है।

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे गाजियाबाद के गौरव कुमार ने अमर उजाला से कहा कि इन पदों के लिए 60 हजार से ज्यादा की भर्ती निकाली गई हैं। प्रदेश के युवाओं के लिए यह बड़ा अवसर है जब वे अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। लेकिन इसी दौरान भारत बंद के आह्वान करने से उनके जैसे लाखों अभ्यर्थियों को भारी परेशानी



हो सकती है। उन्होंने कहा कि पहले तो सरकारी नौकरी नहीं निकलती है, अब जब नौकरी निकली है, तो किसानों के कारण परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने में भारी परेशानी से लाखों छात्रों का भविष्य अधर में अटक सकता है।

दिल्ली में गाजीपुर यूपी गेट बॉर्डर, सिंघु बॉर्डर और टिकरी बॉर्डर पर पुलिस ने भारी बैरिकेड लगा रखे हैं। इसके साथ-साथ छोटे-बड़े 27 अलग-अलग स्थानों पर भी लोगों की आवाजाही पर पुलिस की बारीक नजर है। जगह-जगह पर बैरिकेडिंग लगाने से भारी जाम लग रहा है और दस-पंद्रह मिनट की दूरी तय करने में भी घंटों का समय लग रहा है।

यूपी गेट गाजीपुर बॉर्डर पर लोगों के आवागमन पर अभी कोई प्रतिबंध नहीं है। लोग एनएच 24 हाईवे से दिल्ली से गाजियाबाद और गाजियाबाद से दिल्ली की ओर आ-जा रहे हैं। लेकिन बैरिकेडिंग लग जाने के कारण यहां भारी जाम लगा रहता है। लोगों को केवल फ्लाईओवर पार करने में ही आधे घंटे तक का समय लग रहा है। इसी फ्लाईओवर के नीचे दिल्ली से खोड़ा कॉलोनी की ओर जाने वाला रास्ता बंद है।

### अमेरिका के कंसास सिटी में गोलीबारी में एक की मौत, 22 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर फायरिंग हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 22 लोग घायल हुए हैं। अग्निशमन विभाग ने बताया कि गोलीबारी चीफ्स की सुपर बाउल जीत के लिए परेड और रैली के बाद हुई थी। घटना मिसौरी के कंसास शहर की है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, जब चीफ्स के प्रशंसक यूनियन स्टेशन के पश्चिम में गैरेज के पास से गुजर रहे थे, तभी वहां गोलीबारी हो गई थी। पुलिस ने हमले के बाद तीन हथियारबंद लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, तीन घायलों की हालत गंभीर है। घटना के बारे में एक महिला ने बताया कि जब गोलियां की आवाज आई तो हम वहां से भागकर एक लिफ्ट में छिप गए। हमने दरवाजे बंद कर दिए। सभी ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे। वहां सब परेशान थे। हमें नहीं पता था कि वहां से निकलना कितना सुरक्षित होगा।

## इमरान खान की पार्टी को झटका
### पंजाब में समर्थक तीन उम्मीदवारों ने थामा विपक्ष का दामन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव के साथ-साथ पंजाब में सरकार बनाने को लेकर सियासी रस्साकशी जारी है। दरअसल, इमरान के समर्थन से चुनाव लड़ने वाले कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए चुनाव में जीत हासिल की है। हालांकि, बहुमत से दूर होने की वजह से इमरान समर्थक अभी भी जद्दोजहद कर रहे हैं। वहीं, बाकी विपक्षी दल इमरान को हराने के लिए साथ आने को तैयार हो गए हैं। इस बीच पंजाब में रातोंरात इमरान के तीन समर्थक उम्मीदवारों ने विपक्षी दल का दामन थामने का फैसला किया है। इसे इमरान के सियासी करियर के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है। दूसरी तरफ जोड़तोड़ की राजनीति का नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज को फायदा मिला है। पीएमएल-एन पंजाब की प्रांतीय विधानसभा में निर्वाचित आठ और निर्दलीय सदस्यों और नेशनल असेंबली में निर्वाचित एक सदस्य को अपने पाले में लाने में कामयाब रही है। इससे नेशनल असेंबली (संसद का निचला सदन) में



उसकी सीटों की संख्या 80 और पंजाब असेंबली में सदस्यों की संख्या 150 से अधिक हो गई है।

पंजाब में पीएमएल-एन ने नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज को मुख्यमंत्री पद के लिए नामित किया है। पंजाब विधानसभा में पीटीआई समर्थित तीन सदस्यों ने अलीम खान की इस्तेकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) के साथ हाथ मिला लिया। आईपीपी के प्रमुख संरक्षक जहांगीर खान तारीन के इस्तीफे के बाद अलीम ही पार्टी का कामकाज संभाल रहे हैं। यह पार्टी नौ मई को हुई हिंसा के बाद इमरान खान की पीटीआई से अलग होकर बनी थी। अलीम कथित तौर पर ताकतवर समूहों की मदद से पंजाब में अपनी संख्या बढ़ाने के लिए पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को अपनी तरफ खींचने की कोशिश कर रहे हैं। प्रांतीय विधानसभा में निर्वाचित पीटीआई समर्थित तीन सदस्यों - सरदार अवैस द्रशिक, जाहिद इस्माइल भट्टा और हाफिज ताहिर कैसरानी तथा एक अन्य निर्दलीय सदस्य गजनफार अब्बास चीना ने लाहौर में अलीम से मुलाकात की और आईपीपी में शामिल होने की घोषणा की। अलीम ने दावा किया कि प्रांतीय विधानसभा में पीटीआई समर्थित 10-15 सदस्यों का एक अन्य समूह जल्द ही आईपीपी में शामिल होगा और वह उनके संपर्क में है।

### फोर्ट मायर्स में आर्मी चीफ जनरल पांडे को दिया गया ऑनर गार्ड

**वॉशिंगटन।** आर्मी चीफ अर्लिंगटन नेशनल सीमेट्री (कब्रिस्तान) गए, जहां उन्होंने बलिदान हुए सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। आर्मी चीफ ने अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ समेत कई अन्य शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात की।

भारतीय थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे अमेरिका दौरे पर हैं। आर्मी चीफ के दौरे का आज तीसरा दिन है। आज आर्मी चीफ फ्लोरिडा में फोर्ट मायर्स स्थित अमेरिकी सेना के बेस कैंप पहुंचे, जहां उन्हें ऑनर गार्ड दिया गया। इसके बाद आर्मी चीफ अर्लिंगटन नेशनल सीमेट्री (कब्रिस्तान) गए, जहां उन्होंने बलिदान हुए सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। आर्मी चीफ ने अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ समेत कई अन्य शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात की।

## सेना व्यवसाय के बजाए रक्षा पर दे ध्यान
### पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मांगा आश्वासन

**इस्लामाबाद।** सैन्य भूमि से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से आश्वासन मांगा कि सेना रक्षा के अलावा किसी अन्य कार्य को नहीं करेंगे। गौरतलब है कि सैन्य भूमि को व्यवसाय के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था।

सेना के राजनीतिक और व्यवसायिक हस्तक्षेप को लेकर पाकिस्तान स्थित सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आलोचना की है। एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से यह सुनिश्चित करने का आश्वासन मांगा कि सेना रक्षा के अलावा किसी अन्य व्यवसायों पर फोकस नहीं करेगा। गौरतलब है कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सैन्य भूमि के इस्तेमाल की जांच करने वाले एक मामले में तीन न्यायाधीशों की पीठ का नेतृत्व पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस बात पर जोर दिया कि देश की

**आलोचना**

**सेना के राजनीतिक और व्यवसायिक हस्तक्षेप को लेकर पाकिस्तान स्थित सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आलोचना की है।**

सभी संस्थानों को सिर्फ अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए, उन्हें सीमाओं के भीतर ही रहना चाहिए। गौरतलब है कि 2021 में यह मामला पर सुनवाई शुरू हुई थी। कराची में छावनी बोर्ड की भूमि का अवैध इस्तेमाल करके वाणिज्यिक लाभ में प्रयोग किया गया था। बुधवार को न्यायाधीश ईसा ने खेद व्यक्त किया कि सेना ने सैन्य भूमि पर विवाह हॉल स्थापित किए हैं।

सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ईसा ने अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान से




कहा कि प्रत्येक सरकारी संस्थान को अपने अधिकार क्षेत्र में रहना चाहिए। जज ने कहा कि क्या हमें यह आश्वासन मिल सकता है। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल ने न्यायाधीश की बातों पर हामी भरी। सुनवाई के दौरान इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के वकील ने अदालत को बताया कि जिस इमारत से विवाद हुआ वह बोर्ड की थी क्योंकि जिस व्यक्ति को जमीन आवंटित की गई थी, उसने इसे फर्जी कागजात पर बेच दिया, जिसके बाद पांच मंजिला इमारत बनाई

इस बात पर न्यायाधीश मुहम्मद अली मजहर ने सख्त लहजें में कहा कि जब इमारत का निर्माण हो रहा थो क्या ईटीपीबी की आंखे बंद थी। मुख्य न्यायाधीश ईसा ने कहा कि सिंध बिल्डिंग कंट्रोल अथॉरिटी की भागीदारी के बिना यह संभव नहीं होता। अदालत ने कहा कि कराची रजिस्ट्री की संपत्ति का ऑडिट संघीय राजस्व बोर्ड द्वारा किया जाना चाहिए।

### रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो होंगे इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में हुए राष्ट्रपति चुनावों की मतगणना बुधवार को शुरू हुई। नतीजों के शुरुआती रुझानों में तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो ने 58 फीसदी मतों के साथ प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है। रुझानों के बाद सुबियांतो ने अपनी जीत का एलान करते हुए कहा कि वे देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। हालांकि, सुबियांतो को देश में लोकतंत्र विरोधी नेता के तौर पर जाना जाता है। इंडोनेशिया के करीब 20 करोड़ लोगों ने अपना राष्ट्रपति चुनने के लिए बुधवार को मतदान किया था। कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 80 फीसदी ने मतदान किया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, प्रारंभिक मतगणना बहुत धीमी थी। प्रबोवो को 57.7 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं। जीत की घोषणा के बाद प्रबोवो ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह परिणामों के लिए आभारी हैं।

## भारतीय और चाइनीज कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा यूरोपीय संघ, रूस की मदद करने का आरोप

**जर्मनी।** यूरोपीय संघ भारतीय-चाइनीज समेत कई अन्य देशों की कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। यूरोपीय संघ का आरोप है कि ये कंपनियां यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में रूस की मदद कर रही हैं। यूरोपीय संघ ने इन कंपनियों पर प्रतिबंध का प्रस्ताव दिया है और अगर ये प्रस्ताव सभी सदस्य देश पारित कर देते हैं तो ये पहली बार होगा, जब चीन की कंपनी पर यूरोपीय संघ सीधा प्रतिबंध लगाएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूरोपीय संघ जिन कंपनियों पर प्रतिबंध की तैयारी कर रहा है, उनमें हॉन्ग-कॉन्ग, सर्बिया, भारत, तुर्किए और चीन की कंपनियां शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह खबर सामने आयी है। हालांकि कानूनी कारणों से कंपनियों के नामों का खुलासा नहीं किया गया है। कंपनियों पर प्रतिबंध का मतलब ये होगा कि जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगेगा, वो भविष्य में यूरोप की कंपनियों के साथ व्यापार नहीं कर



पाएंगी। यूरोपीय संघ का आरोप है कि रूस इन्हीं थर्ट पार्टी कंपनियों की मदद से प्रतिबंधित सामान की खरीद कर रहा है, जो प्रतिबंधों की वजह से उसे सीधे नहीं मिल पा रहा है।

यूरोपीय संघ ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद के आरोप में पहले भी कई चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध का प्रस्ताव रखा था, लेकिन वह प्रस्ताव कई सदस्य देशों के विरोध के बाद खारिज कर दिया गया था। साथ ही चीन ने भी वादा किया था कि वह रूस की मदद नहीं करेगा। बता दें कि चीन, यूरोप के कई देशों का अहम व्यापारिक साझेदार है। यूरोपीय संघ के प्रमुख देश जर्मनी की कारों के लिए चीन की सबसे बड़ा बाजार है। यही वजह है कि यूरोपीय संघ के कई देश चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने से हिचकिचा रहे हैं।

जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी है, उनमें अधिकतर कंपनियां तकनीकी और इलेक्ट्रोनिक्स कंपनियां हैं। कंपनियों पर आरोप है कि इन्होंने रूस के सैन्य और तकनीकी तौर पर मजबूत होने में मदद की और रूस के रक्षा और सुरक्षा सेक्टर के विकास में योगदान दिया।

बीते साल अप्रैल में यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लिन ने बीजिंग का दौरा किया था और उस दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात में रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर अपनी चिंताओं से उन्हें अवगत कराया था।

यूरोपीय संघ जिन कंपनियों पर प्रतिबंध की तैयारी कर रहा है, उनमें तीन कंपनियां चाइनीज, एक भारतीय, एक श्रीलंकाई, सर्बिया, कजाखस्तान, थाईलैंड, तुर्किए और हॉन्ग कॉन्ग की कंपनियां शामिल हैं।

## अमेरिका में भारतीय मूल के लड़के को 51 महीने की जेल, बुजुर्ग महिला को लगाया 1,50,000 डॉलर का चूना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक 24 वर्षीय भारतीय मूल के लड़के को अमेरिकी महिला के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में 51 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, लड़के ने महिला को कंप्यूटर हैकिंग के जरिए 150,000 अमेरिकी डॉलर का चूना लगाया था।

भारतीय मूल के लड़के की पहचान सुखदेव वैद्य के तौर पर की गई है। उसे पिछले साल दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। उसने अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटर हैकिंग के जरिए महिला को निशाना बनाया था और उनसे 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी की।

बुधवार को अदालत ने बताया कि कस्टडी से रिहा होने के बाद आरोपी को निर्वासन के लिए ब्यूरो ऑफ कस्टम और इमीग्रेशन इंफोर्समेंट के पास भेजा जाएगा। अदालत ने आरोपी को मुआवजे के तौर पर 1,236,470 अमेरिकी डॉलर देने का भी आदेश दिया है।

अमेरिकी सरकार ने आरोप लगाया कि भारत की तरफ से एक बड़ा उद्यम अमेरिकी बुजुर्गों को निशाना बना रहा है। उनसे अबतक 1,236,470 अमेरिकी डॉलर की



धोखाधड़ी की गई है। इस धोखाधड़ी का पता चलने पर एफबीआई ने कार्रवाई शुरू की और आरोपी सुखदेव वैद्य को गिरफ्तार किया था।

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक निर्वाचन क्षेत्र में दोबारा मतगणना के दौरान दो राजनीतिक दलों के बीच झड़प हो गई। इस झड़प में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए।

निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर बलूचिस्तान आवामी पार्टी (बीएपी) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के समर्थकों के बीच झड़प हुई। आठ फरवरी को हुए चुनाव में बीएपी को मुहम्मद सालेह भूटानी ने अनौपचारिक नतीजे घोषित होने के बाद जीत का दावा किया था लेकिन पीपीपी के अली हसन जहरी ने दोबारा मतगणना कराने की मांग की थी। इसके बाद पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने दोबारामतगणना कराने का आदेश दिया था।

# सीवर बिछाने के बाद तत्काल सड़क को मोटरेबल करे

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा अमृत योजना के अन्तर्गत शहर हेतु निर्माणाधीन सीवरेज योजना की समीक्षा बैठक उ0प्र0 जल निगम के अधिकारियों तथा कार्यकारी फर्म मैसर्स टेक्नोक्राफ्ट कंस्ट्रक्शन, प्रा0लि0, नोएडा के प्रतिनिधियों के साथ जनसुनवाई कक्ष में की गयी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा परियोजना की धीमी प्रगति पर एवं अन्य खोदी गयी सड़कों के समयान्तर्गत मोटरेबल व स्थायी पुनर्स्थापन न किये जाने से जनमानस को आवागमन में हो रही असुविधा पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं कार्यकारी फर्म मैसर्स टेक्नोक्राफ्ट कंस्ट्रक्शन, प्रा0लि0, नोएडा के प्रोजेक्ट मैनेजर अर्पित सिंघल को कड़े निर्देश दिये गये कि मैनपावर व टी0एण्ड पी0 बढ़ाते हुये प्रत्येक दशा में कार्यो को निर्धारित समय में पूर्ण करायें तथा जिन सड़को को खोदकर सीवर बिछाया जा रहा है उन्हें तत्काल मोटरेबल किया जाये एवं निर्धारित समयावधि में स्थायी पुनर्स्थापन का भी कार्य पूर्ण कराया जाये, जिससे जनता को आवागमन में कोई भी असुविधा न हो अन्यथा की दशा में फर्म के विरूद्ध कठोरतम् कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जनपद में निर्माणाधीन कार्यो एवं पूर्व में कराये गये कार्यो का निरीक्षण किया गया। जिसके अन्तर्गत मछलीशहर पड़ाव, बदलापुर पड़ाव, सद्भावना तिराहा होते हुये हरईपुर ड्रेन का निरीक्षण किया गया और निर्देशित किया गया कि खोदी गयी सड़को को निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण करायें आदेशों की अवहेलना की स्थिति में कार्यकारी फर्म के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सचिन सिंह, अधिशासी अभियन्ता व जूनियर इंजीनियर, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम आशीष सिंह, परियोजना प्रबन्धक, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई, वाराणसी, श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पवन कुमार, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस परीक्षा को लेकर डीएम ने दिया निर्देश

**जौनपुर।** आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के सम्बन्ध में तैयारियों की समीक्षा बैठक जिला मजिस्ट्रेट रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा प्रदेश के समस्त जनपदों में चयनित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी है। उन्होंने बताया कि जनपद में 17 व 18 फरवरी को दोनो पालियों (प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक, द्वितीय पाली अपरान्ह् 03 बजे से 05 बजे तक) परीक्षा सम्पन्न होगी, परीक्षा ड्यूटी में नामित कर्मियों द्वारा परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 7 बजे से लेकर सायंकाल की परीक्षा समाप्त होने तक उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

# स्वच्छता जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- नगर निगम प्रयागराज और गंगा टास्क फोर्स क संयुक्त अभियान

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** आज वीआईपी घाट पर नगर निगम प्रयागराज और गंगा टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में बृहद सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के बारे जानकारी देते हुए श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस के आई सी ई प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने कहा की गंगा हमारी जीवनरेखा है और माघ मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत इसलिए माघ मेला में आए सभी जनमानस की जिम्मेदारी है की स्वच्छता बनी रहे। इस अभियान के दौरान प्लॉग रन करके 10 किलो प्लास्टिक इकट्ठा किया गया और उसे कचरा गाड़ी को देकर एमआरएफ रीसाइकिल के प्लांट भेजा गया। रिवर स्कीमर के साथ मिलकर से 15kg गीला कचरा इकठ्ठा किया जिसे खाद बनाने के बसवार प्लांट नैनी भेजा गया। महाराष्ट्र और बंगाल से आए श्रद्धालुओं से सफाई को लेकर जागरूक किया गया। वीआईपी घाट से संगम नोज तक लगी नाविकों से लाइफ जैकेट की उपयोगता और महत्व पर चर्चा की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए जागरूक किया गया। गंगा में स्नान के बाद माला फूल डालने वाली को रोका गया और उसे पूजा सामग्री बने जोन में रखा गया। मेले में लगे सफाई मित्र के प्रति श्रद्धालु के व्यवहार परिवर्तन की बात भी गई। सभी को गंगा को स्वच्छ रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान नगर निगम प्रयागराज से जोनल अधिकारी संजय ममगाई, गंगा टास्क फोर्स से सूबेदार संतोष सिंह , मिराज खान और अन्य जवानों के साथ साथ सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस से राहुल नागर, आशिक कुमार पटेल, कृष्ण कुमार मौर्य इत्यादि मौजूद रहे।

# सीटीपी ने कराई प्रोग्रामिंग प्रतियोगिता

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पुर्वांचल विश्वविद्यालय में गूगल डेवलपर स्टूडेंट्स क्लब और सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट (सीटीपी)द्वारा प्रोग्रामिंग प्रतियोगिता कराया गया। इसमें इंजीनियरिंग संकाय के 120 छात्रों ने प्रतिभाग किया मार्च 2024 मे होने वाले जॉब फेयर के लिए छात्रों को प्रोग्रेमिंग प्रतियोगिता से मदद मिलेगी। यह प्रतियोगिता दो चरणों में थी पहले चरण में छात्रों ने अपने उत्तर को ऑनलाइन सबमिट किया उसके बाद उत्तर को प्रोफेसरों के समक्ष प्रस्तुत किया। छात्रों के उत्तर के अवकलन हेतु असिस्टेंट प्रोफ़ेसर दिलीप कुमार यादव और असिस्टेंट प्रोफेसर प्रवीण कुमार पांडेय उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम का नेतृत्व असिस्टेंट प्रोफेसर दिलीप कुमार यादव (फैकल्टी एडवाइजर जी डी एस सी ) ने किया। छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रो.प्रदीप कुमार (समन्वयक सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल) उपस्थित रहे। कम्प्यूटर साइंस और इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ संजीव गंगवार ने छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का संचालन यत्नदीप दुबे ने किया। इस प्रतियोगिता के सफल समापन के लिए श्याम त्रिपाठी और जी डी इस सी के सदस्य सरिता सिंह, अनुशा वर्मा, प्रकृति गुप्ता, विकाश यादव, नवनीत मौर्य, आकाश कुमार, नेहा तिवारी, शुभम कुमार, विनीत त्रिपाठी , राहुल झा आदि उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर स्थित संगोष्ठी भवन में दो दिवसीय समीक्षा/ कार्यशाला समापन हुआ। समीक्षा/ कार्यशाला में विकास योजनाओं से सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियो ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं के सम्बन्ध में पी0पी0टी0 के माध्यम से संक्षिप्त में उपस्थित प्रधानों एवं कर्मचारियों को जानकारी प्रदान किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य शीघ्र खत्म किया जाए। विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। ग्राम पंचायत में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालयो में स्मार्ट क्लासेस संचालित होती रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विद्यालयों में शिक्षको को उपस्थिति सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर छोटी-छोटी बीमारियों का इलाज किया जाए। सभी सीएचओ अनिवार्य रूप से निर्धारित समयावधि में उपस्थित रहे। सभी प्रकार की आवश्यक दवाई उपलब्ध रहे। सामुदायिक शौचालय निर्धारित समय अवधि में अनिवार्य रूप से खुले, अगर निरीक्षण के दौरान बंद होने की शिकायत पाई गई तो सम्बंधित सेक्रेटरी और ग्राम प्रधान पर कार्यवाही की जाएगी। सामुदायिक शौचालय साफ सुथरा रहे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पंचायत भवन पर शासकीय सुविधा उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत भवनों पर पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई है जिनके द्वारा पंचायत भवन पर ही प्रार्थना पत्र का रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि कई पंचायत सहायक बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं और अन्य लोग भी उनसे प्रेरणा ले। सभी आंगनबाड़ी केंद्र समय से खोलने और बच्चों को शासन के निर्देश क्रम में एक्टिविटी कराये जाये। जिलाधिकारी ने सभी लोगों को निर्देशित किया कि आगे भी इस तरह की बैठक कर कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी अच्छा प्रदर्शन करने वालो को प्रोत्साहित एवं खराब प्रदर्शन करने वालो को दंडित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्वच्छता बहुत ही जरूरी है 16 तारीख से जनपद में वृहद रूप से साफ-सफाई का कार्य कराया जाएगा, जिसके लिए आज से ही तैयारी कर ले। नालियों में एंटी लारवा का छिड़काव भी कराया जाएगा। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को निर्देशित किया कि पूर्ण मनोयोग और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए जनपद के विकास में अपना योगदान दें।जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि मतदान बूथों पर सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। बिजली व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए, रैम्प ठीक करा लिया जाए।उन्होंने यह भी निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के तहत जो भी सड़के टूटी हैं उन्हें अभियान चलाकर उनके समतलीकरण करने का कार्य किया जाए।

## भारत जोड़ो यात्रा को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक

**आजमगढ़।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शहर कांग्रेस कमेटी की भागीदारी को लेकर तैयारी बैठक कांग्रेस कार्यालय पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष नजम शमीम की अध्यक्षता में संपन्न हुयी बैठक मे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अनीस खान एवं लालगंज लोकसभा के कोआर्डिनेटर घनश्याम सहाय उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रभारी आजमगढ़ अनीस खान ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को अपार जन-समर्थन मिल रहा है। राहुल गांधी नफ़रत के बाजार में मुहब्बत की दूकान खोलने निकले हैं। उत्तर प्रदेश के लोग भी यात्रा के स्वागत का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यात्रा को लेकर उत्साहित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीकृष्ण बने विश्व हिंदू सिक्ख महापरिषद के राष्ट्रीय प्रचारक



**जौनपुर (खुटहन)।** रूस्तमपुर गांव निवासी व प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ को विश्व हिंदू सिक्ख महापरिषद का राष्ट्रीय प्रचारक मनोनित किया गया है। विश्व हिंदू सिक्ख महापरिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष और आचार्य पीठ तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य जी ने अयोध्या में उन्हें मनोनयन पत्र सौंपते हुए उक्त जिम्मेदारी दी। श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ ने जगतगुरु आचार्य परमहंस जी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अपनी क्षमतानुसार संगठन का प्रचार-प्रसार करने की पूरी कोशिश की जाएगी। श्री पांडेय ने बताया कि आचार्य परमहंस जी के मंशा के अनुरूप भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्हें यह जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

### महर्षि यमदग्नि प्रवेश द्वार का शिलान्यास



**जौनपुर।** शहर के समीपस्थ जमैथा गांव में अखड़ो घाट स्थित बाबा परमहंस व मां अखड़ो देवी मंदिर के सामने विशाल प्रवेश द्वार बनेगा। बुधवार को प्रवेश द्वार का भूमिपूजन और शिलान्यास ग्राम प्रधान अमरसेन यादव ने पूजा पाठ के साथ किया। प्रधान ने बताया कि ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों की हार्दिक मांग थी कि यह स्थान महर्षि यमदग्नी ॠषि की तपोसथली रही है। यहां पर एक प्रवेश द्वार बनना चाहिए। ग्राम वासियों की इच्छा को देखते हुए प्रवेश द्वार का शिलान्यास किया गया है। लगभग दो माह में गेट का निर्माण पूरा होगा। और महर्षि जमदग्नि प्रवेश द्वार के नाम से जाना जाएगा। आशुतोष सिंह ने कहा कि प्रवेश द्वार बन जाने से आने वाले पर्यटकों को सहुलियते मिलेगी। राजनदास , अरविंद शुक्ला, सुधाकर शुक्ला , विनय शुक्ला डा0 अमित यादव राममिलन सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने कैंडल मार्च निकालकर पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**प्रयागराज।** भाजपा युवा मोर्चा कीडगंज मण्डल के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम मे भाजपाइयों ने पुलवामा में सी0आर0पी0एफ0 जवानों से भरी वाहन पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद भारत माता के सभी वीर जवानों के शौर्य एवं बलिदान को नमन करते हुए कैंडल मार्च निकाला उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कीडगंज मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष सिद्धार्थ पाण्डेय, निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष मनोज मिश्र, राजेश केसरवानी, अजय अग्रहरि, राजा राम पाण्डेय , अजय सिंह रावत, आयुष अग्रहरि मुकेश लारा एवं मंडल के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### टाई मैच में अनुज और शुभम चमके



**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्लब और जमुना क्लब के बीच खेला गया कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग का मुकाबला टाई रहा। जमुना क्लब के अनुज कुमार शर्मा (76 रन एवं तीन विकेट) और भानु प्रताप क्लब के शुभम गुप्ता (7-0-38-6) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। चक हरिहर वन मैदान झूसी पर गुरुवार को खेले गए मैच में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 35 ओवर में 7 विकेट पर 235 रन (लव कुश चौहान 63, अखिल कुमार कश्यप 51 नाबाद, ॠषभ सिंह 38, अतहर प्रजापति 23, अनुज कुमार शर्मा 3/27, आदेश शर्मा 2/36) बनाये। जवाब में जमुना क्लब की टीम भी 35 ओवर में 235 रन (निखिल शर्मा 88, अनुज कुमार शर्मा 76, शुभम गुप्ता 6/38) ही बना सकी। मैच में पवन वर्मा और श्याम यादव अंपायर और हितेश श्रीवास्तव स्कोरर रहे।

# पुरस्कृत हुई मेधावी छात्राएं, प्रस्तुत हुए रंगारंग कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

- जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में उत्साह पूर्वक मनाया गया वार्षिकोत्सव




**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज वार्षिकोत्सव वासंतिका का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में प्रो. संजय सक्सेना, डीन, फैकेल्टी ऑफ़ आर्ट, इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के मैनेजर प्रो0 असीम मुखर्जी, जगत तारन एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. आशिमा घोष ने अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत करते हुए महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रो. संजय सक्सेना ने अपने सम्बोधन में कहा कि जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज कि स्थापना उस समय हुई जब लोग लड़कियों को शिक्षा के लिए बाहर नहीं भेजना चाहते थे, तब से लेकर अब तक यह कॉलेज लगातार स्त्री शिक्षा के उन्नयन में लगा है और मुझको पूरा विश्वास है कि इसका भविष्य आगे भी उज्जवल है। सम्बोधन के बाद महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा 'अर्धनारीश्वर बैले' की मनमोहक प्रस्तुति की गई। प्रो. असीम मुखर्जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा महाविद्यालय निरंतर नई उपलब्धियों को प्राप्त कर रहा है, मुझको पूरा विश्वास है कि हमारा महाविद्यालय इस बार नैक का ए+++ रैंक प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के अगले चरण में महाविद्यालय में बी.ए., बी. कॉम. एवं एम.ए. में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं एवं खेलकूद में अग्रिम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं पदक प्रदान किए गए। तत्पश्चात प्रदीप मुखर्जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा महाविद्यालय शिक्षा, खेल-कूद, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर महाविद्यालय में महाविद्यालय के मैनेजर प्रो0 असीम मुखर्जी, जगत तारन एजुकेशन सोसायटी के अन्य सम्मानित सदस्य, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ. नीलमकान्त के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## फरार अभियुक्त के घर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा

**आजमगढ़।** थाना तहबरपुरघटना का संक्षिप्त विवरण-अभियुक्त राम निवास यादव पुत्र गुरुचरन यादव साकिन सरदहा थाना तहबरपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0-513,2023 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ की विवेचना थानाध्यक्ष थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़ द्वारा सम्पादित की जा रही है। अभियुक्तगण के घर विभिन्न तिथियों में दबिश दी गयी परन्तु अभियुक्त गिरफ्तार नहीं हुआ और न ही न्यायालय में हाजिर हुआ। न्यायालय ए0एस0जे0 कोर्ट नं0 06 (गैंगेस्टर कोर्ट) के आदेश के क्रम में 82 सीआरपीसी की नोटिस व्यापक प्रचार प्रसार तथा मुनादी कराते हुए घर तथा सर्वविदित स्थानों पर नोटिस की प्रति चस्पा की गयी है।

## मागों को लेकर समूह सखियों नेको सौपा ज्ञापन



**आजमगढ़।** उ0प्र0 आजीविका कैडर सद्य समूह सखीयों ने जिललाधिकारी को ज्ञापन दिया। समूह सखियों जिलाध्यक्ष मन्जू ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को के अर्न्तगत काम कर रही समूह सखियों की समस्याए तथा माग पत्र दिया। ज्ञापन देने वाले में समूह सखियों के जिलाध्यक्ष मन्जू, रेखा कोषाध्यक्ष इन्दासनी देवी, नीतू, गुड्डी, नीमता, आरती, नीतू, किरन देवी, पूनम चौहान, रीना, किरन, निर्मला, गुड्डी, शशीकला, शीला उषा, फूलमती, नीलम, सविता, पूनम हूस्नतारा, रेनू देवी, सुनीता, किरन, चन्द्रकला, सोनी आदि रही।

# 400 लाभार्थियों ने उठाया सोलर रूफ टॉप योजना का लाभ

**अवधनामा संवाददाता**

- सौर ऊर्जा पर निर्भरता को बढ़ावा दे रही है योगी सरकार
- लाभार्थियों को दी गई 120 लाख की सब्सिडी
- सरकारी संस्थानों के भवनों में हो रहा है 3140 किलोवाट सौर ऊर्जा का उत्पादन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की सरकार प्रदेश में ऊर्जा सरंक्षण और नवीनीकरण योग्य ऊर्जा के स्रोतों के विकास पर निरंतर जोर दे रही है । सरकार की यह नीति धरातल पर उतर रही है । कुंभ नगरी प्रयागराज में इसी जागरूकता का परिणाम है कि यहां हर महीने करोड़ों की बिजली सौर ऊर्जा से पैदा की जा रही है। प्रकृति को प्रदूषण मुक्त रखने में भी यह पहल कारगर साबित हो रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के जिन शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकास कर रही है उसमे कुंभ नगरी प्रयागराज भी शामिल है। सोलर रूफ टॉप योजना इसमें कारगर जरिया बन रही है। यूपीनेडा के परियोजना प्रबंधक कुमार गौरव के मुताबिक प्रयागराज शहर में सोलर रूफटॉप योजना में दिसंबर 2023 तक 400 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला है। शहर में 1555.18 किलोवाट सोलर ऊर्जा का उत्पादन इन लाभार्थियों के द्वारा हो रहा है। इस योजना के अंतर्गत इन लाभार्थियों को 120 लाख की सब्सिडी भी सरकार की तरफ से दी हैं। शहरी क्षेत्र में निजी भवनों में सोलर पैनल लगवाने में लोगों ने गहरी रुचि दिखाई है। सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के बाद सरकार ग्रामीण इलाकों को सोलर ग्राम के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य करने के लिए योजना बना रही है। प्रदेश की योगी सरकार बिजली की लागत को कम करने के साथ ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को विकसित करने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रही है। ऊर्जा संरक्षण के इस प्रयास से प्रयागराज में हर महीने 20 करोड़ से अधिक की सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। यूपीनेडा के परियोजना प्रबंधक कुमार गौरव बताते हैं कि प्रदेश सरकार के प्रयास से सौर ऊर्जा परंपरागत बिजली आपूर्ति का किफायती विकल्प बनकर सामने आया है समय की मांग को देखते हुए प्रयागराज जिले में सौर ऊर्जा पर निर्भरता तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में जनपद में 20 करोड रुपए से अधिक की बिजली सौर ऊर्जा से पैदा की जा रही है इसमें सरकारी संस्थाओं में अकेले 3140 किलोवाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। इन संस्थानों में ट्रिपल आईटी सबसे अधिक 1100 किलो वाट सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। इसी तरीके से इलाहाबाद हाईकोर्ट 740 और इसको फूलपुर 500 किलो वाट सौर ऊर्जा उत्पादित कर रही है। सिविल एविएशन बमरौली 300 किलोवाट ऊर्जा उत्पादित कर रही है। इस तरह जनपद में हर महीने एक करोड़ से अधिक का सौर ऊर्जा का उत्पादन सार्वजनिक क्षेत्र में हो रहा है। इतना ही नहीं जिले में चार निजी कंपनियां सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रही हैं। इनसे प्रतिदिन 18.03 करोड़ की बिजली यूनिट उत्पादन हो रहा है। इसी तरह जिले में सरकारी संस्थानों से हर महीने एक करोड रुपए से अधिक की सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है।

# राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय में छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय प्रयागराज में आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना डिग्री शक्ति के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण वितरण का कार्यक्रम महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मेयर गणेश केसरवानी को आमंत्रित किया गया। दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी। अतिथि का स्वागत प्राचार्य प्रोफेसर रंजना त्रिपाठी ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्रम द्वारा किया। महाविद्यालय की डीआईजीआई शक्ति योजना की नोडल ऑफिसर डॉक्टर नीलिमा सिंह, ने योजना का विवरण प्रस्तुत कर सभी को इस विषय से अवगत कराया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। छात्रों को स्मार्टफोन मिलने के पश्चात मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार की नीति सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास है। सत्ता परिवर्तन के साथ ही आम आदमी के जीवन में भी परिवर्तन आया है। वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन को जागृत कर नारी सशक्तिकरण को मजबूत किया है। जो देश के बुनियादी लोग हैं उन्हें कर्तव्य बोध से जोड़ने का कार्य सरकार रही है। प्रतियोगिता के इस दौर में संसाधन के बिना हमारे देश का युवा पिछड न जाये, इसलिए हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने स्मार्टफोन वितरण की योजना का प्रारंभ किया है। यह स्मार्टफोन जिम्मेदारी के रूप में युवाओं को वितरित किया जा रहा है, जिसका उचित प्रयोग एक सफल नागरिक बनकर देश की सेवा कर सकें। महापौर ने कन्या सदन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुये नारी सशक्तिकरण की बात की। महापौर ने स्वच्छ भारत अभियान से जोड़ते हुए घर-घर रंगोली बनाने का भी संदेश छात्राओं को दिया। मुख्य अतिथि के उद्बोधन के पश्चात उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नीलिमा सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या प्रोफेसर रंजना त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉक्टर कौमुदी श्रीवास्तव, डॉ सुधा जायसवाल, डॉक्टर नमिता यादव एवं सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित रही।

# सपा और कांग्रेस ने मुसलमानों को दिया धोखा: दानिश अंसारी



**अवधनामा संवाददाता**

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** आजमगढ़ के मुबारकपुर पहुँचे योगी सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी, बोले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने मुस्लिमों को हमेशा धोखा देने का काम किया है. दअरसल बुधवार को देरात मुबारकपुर अल्जामिअतुल अशरफ़िया स्थित रॉयल फैमिली ढाबा पर एक प्रेस वार्ता में मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी पर फायर हो गए उन्होंने ने कहा की ये मुस्लिमों को हमेशा राजनीतिक इस्तेमाल करने का काम किया। मोदी और योगी सरकार ने मुसलमानों को वोट बैंक के चश्मे से नहीं देखा है.उन्होंने ने कहा समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने मुसलमानों को वोट बैंक के तौर पर काम किया है. मंत्री ने कहा की मोदी सरकार और योगी जी मुस्लिम समाज के विकास के लिए काम कर रहे हैं. उन्होंने ने कहा मुस्लिमों के लिए आपने क्या किया है तो कांग्रेस और सपा के पास कोई जवाब नहीं था। लेकिन मोदी और योगी सरकार ने मुसलमानों को बताया की उनकी शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, रोजगार हो,उद्योग हो, सुरक्षा हो, व्यापार हो तमाम मुद्दों पर भाजपा सरकार मुसलमानों के साथ खड़ी है।और आज मुसलमान मानता है की अगर मुस्लिमों का सबसे बड़ा कोई हितैषी है तो मोदी और योगी हैं। दानिश आजाद अंसारी ने कहा की आने वाले चुनाव में मुसलमान भाजपा के साथ हैं अभी निकाय चुनाव में मुस्लिम समाज ने बड़ी संख्या में पूरे उत्तरप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को वोट दिया है। एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत है।

# शंकराचार्य भारती कृष्ण तीर्थ के दार्शनिक विचार आज भी प्रासंगिक: शंकराचार्य

- पूरी दुनिया में लहराया वैदिक गणित एवं सनातन धर्म का परचम

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** पूर्वाम्नाय गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने गोवर्धन मठ के 143वें शंकराचार्य स्वामी भारती कृष्ण देवतीर्थ को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे ऐसे महान संत थे जिन्होंने वैदिक गणित की खोज कर पूरे विश्व को आश्चर्य में डाल दिया था। साथ ही सनातन धर्म और वैदिक गणित के प्रचार प्रसार के लिये पूरी दुनिया का भ्रमण किया। उनके शोध और दार्शनिक विचार आज भी प्रासंगिक हैं। गोवर्धन मठ के 145वें शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ माघमेला क्षेत्र के शंकराचार्य शिविर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने कहा कि शंकराचार्य भारती कृष्ण देवतीर्थ जी महाराज एक महान वक्ता थे। संस्कृत में उनकी विद्वता से प्रभावित होकर मद्रास स्थित संस्कृत संघ ने उन्हें सरस्वती की उपाधि से सम्मानित किया था। उन्होंने श्रृंगेरी के तत्कालीन शंकराचार्य के सानिध्य में कठोर साधना की। उन्होंने संन्यास की दीक्षा ली। उन्हें 1925 में गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य के रूप में विभूषित किया गया। शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने कहा कि शंकराचार्य भारती कृष्ण देवतीर्थ जी महाराज की खोज को लेकर देश विदेश के विद्वत् समाज में उनकी चर्चा होने लगी। उन्होंने वंडर्स आफ वैदिक मैथेमेटिक्स लिखा। इसे हिंदी में वैदिक गणित कहते हैं। इसके अलावा ब्रह्मसूत्र भाष्यम, धर्म विज्ञान आदि अनेक ग्रथों की रचना की। साथ ही विश्व में शांति के लिये विश्व पुनर्निर्माण संघ की स्थापना की। वे पहले शंकराचार्य थे जिन्होंने विदेश के कई देशों का भ्रमण किया। उन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन आदि देशों के दूरदर्शन, रेडियो, चर्च एवं महाविद्यालयों में व्याख्यान दिया। विदेश में उन्होंने वैदिक गणित एवं वेदांत दर्शन का परचम लहराया। नश्वर शरीर त्यागने से पूर्व ही उन्होंने अपने शिष्यों एवं श्रद्धालुओं से कह दिया था कि जब भी भगवान का बुलाव आ जाये, व्यक्ति को परलोक गमन के लिये तैयार रहना चाहिए।

अवधनामा



# 17, 18, 19 फरवरी को होगी मण्डलों की बैठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव में तेजी लाने के लिये देवरिया लोकसभा के प्रभारियों, संयोजको तथा लोकसभा के अन्तर्गत आने वाली विधानसभाओं देवरिया, रामपुरकारखाना, पथरदेवा,फाजिलनगर,तमकुहीराज के प्रभारियों - संयोजको की बैठक गौरा चौराहा स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुये सांसद डा.रमापतिराम त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करने का काम किया है। कोई व्यक्ति ऐसा नही होगा जिसे भाजपा सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ न मिला है। बस अब यही करना है कि लोगों से सम्पर्क,संवाद में निरंतरता बनी रही। देवरिया भाजपा प्रभारी संतराज यादव ने कहा चुनाव में तेजी लाने के लिये सभी मंडलो की बैठक 17,18 और 19 फरवरी को होगी, जिसमें मण्डल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, शक्तिकेन्द्र संयोजक, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, मण्डल में रहने वाले जिलापदाधिकारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रहेंगे।बैठक में निष्क्रिय लोगों को सक्रिय तथा सक्रिय लोगों को और तेज करने की योजना बना काम शुरू कर देना है। देवरिया लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश शाही ने कहा कि चुनाव में तेजी आये इसके लिये आप सभी बूथ तक पहुचने की योजना मण्डल बैठक में तैयार करें।बैठक में योजना बनाकर पन्ना प्रमुख और बूथ के बाइकर्स कैसे सक्रिय हो इस पर काम तत्काल शुरू कर दे। बैठक में विजय कुमार दूबे, अखिलेश मणि, दिवाकर मणि त्रिपाठी, निशिरंजन तिवारी, कृष्णनाथ राय, विस्तारक वीरेन्द्र तिवारी, संजय सिंह सैंथवार, रामवृक्ष गिरी, रामेश्वर जी, विजय पटेल, अवधेश सिंह, बृजेन्द्र कुशवाहा, अम्बिकेश पाण्डेय, राजेन्द्र विक्रम सिंह रहें।

### जिलाधिकारी ने की 50 लाख रुपए से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

# निर्माण परियोजना समय से पूरा करें या कार्रवाई के लिए रहे तैयार: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में 50 लाख रुपए से अधिक के निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीएम ने विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण में विलंब होने पर गहरी नाराजगी जताई एवं अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक से अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) का वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण भी तलब किया।

डीएम ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस परिसर में निर्माणाधीन चार अति विशिष्ट कक्षों के नवीन ब्लॉक के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड को




प्रत्येक दशा में फरवरी अंत तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस परियोजना का कार्य 17 नवंबर 2020 से प्रारंभ हुआ था। इसे 16 अगस्त 2021 तक पूर्ण करना था, इसे अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 2.68 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि यदि फरवरी माह की समाप्ति तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होता है तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा। जिलाधिकारी ने पथरदेवा स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज में पांच लेक्चर हॉल एवं एक कॉमन हॉल, 100 बेडेड हॉस्टल तथा बैडमिंटन कोर्ट निर्माण की भी समीक्षा की।

उन्होंने निर्माण में अकारण विलंब से संबंधित कई सवाल पूछे जिसका संतोषजनक उत्तर कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारी न दे सके। पीडब्ल्यूडी द्वारा मुसइला भागलपुर मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।

- डीएम के सख्त तेवर
- बैठक से अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) का वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण तलब किया

जिलाधिकारी ने वक्फ विकास निगम द्वारा पथरदेवा में निर्माणाधीन आईटीआई, बरवामीर छापर में निर्माणाधीन आईटीआई, बरहज में निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का छात्रावास सहित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, सीएमओ डॉ राजेश झा, डीएफओ जगदीश आर, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, सीवीओ डॉ अरविंद वैश्य, डीएसओ संजय पांडेय सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## विदाई जीवन की एक सतत प्रक्रिया है : त्रिपाठी



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बा स्थित किसान इंटर कालेज में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ग्यारहवीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों विदाई दी गई। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि विदाई एक सतत प्रक्रिया है। यह हर क्षेत्र में यानी नौकरी पेशे सहित विभिन्न अवसरों पर देखने को मिलती हैं। विदाई पीड़ा दायक होती है पर यह जीवन की सतत प्रक्रिया है, जिससे गुजरना ही होता है। विद्यालय से शिक्षा पूरी कर जाने वाले छात्र-छात्राएं प्रेरणा दायक हो यही हमारी कामना है। वहीं विद्यालय के पुर्व प्रधानाचार्य रामप्रीत यादव, तेज नारायन गुप्ता, हरेंद्र यादव, श्रीराम मिश्र, नन्हू पांडेय, रमेशचंद्र कुशवाहा आदि ने भी छात्रों को आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, एकांकी सहित अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## धीरे-धीरे अमेठी में चढ़ने लगा चुनावी रंग

**अमेठी।** राजनीतिक दृष्टिकोण से बहुचर्चित संसदीय क्षेत्र अमेठी में धीरे-धीरे चुनावी रंग चढ़ने लगा है। एक ओर जहां सभी राजनीतिक दल अपना कील कांटा दुरुस्त करने में लगे हुए हैं वहीं आम जनता भी इस चुनाव में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाने के लिए राजनीतिक पहलुओं पर विचार विमर्श करते नजर आ रही है। संभावना यही जताई जा रही है कि इस बार का चुनाव कुछ अलग रंग में ही दिखाई देगा। गांधी नेहरू परिवार से फिर किसी सदस्य के उतरने की संभावना जहां कांग्रेस से दिखाई दे रही है वहीं भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को मैदान में उतार सकती है। स्मृति ईरानी ने लगातार इस बीच अमेठी में ताबड़तोड़ नुक्कड़ सभा जनसभाएं और सरकार चली गांव की ओर जैसे कार्यक्रम किए हैं जहां जनता के बीच पहुंच कर जनसुनवाई की । तो वहीं कांग्रेसी भी चुनावी जमीन तैयार करने में कतई पीछे नहीं दिखाई दे रहे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंच रही है।

# सपा, बसपा, कांग्रेस छोड़ अनेक नेताओं ने समर्थको के साथ भाजपा का दामन थामा



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** सहजनवा में जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी विधानसभा सहजनवा द्वारा आयोजित विधानसभा मिलन समूह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री व विधायक प्रदीप शुक्ला उपस्थित में विधानसभा क्षेत्र के पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय दुबे, मनोज निषाद, पूर्व अध्यक्ष नगर सुमन सिंह, सुरजीत सिंह,आलोक त्रिपाठी अवनीश उर्फ रोशन सिंह, समेत 519 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। जिसमें सभासद, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, बसपा ,सपा ,कांग्रेस सहित विभिन्न पार्टियों से आए हुए लगभग 5 दर्जन पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ल ने संबोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी में जमीनी कार्यकर्ताओं को महत्व दिया जाता है। देखा जाय तो अनेक लोग गांव का कार्यकर्ता होते हुए भाजपा में देश और प्रदेश में नेतृत्व करते दिखाई दे रहे है। समय आने पर जमीनी कार्यकर्ताओं को ही महत्व दिया जाता है। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती प्रदान करने साथ साथ आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए संकल्प लिया। समारोह में मुख्य रूप से महाराजगंज प्रभारी राम जियावन मौर्य पूर्व विधायक देवनारायण उर्फ जीएम सिंह,डॉ आर डी सिंह चेयरमैन प्रभाकर दुबे, महेश दुबे, छोटेलाल मौर्य,ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव,राम उजागिर शुक्ला, नरेंद्र शुक्ला, शिवचरण प्रसाद,धर्मराज गोड़ राम प्रकाश चौरसिया सुदर्शन साहनी अनमोल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले में 96 अभ्यर्थियों का चयन



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** प्लेसमेंट अधिकारी कौशल विकास मिशन आईटीआई गौरीगंज अजय कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में शाहगढ़ विकासखंड अंतर्गत निषादराज अखंडानंद महाविद्यालय किटियांवा परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र व विशिष्ट अतिथि प्रबंधक निषादराज अखंडानंद महाविद्यालय शिवप्रसाद कश्यप ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूर्व विधायक ने अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने एवं रोजगार मेले आयोजित करने के उद्देश्य के बारे में बताते हुए अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेलों में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया। प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए। आज रोजगार मेले में 04 प्लेसमेंट कम्पनियों में ऊषा सिलाई मशीन पुखराज हेल्थ केयर एसआईएस सिक्योरिटी तथा Green Call के द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 185 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं 96 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। रोजगार मेला कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा 10 रोजगार प्राप्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रबंधक मृत्युंजय तिवारी विवेक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## डिजिटल क्रांति के युग में स्मार्टफोन का महत्वपूर्ण योगदान है : राकेश



**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** डिजी शक्ति योजना के अन्तर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को अमित महाविद्यालय सपहा रोड कसया के सभागार में किया गया। इसमें 160 होनहारों में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल के हाथों स्मार्ट फोन मिलने से छात्रों चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि राकेश जायसवाल प्रतिनिधि अध्यक्ष, नगर पालिका कसया, कुशीनगर ने कहा आधुनिक युग के इंसान पर मोबाइल का दबदबा है। डिजिटल क्रांति के युग में स्मार्ट फोन का महत्व पूर्ण योगदान है। इसका जीवन में सदुपयोग होना चाहिए। कवि व पत्रकार दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने कहा कि युवाओं को मुकाम हासिल करने के लिए हर हाल लक्ष्य निर्धारित करना होगा। प्रबंधक व कवि कालिंदी त्रिपाठी ने कहा कि बुलंदियों को हासिल करने के कड़ी मेहनत करने की दरकार होती है। स्मार्ट फोन का हमेशा सदुपयोग करें। संदीप त्रिपाठी व अनिल त्रिपाठी ने संबोधित किया। सुमित कुमार त्रिपाठी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया संचालन बृजेश तिवारी ने किया।

## ट्रेन की चपेट में आने अधेड़ महिला की मौत



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के गोरखपुर नरकटियागंज रेल मार्ग पर ग्राम मुजहना के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक 45 वर्षीय अधेड़ महिला की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक रम्भा देवी पत्नी विश्वकर्मा निवासी जगदीशपुर थाना अहिरौली बाजार गुरुवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने रेलवे लाइन पर महिला का शव देखा। तभी किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही अहिरौली बाजार थाने से वरिष्ठ उपनिरीक्षक सभाजीत सिंह उपनिरीक्षक उमेश कुमार कांस्टेबल राहुल कुमार महिला कांस्टेबल प्रिया पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएम ने की बैठक



**जिले के 83 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी बोर्ड परीक्षा**

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** बोर्ड परीक्षा-2024 को नकलविहीन सुचितापूर्ण एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के परिसर में केन्द्र व्यवस्थापक वाह्य केंद्र व्यवस्थापक सचल दल प्रभारी मानीटरिंग सेल प्रभारी कंट्रोल रूम प्रभारी सेक्टर स्टैटिक मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उ प्र प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की हाईस्कूल इण्टरमीडिएट परीक्षा 22 फरवरी से प्रारम्भ होकर 09 मार्च 2024 तक संचालित होगी। हाईस्कूल इण्टरमीडिएट परीक्षा दो पालियों में सुबह 8.30 बजे से पूर्वान्ह 11.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 5.15 बजे तक संचालित होंगी। हाईस्कूल इण्टरमीडिएट की परीक्षा हेतु 83 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिनमें राजकीय विद्यालय 12 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय 22 एवं वित्तविहीन विद्यालय 49 सम्मिलित है। हाईस्कूल की परीक्षा में 28127 एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 20953 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होगें। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में कुल 49080 छात्र-छात्रायें शामिल होगें। बोर्ड परीक्षा हेतु केन्द्र व्यवस्थापक 83 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक 83 जोनल मजिस्ट्रेट 04 सेक्टर मजिस्ट्रेट 13 एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट 83 बनाये गये है।

## प्री-ट्रॉयल बैठक में दिये गये आवश्यक निर्देश

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त तहसीलदार के साथ प्री-ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी। जनपद न्यायाधीश ने उपस्थित समस्त तहसीलदार को निर्देशित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित किये हुये मामलें को संदर्भित करें तथा अधिक से अधिक संख्या में वादों को लोक अदालत के दिन लगाकर मामलों का निस्तारण करावें। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मार्च दिन शनिवार को आयोजित किया जाना हैं जिसमें धारा 138 एन0आई0एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद तथा प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं।

# भाजपा सरकार नारी शक्ति को समृद्ध और सशक्त बनाने का काम कर रही है : दुर्गेश

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे शक्ति वंदन अभियान के अन्तर्गत गुरुवार को जनपद के सभी सातों विधानसभाओं में एक साथ शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें स्वयं सहायता समूह और एनजीओ के सीआरपी तथा भीवो को सम्मानित कर नेताओं ने भाजपा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से बताते हुए 2024 लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय सेवरहीं ब्लाक सभागार में आयोजित तमकुहीराज विधानसभा के शक्ति सम्मान समारोह में नारी शक्ति को सम्मानित करने के बाद कहा कि यत्र नारी पुजयन्ते रमंते तत्र देवता का जो सूत्र हजारों वर्षों पूर्व हमारे ग्रंथों में वर्णित है। उसको मोदी सरकार में पिछले 10 सालों में हमने पूरा होते हुए देखा है।



- शक्ति वंदन अभियान के तहत सम्मान समारोह का आयोजन

21वीं शताब्दी पूरी तरीके से महिला शक्ति के नाम रहेगी। कहा कि हमारी सरकार नारी शक्ति को समृद्ध और सशक्त बनाने का काम कर रही है। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की सखी बहनों को सशक्त बनाने का कार्य डबल इंजन की सरकार ने किया है समूह की बहनों को लखपति दीदी ड्रोन दीदी बनाकर सरकार ने स्वालंबन के माध्यम से नारी शक्ति को समृद्ध और सशक्त बनाने का काम कर रही है। जिला मीडिया प्रभारी तथा शक्ति वंदन कार्यक्रम के संयोजक विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि हाटा और कुशीनगर विधानसभा में सांसद विजय कुमार दूबे, फाजिलनगर विधानसभा में विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, पडरौना विधानसभा में जिला महामंत्री सुदर्शन पाल, खड्डा विधानसभा में विधायक विवेकानंद पाण्डेय और रामकोला विधानसभा में विधायक विनय प्रकाश गोंड ने शक्ति सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नारी शक्ति को सम्मानित एवं सम्बोधित किया।

## आईपीएम ओरियेंटेशन प्रशिक्षण का हुआ समापन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार के एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र जैविक भवन गुरौली गोरखपुर में आईपीएम पर दूसरे सत्र के दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को किया गया। इस दौरान किसानो को गेंहू तथा सरसों के खेत मे ले जाकर मित्र एवं शत्रु कीट की पहचान करायी गयी। साथ ही कृषि पारिस्थितिक तंत्र का विश्लेषण करके चार्ट पेपर पर किसानो द्वारा मित्र एवं शत्रु कीट का चित्रण किया गया। इसमें यह निष्कर्ष निकाला गया कि मित्र कीट की संख्या शत्रु कीट की अपेक्षा ज्यादा है इसलिए कीटनाशको के छिड़काव की आवश्यकता नही है। किसानो के खेती से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान आई पी एम के घटकों द्वारा किया गया । कार्यक्रम के समापन के दौरान प्रश्नोत्तरी करायी गयी जिसमे यह पाया गया कि किसानो का ज्ञानवर्धन हुआ है तथा उनसे प्रतिक्रिया ली गयी जिसमे उन्होने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम फसलों के उत्पादन में काफी काफी लाभप्रद है। इस दौरान अतुल कुमार सिन्हा, मान सिंह, गंगेश्वर सिंह,राजेंद्र कुमार, जयप्रकाश, मोनल सिंह, अजय प्रकाश रामदवन सहित किसान मौजूद रहे।

# भाजपा मिलन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**सलेमपुर।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा सलेमपुर का भाजपा मिलन समारोह सलेमपुर में सिचाई विभाग के डाकबंगले पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में भाजपा की नीतियों व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यो से प्रभावित होकर ढाई सौ के करीब लोग जो विभिन्न दलों में कार्य करते थे उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता आज ग्रहण किया। जिसमे सैकड़ो में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग एवम लार नगर पंचायत अध्यक्ष मूसा रजा लारी व पूर्व प्रमुख राकेश सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव सहित नगर पंचायत लार से सभी सभासद एवम सलेमपुर नगर पंचायत से छः सभासद भाजपा में शामिल हुए। उनको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व पार्टी की पटिका पहनाकर कर स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम



के राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश समाज राष्ट्र के लिए कार्य करती है पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में नई ऊंचाईयों को देश व प्रदेश छू रहा है। अयोध्या में राम मंदिर स्थापित होना गौरवशाली ऐतिहासिक क्षण है। भाजपा में कार्यकर्ताओं का हर स्तर पर सम्मान है। अबकी फिर से मोदी सरकार का नारा दिया है। मोदी सरकार तीसरी बार 400 पार तय है। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता को उच्च स्तर पर जाने का मौका मिलता है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। स्वयं सभी देख रहे हैं, भाजपा में कार्यकर्ता मुख्यमंत्री, सासंद राज्यसभा उच्च पदों पर आसीन हो रहें हैं। भाजपा जो कहतीं हैं वह करतीं हैं, हर वर्ग समाज में कल्याणकारी योजनाएं चला कर सभी को लाभान्वित किया है। कार्यक्रम के प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि आज

- सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता

का दिन भारतीय जनता पार्टी के लिए स्वर्णिम है। क्योंकि मोदी जी एवम योगी जी के नीतियों से प्रभावित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, विधानसभा प्रभारी अश्वनी सिंह, अमरेश सिंह बबलू, अमरदत्त यादव, दुर्गेश पाण्डेय, त्रिपुणायक विश्वकर्मा, बलबीर सिंह दादा, शमशुद्दीन अंसारी ने भी सम्बोधित किया। संचालन रविन्द्र श्रीवास्तव ने एवम आभार अभय सिंह विशेन ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बृजेश उपाध्याय, बचनदेव गोंड़, अजय दूबे वत्स, अभिषेक जायसवाल, विनय पाण्डेय, धनन्जय चतुर्वेदी, पुनीत यादव,अशोक तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, राकेश राजभर, अनूप मिश्रा, इसरार डम्पी,ओमप्रकाश मोदनवाल, राजीव वर्मा, अनिल ठाकुर, विष्णुकांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मैत्री महोत्सव में दिखेगी भारत-नेपाल सभ्यता संस्कृति की झलक

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने अवगत कराया है कि संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की तरफ से कुशीनगर में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन आज 16 फरवरी को बुद्ध पी0जी0 कॉलेज, कुशीनगर में किया जाएगा। कार्यक्रम के जरिए दोनों देशों के संबंधों को मजबूत किया जाएगा। मैत्री महोत्सव का उद्देश्य युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना प्रवाहित करना है। इसके लिए उपजिलाधिकारी कसया को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

महोत्सव में भगवान बुद्ध पर आधारित नृत्य नाटिका, भारतीय लोक नृत्यों की प्रस्तुति, व्यंजन एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी, भारत नेपाल परिधान शो, भारत नेपाली फ्यूजन लोक नृत्य शो, हिंदी भोजपुरी एवं मैथिली व नेपाली गायकों की प्रस्तुति, तराई सीमा जनपदों में सांस्कृतिक यात्रा, इसके अलावे

- आज से भारत नेपाल मैत्री महोत्सव का कुशीनगर में होगा आगाज

नेपाली डांडिया/बांसुरी/घाटू/मारूनी आदि नृत्यों की प्रस्तुति की जाएगी। उन्होंने बताया की कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक साज-सज्जा एवं स्थानीय व्यवस्थाएं की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर जाने वाले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

दिशा सूचक पट्ट लगेगा। आवश्यकता अनुसार सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान एंबुलेंस के साथ-साथ अन्य जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में 08 स्थानों पर 21 दिवसीय भव्य आयोजन 09-29 फरवरी तक उक्त भारत नेपाल मैत्रीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## स. लो. वा. के नवागत जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के नवागत जिलाध्यक्ष हरेंद्र यादव के सहजनवा प्रथम आगमन होने सहजनवा थाने चौराहे पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फुलमालाओ से जोरदार स्वागत किया। लखनऊ से गोरखपुर जा रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा समाजवादी पार्टी,अखिलेश यादव जिंदाबाद के गगनभेदी नारे भी लगाए। जिलाध्यक्ष के आगमन होने की जानकारी कार्यकर्ताओं को पूर्व में थी। वाह सुबह से ही सहजनवा थाने चौराहे पर जुटना शुरू कर दिए थे। स्वागत करने वालो में वीरेंद्र यादव, ताजमुहम्द, प्रदीप यादव, अमित यादव, धर्मेंद्र यादव, केपी यादव, अनूप चौहान, गौरव, जय सिंह, गोलू यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हत्याकांड के खुलासे से ग्रामीणों में खुशी

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** बीते सप्ताह हुई भाई बहिन की हत्या और चोरी की घटना का पुलिस द्वारा एक सप्ताह में किए गए खुलासे को लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताई और पुलिस कर्मियों का मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया।

बीते छः फरवरी की रात बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम पारा में कृष्ण दत्त सोनी और उसकी बहिन केशकली की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी साथ ही घर का सामान भी अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था जिसके बाद पुलिस ने चोरी के बाद हत्या की घटना का अनुमान लगाते हुए हत्या का जल्दी खुलासा करने की बात कही थी साथ ही पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा और एडीसी जोन प्रयागराज भानु भास्कर ने भी घटनास्थल का दौरा कर जल्द खुलासे की बात कही थी जिसके चलते पुलिस ने एस.ओ.जी. सर्विलांस सेल सहित कई अन्य टीमों का गठन कर जांच शुरू कर दी थी जिसके बाद मंगलवार की रात गांव के निकट पुलिस ने दो संदिग्धों को रोककर पूछताछ करने का प्रयास किया जिसपर एक आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग कर एक आरोपी को घायल कर दिया जबकि दूसरे आरोपी को घेरकर पकड़ लिया।जिनके पास से उसके गहने और मृतकों के दस्तावेज और नकदी के साथ ही तमंचा और कारतूस बरामद किए गए थे।पुलिस के घटना के खुलासे को लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के साथ ही उनका मुंह मीठा कराया।

# बेतवा नदी में डूबे युवक का शव पांच दिन बाद मिला उतराता

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के बेरी ग्राम पंचायत के मजरा बिंद पुरी गांव में पांच दिन पूर्व बेतवा नदी में डूब गए किशोर का शव सुबह पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। तब ग्रामीणों ने उसे पानी से बाहर निकाल लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जनपद जालौन के उरई शहर निवासी किशोर धीरेंद्र कुमार 16 वर्ष पुत्र मूलचंद्र नामदेव अपने दोस्त की ननिहाल बिंदपुरी में शादी के बाद पूजन अर्चन कराने के रविवार को आए थे।तभी धीरेंद्र अपने तीन साथियों के साथ गांव के नीचे बह रही बेतवा नदी की तरफ स्नान करने चले गए तथा नहाते समय गहराई में जाने से डूबने लगे तब उनको डूबते हुए देख पास में सब्जी की बारी में मौजूद रामपाल ने नाव लेकर दो लोगो को बचा लिया। तथा धीरेंद्र गहराई में जाकर डूब गया ।तब से पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चल पाया। आज सुबह 9 बजे गांव निवासी फूल सिंह श्रीवास नदी तरफ शौच क्रिया के लिए गया था। तभी उसे पानी में बाल पानी में दिखाई दिया।उसने ग्रामीणों की मदद से पानी से बाहर निकाल लिया।तथा किशोर की पहचान धीरेंद्र की हुई।पुलिस ने जानकारी मिलने पर मौके पर जाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कुरारा पुलिस ने मारपीट का मुकदमा किया दर्ज

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी महिला ने गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी महिला उर्मिला पत्नी रामप्रकाश निषाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी अमर सिंह पुत्र महावीर ने सुबह गाली गलौज करने लगा मना करने पर उसकी पत्नी सियावती ने मिलकर मारपीट की। अमर सिंह ने धक्का देकर गिरा दिया जिससे मेरा हाथ टूट गया।जिसका इलाज जिला अस्पताल में कराया गया था। इसके बाद भी वह लोग आए दिन गाली गलौज करते हैं। कुछ बोलने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही: जयवीर सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह ने रू. 02 करोड़ 80 लाख की लागत से नराईच धाम कुसमरा के पर्यटन विकास कार्यो, रू. 02 करोड़ 03 लाख की लागत से कुसमरा रामलीला मैदान की बाउंड्रीवॉल आदि निर्माण कार्यो का शिलान्यास करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य कर रही है, पर्यटन विभाग पर प्रदेश के मुखिया की विशेष नजर है, पर्यटन विभाग के माध्यम से जनपद के ही नहीं वरन् प्रदेश के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के धार्मिक स्थलों के चहूमुखी विकास के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि 500 वर्षो से अधिक समय तक हमारे पूर्वजों ने लगातार बलिदान, त्याग देने का कार्य किया, उसे पूर्ण करने, सबको समर्पित करने का कार्य दि. 22 जनवरी को हुआ। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम जी के मंदिर का मतलब हमारी संस्कृति, परम्पराओं, सनातन धर्म की जीत, हमारे आदर्शो की जीत है, हमारे आदर्श भगवान श्रीराम हमारे आत्मा का अंग हैं, जब बच्चे का जन्म होता है तो बच्चे के कान में राम कहा जाता है और जब जीवन का अंत होता है तब भी राम नाम सत्य कहा जाता है, ऐसी परम्परा, संस्कृति को पुनर्जीवित करने का कार्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुआ है इसी परम्परा को और आगे बढ़ाने का कार्य विदेशों में भी हुआ है।

## 20 किलो सूखे गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**बांदा।** नगर कोतवाली पुलिस और एसओजी ने संयुक्त रूप से सूखे गांजा की तस्करी करने वाले अभियुक्त को धर दबोचा। उसके पास से 20 किलो सूखा गांजा, जिसकी कीमत तकरीबन चार लाख रुपए है, बरामद किया गया। अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के तहत गुरुवार को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आर्य कन्या इण्टर कालेज ओवर ब्रिज के नीचे से एक अभियुक्त को लगभग चार लाख रुपये कीमत के अवैध सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 20 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है, जिसके संबंध में कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# मौदहा में बिजली मीटर रीडरों से उपभोक्ता परेशान, आये दिन होते हैं झगड़े

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात बिजली विभाग के मीटर रीडरों की मनमानी से आम उपभोक्ता परेशान हैं साथ ही बिना मीटर देखें मनमानी ढंग से बिल बनाने में मीटर रीडरों और आम उपभोक्ताओं के बीच आये दिन झगड़ा फसाद तथा मार-पीट की नौबत बनी रहती है। बताते चलें कि बिजली विभाग द्वारा गांव गांव में मीटर रीडरों की तैनात किया गया है जो कि घर घर पहुंच कर उपभोक्ताओं के मीटर की रीडिंग के आधार पर बिल निर्धारित करते हैं लेकिन तमाम मीटर रीडर ऐसे भी हैं जो कि निजी फायदे में मसगूल होकर आम उपभोक्ताओं को शोषण का शिकार बनाते हैं और मीटरों में छेड़छाड़ के साथ ही बिना रीडिंग को देखें ही मनमानी बिल बना देते हैं। क्षेत्र के गांव सिसोलर निवासी रामबाबू गुप्ता ने बताया है कि वो मीटर रीडर के बताए अनुसार प्रत्येक महीने में उसको पैसा देते रहे हैं लेकिन अचानक उनका बिल लगभग पैंतीस हजार रुपए आ गया है अब विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़े रहे हैं।ऐसी ही शिकायत इसी गांव के देशराज प्रजापति की है इनका कहना है कि इन्हें पता ही नहीं चलता कि कितनी रीडिंग उनके मीटर में है जब मीटर रीडर से रीडिंग के बारे में पूछते हैं तो उसका जवाब रहता है कि ज्यादा चक्कर में मत पड़ो हम लोग जितनी रीडिंग दिखाते हैं उसी के अनुसार बिल आता है। ऐसे सैंकड़ों उदाहरण हैं जहां उपभोक्ताओं को स्वयं नहीं मालूम पड़ता है कि आखिर उन्होंने कितनी रीडिंग खर्च कर ली है और वास्तव में उनका बिल किस हिसाब से आ रहा है अधिकांश उपभोक्ताओं की शिकायत रहती है कि मीटर रीडर बिना मीटर रीडिंग देखे ही उनका मनमानी बिल भिजवा देते हैं और इसी बात पर उपभोक्ताओं तथा मीटर रीडरों में आये दिन झगड़े फसाद होते हैं तथा थाना अदालत की नौबत आ जाती है।

# यूपी बोर्ड की परीक्षा को निष्पक्ष पारदर्शिता पूर्ण तरीके कराये संपन्नः डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** यूपी बोर्ड की की तैयारियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल चुर्क में बैठक आयोजित की गयी बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद केन्द्र व्यवस्थापक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 22 फरवरी 2024 से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा प्रारम्भ हो रही है जो 04 मार्च 2024 तक चलेगी बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शिता तरीके से सम्पन्न कराये जाने हेतु स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की गयी है बोर्ड परीक्षा को सम्पन्न कराने हेतु जिन भी अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है वह उसका सम्यंक निर्वाहन सुनिश्चित करेगें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी, इस बार बोर्ड परीक्षा 76 परीक्षा केंद्रों पर होगी, इसमें 76 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 76 केंद्र व्यवस्थापक तैनात किए गए हैं सभी परीक्षा केंद्रों को चार जोन में विभाजित किया गया है 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट निगरानी हेतु लगाए गए हैं इसके अलावा समस्त उप जिलाधिकारी अपने-अपने तहसील के परीक्षा केंद्रों के लिए जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किए गए हैं परीक्षा को पारदर्शिता व निष्पक्ष तरीके सम्पन्न कराने हेतु सात सचल दस्ते गठन किया गया है जो निरंतर भ्रमण शील रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेगें, इस बार की माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में इंटरमीडिएट में 18940 परीक्षार्थी व हाई स्कूल में 28844 परीक्षार्थी परीक्षा सम्मलित होगें, बेसिक शिक्षा विभाग से 1387 अध्यापको के कक्ष निरीक्षक के रूप तैनात किया गया हैं माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों से 1407 कक्ष निरीक्षक, कुल 2794 कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने उपस्थित अधिकारियों व केन्द्र व्यस्थापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शिता पूर्ण तरीके सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी केन्दों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गयी है परीक्षा केन्द्र केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा सी0सी0 टी0बी0 कैमरे की निगरानी में करायी जायेगी जिसके मानटरिंग हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है कन्ट्रोल रूम के माध्यम से परीक्षा की निगरानी की जायेगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र(वि0/रा0), अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक आर0पी0 यादव ने भी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में केन्द्र व्यवस्थापकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी, इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित उपस्थित रहे।

## आमिर को युवजनसभा की कमान, देवव्रत बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**बांदा।** समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष रहे आमिर खान मन्नी को अब सपा युवजनसभा में जिले की कमान सौंपी गई है, जबकि देवव्रत सिंह को युवजनसभा में प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों के मनोनयन पर उनके समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद गिरि ने युवा समाजवादी नेता आमिर खान मन्नी की पार्टी के प्रति निष्ठा और ईमानदारी को देखते हुए जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। जानकारी देते हुए यूथ ब्रिगेड के निवर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश यादव ने बताया है कि आमिर खान अभी तक युवजन सभा के ही जिलाध्यक्ष रहे हैं, संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें एक बार फिर से जिले की कमान सौंपी गई है।

# परीक्षा की सुचिता को भंग करने वालों के विरुद्ध दर्ज होगी एफ.आई.आर.: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन, सुचितापूर्ण संपन्न कराने हेतु जनपद के 99 परीक्षा केंद्रों को 06 जोन, 20 सेक्टर मे विभाजित कर प्रत्येक जोन में 01-01 जोनल मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक सेक्टर में 01-01 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, समस्त 99 परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं, जो निरतंर भ्रमणशील रहकर परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखेगें। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ डा. किरन सौजिया सी.सै. विद्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण संपन्न कराना आप सब की जिम्मेदारी है, परीक्षा तिथियों में परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्त होने तक परीक्षा केंद्रों का सेक्टरवार भ्रमण कर परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराएं, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। उन्होंने स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर परीक्षा समाप्त होने तक अपने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहकर परीक्षा को संपन्न कराएं।

# डीएम ने मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण

## मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य ससमय गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाये पूर्णः जिलाधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज रावर्टसगंज क्षेत्र अन्तर्गत निर्माणाधीन मेडिकल का औचक निरीक्षण किये निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने टाइप-4, टाईप-5, प्रशासनिक भवन व बाउन्ड्रीवाल सहित मेडिकल कालेज के निर्माणाधीन विभिन्न सकांयों का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान भवनों में लगाई जा रही टाइल्स की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण टाइल्स लगाने के निर्देश नामित एजेन्सी के प्रोजेक्ट मैनेजर को दिये इस दौरान जिलाधिकारी ने भवन में किये गये प्लास्टर को भी देखे तो कई जगह प्लास्टर टूटे हुये दिखाई दिया जिस पर जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि प्लास्टर की गुणवत्ता में सुधार लाया जाये अन्यथा की दशा में पेनालटी की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधीशासी अभियन्ता भवन निर्माण मीरजापुर को निर्देशित किये कि वह निर्माणाधीन मेडिकल कालेज की गुणवत्ता की समय-समय पर निरीक्षण करते रहे गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न होने पाये और मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य ससमय व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाये इस दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज के बाउन्ड्रीवाल को भी देखे बाउन्ड्रीवाल की ऊचाई कम पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि बाउन्ड्रीवाल की ऊचाई को और बढ़ाया जाये जिससे की बाहर से अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश ना हो सकें। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 सुरेश सिंह, रेहान अली खान साइट इनचार्ज आर कॉप एसोसिएट, महेश सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिलाधिकारी आशुलिपिक राम अधार व अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# जश्ने चिरागां के साथ मिस्कीन शाह का उर्स संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक मिस्कीन शाह वारसी के 105वें तीन दिवसीय सालाना उर्स का जश्ने चिरागा के साथ समापन हो गया। उर्स के तीसरे दिन बसंत पंचमी के दिन सारा दिन दरगाह में मेला लगा रहा। शाम को दरगाह में बसंत पेश किए गए। इसके बाद रात में दरगाह परिसर में खानकाही कव्वालियों की महफिल सजी जिसमे कि कव्वाल पार्टियों ने कलाम सुनाए सुबह चार बजकर तेरह मिनट पर सरकार वासिस पाक के कुल की फातेहा हुई। इसके बाद फजिर की नमाज के बाद दरगाह परिसर में जुलूसे चिरागां उठाया गया, जिसे देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में अकीदत मन्द मौजूद रहे। दरगाह में रस्मे चिरागां अदा करने के साथ ही मिस्कीन शाह वारसी का तीन दिवसीय उर्स सम्पन्न हो गया। इस मौके पर वारसी एहरामपोशों में तगय्युर शाह वारसी, मलामत शाह वारसी, बेनजीर शाह वारसी, कल्लन शाह वारसी, फरीद शाह वारसी, आस्ताना खादिम अजमल शाह वारसी उर्फ मुन्ना बाबा सिहित सैकड़ों अकीदत मन्द शामिल रहे। उर्स के समापन्न पर दरगाह के मुतवल्ली निजामुद्दीन फारूकी ने सभी श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं का आभार्य व्यक्त किया।

# आयुर्वेद बीमारियों को जड़ से करता है खत्मः पाण्डेय

**छिबांव गांव में आयोजित कार्यक्रम में बोले पद्मश्री**

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** वेदो में लम्बा जीवन जीने के लिए आयुर्वेद के नियमों का पालन करने के लिए निर्देश दिए है, भगवान धन्वन्तरि के आशीर्वाद से हमारे वैद्य पतंजलि ताथ। च्यवन ऋषि के माध्यम से अनेक ऐसे वृक्षों को रोपित किया है, जिनमें हजारो प्रकार के बीमारियों के निवारण के लिए औषधियां हैं। आयुर्वेद मृतक स्थिति के व्यक्ति को भी जीवित करता है, ऐसे अनेक उदाएका इतिहास में विद्यमान है, यह विचार पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने छिवाव गाव में मेले की अध्यक्षता करते हुए कहीं। कहा कि प्रभु लक्ष्मण को जब शक्ति लगी तो सुखेन वैद्य ने संजीवनी बूटी के माध्यम से उपचार किया। इससे यह भी संदेश जाता है कि वैरा एंव अक्रर के बीच दो देशों के युद्धो के बीच भी निश्पक्ष रहते हैं एवं अपना फर्ज निभाते हैं। हमार तत्रृषि मुनियों ने सैकडो प्रकार की आयुर्वेदिक औषधियो को खोजा है, हमारे किसान भाई भी अपने खेतो में अपने उपयोग के लिए ऑसियों को पैदा कर रहें हैं। मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में आयुर्वेद आगे बढ़ रहा है। गांव-गांव, धर धर आयुर्वेद पहुंच रहा है आयुर्वेद दवा नहीं जीवन दर्शन है, जीने की राह आयुर्वेद सिखाता है। आगे भी आयुर्वेद मेलों का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। एसडीएम अतर्रा रावेंद्र ने कहा कि मायुर्वेद की औषधियों को बचाने के लिए हम सभी को आयुर्वेदिक औषधियों के वृक्षारोपण करने के लिए आगे आना चाहिए। युवा पीढ़ी परंपरागत आयुर्वेद तथा आपुर्तिया का अध्ययन अपने पुरखो से प्राप्त करें और सीखें। इस अवसर पर विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए परामर्श केड संत जागरूकता के लिए प्रदर्शनियों को लगाया गया। प्रो. हेमन्त कुमार राय प्रधानाचार्य रामायुः कसे यादो में सुझाव दिया कि स्वस्थ रहने के लिए प्रात काल उठकर आयुर्वेद के अनुसार दिनचर्या का पालन करते हुए योग से जीवन की शुरुआत करें। श्री अयोध्या सिंह पटेल बुन्देलखण्ड विकास वोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि आयुर्वेद महर्षि परक संव अन्य साथियों ने से प्राप्त औषधियों से रोगों का इलाज युगो-युगों से चला नशा से दूर रहने के लिए भी सुझाव दिया। जिला विकास अधिकारी दयाशंकर सिंह ने बताया 19 आयुर्वेद बीमारियों को जड़ से खत्म करता है।

# संक्षिप्त समाचार

## चिकासी प्रभारी निरीक्षक ने अवैध देसी क्वार्टर शराब के साथ एक अभियुक्त किया गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में चिकासी प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आदित्य कुमार सिंह व कांस्टेबल मनोज कुमार द्वारा अभियुक्त भरत कुमार पुत्र रामेश्वर राजपूत के पास से 16 अदद देशी क्वार्टर झूम ब्राण्ड शराब के साथ बहद ग्राम चिकासी से गिरफ्तार किया गया जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया ।

## अभियुक्त को चार वर्ष का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** थाना कुरारा में धारा 363,366 भारतीय दंड संहिता व 8 पाक्सो एक्ट में 8 फरवरी 2016 को अभियुक्त रोहित पुत्र श्याम काझी निवासी ग्राम जल्ला थाना कुरारा जनपद हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप न्यायालय विशेष पाक्सो कोर्ट जनपद हमीरपुर, द्वारा दोषसिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त रोहित उपरोक्त को चार वर्ष के कठोर कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

## कुरारा कस्बे में बंदरिया के आतंक से लोग परेशान

**हमीरपुर।** कुरारा कस्बे में लोग एक बंदरिया के आतंक से परेशान है। पीड़ित लोगों ने बताया कि बंदरिया लोगो को देखते ही दौड़कर हमला कर देती है। लोग भयभीत है।कस्बे के वार्ड स 9, 10 व 11 वार्ड में एक बंदरिया का आतंक है। लोग उसके आतंक से भयभीत है। उसने अबतक आधा दर्जन से अधिक लोगो को अपना शिकार बनाया हुआ है। कस्बे के वार्ड 10 निवासी पंकज पालीवाल ने बताया कि अब तक बंदरिया शिवा उम्र 7 वर्ष, नानू उम्र 9 वर्ष, जीशान उम्र 13 वर्ष, सफाईकर्मी सुरेश, रामबाबू श्रीवास आदि को अपना शिकार बनाया है। लोग इन वार्डो में डंडा लेकर चलने को मजबूर हो रहे है। वही लोग अपनी छतों पर नही जा पा रहे है। सफाईकर्मी सुरेश ने बताया कि वो सुबह वार्ड की सफाई कर रहा था तभी अचानक नीम के पेड़ से कूद कर बंदरिया ने उसके ऊपर हमला कर दिया। जैसे तैसे उसने अपनी जान बचाई। लोग बंदरिया के आतंक से परेशान है। लोगो ने प्रशासन से बंदरिया के आतंक से छुटकारा दिलाये जाने की अपील की है।

## धूमधाम से मनाई गई संतराम बीए की जयंती

**हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के बेरी रोड में नारायण दास अकेला के आवास पर संतराम बी ए की जयंती मनाई गई। सबसे पहले उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तथा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।उक्त अवसर पर कार्यक्रम संयोजक नारायण दास अकेला ने बताया संतराम बी ए जी का जन्म पंजाब राज्य के बशी गांव में 14 फरवरी 1887 को हुआ था। इन्होने समाज जोड़ो जाति तोड़ा का नारा दिया था।सभी को एक सूत्र में बंध कर आगे बढ़ने की शिक्षा दी।इन्होंने अपने जीवन काल में सौ से अधिक पुस्तकों की रचना दी।इस अवसर पर गया प्रसाद मिस्त्री,महावीर,महेश प्रजापति,हिमांशु,योगेंद्र प्रजापति, लच्छ कुमार प्रजापति, तरुण कुमार, डा गोविंद प्रजापति,सूरज बली प्रजापति ,आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## आंधी पानी ने मचाई तबाही, विद्युत व्यवस्था चरमराई



**चोपन/ सोनभद्र, अवधनामा संवाददाता।** बिते बुधवार को दोपहर बाद आई तेज आंधी पानी ने ऐसी तबाही मचाई की विधुत व्यवस्था चरमरा गई आलम यह रहा कि दर्जनों पेंड़ बिजली के खंभे तार धरासाई हो गये जिसके बाद नगर के काफी हिस्से अंधेरे में हो गये वहीं बिजली न रहने की वजह से पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित रही। बताते चलें कि बिन मौसम बारिश ने जहां तीन दिनों से लोगों को परेशान करके रखी थी तो वहीं दोपहर बाद जबरदस्त आंधी पानी और ओलावृष्टि हुई जिसके बाद से कितनों के छप्पर,टीन शेड हवा में उड़ गए तो दर्जनों पेंड़ बिजली के खंभे तार धरासाई हो गये जिसके बाद से बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार प्रयास करते रहे लेकिन नगर के काफी हिस्से में आपूर्ति बहाल नहीं हो सका गुरूवार को भी पूरे दिन बिजली विभाग के कर्मचारी आपूर्ति बहाल करने में लगे रहे समाचार लिखे जाने तक आंशिक विधुत आपूर्ति बहाल हो सकी।

## स्ट्रांग रूम, ट्रेनिंग, डिस्पैच, रिसिविंग एवं कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**सोनभद्र/अवधनामा, ब्यूरो।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने आज राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी में आगामी लोक सभा चुनाव में स्थापित होने वाले स्ट्रांग रूम, ट्रेनिंग, डिस्पैच, रिसिविंग एवं काउन्टर सेन्टर तथा कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी से लोक सभा चुनाव के पश्चात किन-किन हॉल व कमरों में विधान सभा वार जमा किये जाने वाले ई0वी0एम0 व बी0बी0 पैट के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और मतगणना के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की, इस दौरान जिलाधिकारी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत स्ट्राग रूम व मतगणना स्थल से सम्बन्धित जो भी कार्यवाही है प्रारम्भ कर ससमय पूर्ण कर लिया जाये जिससे की आगामी लोक सभा निर्वाचन के समय किसी प्रकार की कोई समस्या न आने पाये।

## सपा ने युवा संगठन की कार्यकारिणी का किया गठन



**चंदौली अवधनामा, ब्यूरो।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी ने अपने युवा संगठनों में पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रारंभ कर दी है। सोमवार को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की कार्यकारिणी का गठन किया गया है।सपा के सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी देते हुए कहा गया है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से मुलायम सिंह यूथ ब्रिग्रेड, उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में निम्नलिखित प्रमुख महासचिव, उपाध्यक्ष, सचिव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किए जाते हैं। वही चंदौली लोकसभा व मुगलसराय विधानसभा के मलोखर निवासी शाहिद अहमद सिब्बू को बड़ी जिम्मेरी दी गई है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शाहिद अहमद सिब्बू को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का प्रदेश सचिव बनाया है। नयी ज़िम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष देखने को मिला। शाहिद अहमद सिब्बू के जनपद में प्रथम अगमन पर लोगो ने उनका ज़ोरदार स्वागत किया, जिसमें मनीष यादव, इरशाद अहमद, आकाश यादव, हलचल यादव, राही मस्तान, अब्दुल अहद रहे।

## कार्य से सम्बन्धित प्रगति की समीक्षा आज

**मैनपुरी।** अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि कर-करेत्तर, राजस्व से सम्बन्धित माह जनवरी तक की गयी राजस्व वसूली एवं प्रवर्तन कार्य से सम्बन्धित प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में दि. 16 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों से बैठक में अद्यावधिक सूचनाओं सहित समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

**मुख्यमंत्री ने बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में सोलर रुफटॉप प्लाण्ट का लोकार्पण तथा एम.बी.बी.एस. छात्रों के लिए जी प्लस-5 प्रशासनिक भवन का किया शिलान्यास**

# बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज ग्रीन एवं क्लीन एनर्जी का बन रहा वाहक: योगी

## मेडिकल कॉलेज में बढ़ी हुई 50 एम.बी.बी.एस. की सीटों हेतु प्रशासनिक भवन के लिए 60 करोड़ रु. धनराशि की व्यवस्था की गई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि यह मेडिकल कॉलेज ग्रीन एवं क्लीन एनर्जी का वाहक बन रहा है। इसके साथ ही कॉलेज में बढ़ीं 50 एम.बी.बी.एस. सीटों के लिए नए प्रशासनिक भवन के शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यहां बढ़ी हुई 50 एम.बी.बी.एस. की सीटों हेतु प्रशासनिक भवन के लिए 60 करोड़ रुपए धनराशि की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री आज जनपद गोरखपुर में बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज में सोलर रुफटॉप प्लाण्ट का लोकार्पण तथा एम.बी.बी.एस. छात्रों के लिए प्लस-5 प्रशासनिक भवन का

**बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज पूर्वी उ.प्र. की स्वास्थ्य सेवाओं की बैकबोन**

शिलान्यास करने के पश्चात, इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज को ग्रीन एवं क्लीन एनर्जी तथा इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। इस मेडिकल कॉलेज ने अनेक उतार चढ़ाव देखे हैं, हमने वह भी दौर देखा है, जब यह मेडिकल कॉलेज पूर्वी उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य का एक मात्र केन्द्र हुआ करता था। कोई भी अन्य सेंटर नहीं था, और यह मेडिकल कॉलेज संसाधनो के अभाव से जूझ रहा था। वर्ष 1997 में बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज की



- जैसे एस.जी.पी.जी.आई. और एम्स दिल्ली का पैरेलल काम्पटिशन चलता, वैसे ही बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज को गोरखपुर एम्स के साथ स्वस्थ प्रतियोगिता करनी
- इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह नियंत्रित किया चुका, केवल उसके समाप्त होने की घोषणा बाकी, इस सफलतम अभियान का केंद्र बिंदु बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज बना
- आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री के कर-कमलों द्वारा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश में देश का सबसे बड़ा निवेश होने जा रहा
- हम क्लीन एवं ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में एक नए मॉडल के साथ आगे बढ़ रहे, यह प्रधानमंत्री के वर्ष 2070 तक पूर्ण रूप से क्लीन एवं ग्रीन एनर्जी अपनाने के विजन को प्रदर्शित करता
- प्रदेश में लगभग 16 लाख स्ट्रीट लाइटें बदली गईं, प्रदेश के प्रत्येक कस्बे में जगमगाती हुई एक जैसी दूधिया स्ट्रीट लाइटें लगी हुई, प्रदेश सरकार ने नेट बिलिंग की व्यवस्था की
- बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज में रूफटॉप सोलर पैनल से बिना पैसा खर्च किए 01 मेगावाट बिजली उत्पन्न होगी, इससे 72 लाख रु. वार्षिक बचत भी होगी

मान्यता के ऊपर संकट आया था, एम.सी.आई. ने वर्ष 1998-99 में इसकी मान्यता विथड्रा कर दी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने एम.सी.आई को आश्वस्त किया कि हम यहां की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे, इसके लिए प्रयास किया गया था, क्योंकि बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज पूर्वी उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की बैकबोन है। इसे बंद कर देंगे तो सब कुछ बंद हो जायेगा। इंसेफ्लाइटिस से होने वाली हजारों मौतों को नियंत्रित कर पाना कठिन हो जायेगा। आज जब हम बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज में आते हैं, तो देखते हैं कि सुविधाओं से युक्त इस मेडिकल कॉलेज में जो भी मरीज आता है तो उसका पूरा ब्यौरा होता है, उसकी केस हिस्ट्री होने के नाते मरीज का उपचार करने में मदद मिलती है।

आज इस मेडिकल कॉलेज में अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। इस मेडिकल कॉलेज में बाल रोग संस्थान भी प्रारम्भ हो चुका है। यहां रीजनल वायरल रिसर्च सेंटर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। सुपर स्पेशलयटी ब्लॉक बन चुका है। पीडियाट्रिक वॉर्ड अनेक प्रकार की सुविधाओं से युक्त है। प्रदेश में सी.एच.सी. स्तर पर मिनी बाल सघन चिकित्सा इकाइयों की स्थापना हो चुकी है। प्रत्येक जिला चिकित्सालय में पीकू वॉर्डों की स्थापना हो चुकी है। प्रत्येक स्तर पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, जनपदों में तैनात पीडियाट्रीशियन व फिजीशियन को ट्रेनिंग प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज काफी आगे बढ़ चुका है। जैसे एस.जी.पी.जी.आई. और एम्स दिल्ली का पैरेलल काम्पटिशन चलता है, वैसे ही बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज को गोरखपुर एम्स के साथ स्वस्थ प्रतियोगिता करनी है। इसके लिए स्वयं को तैयार करना होगा।

## पीडीए का मतलब पीछे किये जाएंगे: तनवीर

**लखनऊ।** राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष तनवीर अहमद सनी ने कहा कि पीडीए का मतलब पीछे किये जाएंगे पिछड़े, दलित अल्पसंख्यक मुस्लिम, यही समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की मंशा है। उन्होंने कहा कि मैं शुरू से कह रहा हूं कि वह कभी दलित-मुस्लिम के नहीं हुए वह सिर्फ यादवों के हैं। वे सिर्फ दिखावे की बातें करते हैं, जब बात सत्ता में भागीदारी की आती है तो सिर्फ पूंजीपति और अपने चहेतों को सम्मान देते हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए सपा उम्मीदवारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जया बच्चन, जिनके पति अमिताभ बच्चन प्रधानमंत्री के खास हैं, जो कभी राजीव गांधी के खास थे। क्या जया बच्चन वोट दिला सकती हैं। क्या पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन वोट दिला सकते हैं और यही हाल रामजी लाल सुमन का भी है जो अपने क्षेत्र में विधानसभा का चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि आजम खान के मामले को अखिलेश नजरअंदाज करते रहे। स्वामी का इस्तीफा भी यही दर्शाता है कि सपा अपने पीडीए के तहत काम नहीं कर रही।

# बिजली पासी किला को विश्वस्तरीय स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी किला को विश्वस्तरीय स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने लगभग 19 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। इसमें लाइट एण्ड साउण्ड शो, बच्चों के खेलने के लिए जगह, पाथ वे सहित कई काम होंगे। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।



उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के पर्यटन स्थलों का विकास है और इसी क्रम में बिजली पासी किले का विकास कराने की तैयारी है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बिजली पासी किले में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे यहां भ्रमण करने के लिए बच्चे, युवा, वृद्ध और महिला-पुरुष रुचि दिखाएं। किले का सौंदर्यीकरण होगा और शाम को लाइट एण्ड साउण्ड शो कार्यक्रम होगा, जिसमें महाराज बिजली पासी और उनके शासन का वर्णन होगा। बच्चों के लिए क्रीड़ा स्थल बनेगा जहां विभिन्न झूले होंगे। इसके अलावा पाथ वे, कैण्टीन, लैण्डस्केप, शौचालय सहित अन्य काम होंगे। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन तेज गति से बढ़ रहा है।

# कम प्रतिशत वाले बूथों का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाये: संतोष

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप टीम के संतोष कुमार, सचिव, आर0के0 सिंह, सीनियर कन्सलटेंट स्वीप तथा रजनी उपाध्याय, कम्यूनिकेशन कन्सलटेन्ट स्वीप के द्वारा आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत प्रदेश के 15 जनपदों के स्वीप नोडल अधिकारियों के साथ गुरूवार को योजना भवन के सभागार में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया गया और स्वीप नोड़ल अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपदो में पिछले लोकसभा चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित किया जाय। चिन्हित बूथों पर कम मतदान प्रतिशत के कारणों या समस्याओं को दूर करने हेतु विशेष प्लान तैयार कर मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाय। भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने स्वीप नोड़ल अधिकारियों को निर्देश दिये कि टारगेट ग्रुपों पर विशेष ध्यान देकर उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया जाय तथा लोगों को स्वीप गतिविधियों



**मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता बनने तथा वोट देने के लिए नागरिकों को किया जाय जागरूक**

के माध्यम से जागरूक किया जाए। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा अपेक्षा की गयी कि आकाशवाणी में प्रत्येक शुक्रवार सायं 07.15 बजे 23 भाषाओं में प्रसारित हो रहे मतदाता जंक्शन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने स्वीप नोडल अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता बनने तथा वोट देने के लिए जागरूक किया जाय। मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट तथा वोटर हेल्पलाईन ऐप के माध्यम से आनलाईन अपना नाम वोटर लिस्ट में चेक करने और उसे संशोधित करने की जानकारी दी जाय। मतदाताओं को स्थानीय निकाय तथा विधानसभा निर्वाचन की मतदाता सूची के अन्तर के बारे में जानकारी दी जाय।

# एलडीए ने किया जनता अदालत का आयोजन

**34 प्रार्थना पत्रों में से 9 का मौके पर निस्तारण**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए गुरुवार को प्राधिकरण में प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान नामांतरण, फ्री-होल्ड, रजिस्ट्री व अवैध निर्माण के कुल 34 प्रार्थना पत्र मिले जिसमें से 9 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में उपाध्यक्ष डॉ. त्रिपाठी ने समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिये। लविप्रा के उपसचिव माधवेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण दिवस





में उपाध्यक्ष ने खुद मौजूद रह कर जनता की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये। जनता अदालत में पहुंचे बसंतकुंज योजना के सेक्टर-डी निवासी वीरेन्द्र सिंह और मंजूलता कश्यप ने प्रार्थना पत्र दिया कि विद्युत लाइन उर्जीकृत न होने की वजह से विभाग नया कनेक्शन नहीं दे रहा। उपाध्यक्ष ने अधिशासी अभियंता वि./यां. मनोज सागर को स्थल निरीक्षण कर एक सप्ताह में कार्रवाई के निर्देश दिये। पुराना हैदरगंज निवासी राम विलास श्रीवास्तव ने बिजनौर के ग्राम मौदा में गाटा संख्या 152 पर कुछ लोगों के अवैध रूप से रो-हाउसेस भवनों के निर्माण और विहित प्राधिकारी न्यायालय के वाद योजित करने के बारे में प्रार्थना पत्र दिया। उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी से उक्त प्रकरण में आख्या तलब कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये। इसी तरह गोण्डा के करनैलगंज निवासी वकील अहमद ने देवपुर पारा के ई.डब्ल्यू.एस. भवन के रिफण्ड के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर उपाध्यक्ष ने सहायक लेखाधिकारी विनोद श्रीवास्तव को मौके पर बुला कर आवंटी को तत्काल रिफण्ड दिलाने के निर्देश दिये। जनता अदालत में पेपर मिल कॉलोनी निवासी विजय गुप्ता ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि उनके पिता ने वर्ष 1960 में भवन संख्या सी-5/10 आवंटित कराया था। तब से वह लोग नियमित रूप से किराया जमा करा उक्त भवन में रह रहे हैं। अब सभी देय शुल्क जमा कराके भवन की रजिस्ट्री कराना चाहते हैं, इस पर उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरण में आख्या पेश करने के निर्देश दिये।

# इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टिवल में विजेताओं को मिला सोना और हीरा जड़ित सोने का सिक्का

**लकी ड्रा में अर्तिका ने जीता 25 ग्राम सोना**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नया साल अर्तिका सिंह और नलिना सिंह के लिए भरपूर खुशियों की सौगात लेकर आया। उन्होंने दशहरा और दिवाली के दौरान चल रहे इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल का हिस्सा बने जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी इंदिरा नगर व हजरतगंज से खरीदारी कर लगभग डेढ़ लाख रुपए मूल्य का 25 ग्राम सोना और हीरा जड़ित सोने का सिक्का जीता है। इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल के दौरान आभूषणों





की दुनिया में अग्रणी नाम, जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी ने अपने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स की एक श्रृंखला प्रदान की। इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल 15 अक्टूबर से 22 नवंबर, 2023 तक जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी के स्टोर्स पर आयोजित हुआ था। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) ने इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टिवल (आईजेएसएफ) में जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी के साथ सहयोग किया, जहां ग्राहकों को 1 किलो तक सोना जीतने का अवसर प्राप्त हुआ। इस भव्य ज्वैलरी फेस्टिवल में जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी ने ग्राहकों को उत्कृष्ट सोने, हीरे, कुंदन और पोल्की आभूषणों की प्रत्येक 25,000 रुपये तक की खरीद पर एक कूपन प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों को हर खरीदारी पर निश्चित आकर्षक उपहार भी प्राप्त हुए।

## विभिन्न क्षेत्रों की अनेक विभूतियां अवार्ड ए तिरंगा सम्मान से सम्मानित

**लखनऊ।** सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था एलायंस सोशल एण्ड कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में आज शाम सहकारिता भवन प्रेक्षागृह, लखनऊ में विभिन्न क्षेत्रों की अनेक विभूतियां अवार्ड ए तिरंगा सम्मान से सम्मानित हुईं। समारोह में मुख्य अतिथि मुरलीधर आहूजा और दिलावर हुसैन ने आशीष शर्मा (सहारा इण्डिया परिवार), के. के. शर्मा (पूर्व प्रमुख सचिव विधि एवं न्याय उ0.प्र. व जिला जज), मोहम्मद इदरीस (पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल लखनऊ), अजमत अली सिद्दीकी (निदेशक कैरियर मेडिकल कालेज), डॉ हारुन रशीद (लेखक) को 5 वें अवार्ड ए तिरंगा से सम्मानित किया गया।

# सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता का जताया आभार

**मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है जो रायबरेली आकर आप लोगों से मिल कर पूरा होता है: सोनिया**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता को पत्र लिख कर उनका आभार जताया है। रायबरेली की जनता को लिखे भावुक पत्र में सोनिया गांधी ने गांधी परिवार और रायबरेली के संबंधों की जड़ों को बहुत गहरा बताते हुए उनका मन और प्राण हमेशा रायबरेली निवासियों के पास होने की बात कही। उन्होंने लिखा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है जो रायबरेली आकर आप लोगों से मिल कर पूरा होता है। उल्लेखनीय है कि सोनिया गांधी ने यह पत्र तब लिखा है जब वे इस बार लोकसभा चुनाव न लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं और राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन कर चुकी हैं। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि पत्र में सोनिया



गांधी ने लिखा कि रायबरेली से उनका नेह और नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। पत्र में उन्होंने लिखा कि रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद पहले लोकसभा चुनाव में मेरे ससुर फिरोज गांधी को यहां से जिता कर दिल्ली भेजा और उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ बढ़ता गया। इस रिश्ते पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गयी। इसी रोशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। मैं यह कभी नहीं भूल सकती कि पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों के बावजूद भी आप एक चट् टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे। मुझे यह कहते हुए गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की। पत्र में सोनिया गांधी ने अपनी बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव न लड़ने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव न लड़ने के निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का मौका भले ही न मिले लेकिन यह तय है कि मेरा मेन और प्राण हमेशा आपके पास रहेगा। मुझे पता है कि आप भी हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे जैसे अब तक संभालते आए हैं। सोनिया गांधी ने बड़ों को प्रणाम और छोटों को स्नेह और प्यार देते हुए जल्द मिलने का वादा भी किया है।

# भारत जोड़ो यात्रा से पूरे देश के जनमानस में जगी उम्मीद: धीरज

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मणिपुर से भारत जोड़ो यात्रा के 21 फरवरी को लखनऊ पहुंचने पर भव्य स्वागत होगा। यात्रा के लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत को लेकर गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय सचिव व सहप्रभारी धीरज गुर्जर की मौजूदगी में बैठक हुई। बैठक में गुर्जर ने कहा कि यात्रा के भव्य स्वागत के साथ ही इमरजेंसी मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका ख्याल रखें। श्री गुर्जर ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से पूरे देश के जनमानस में एक उम्मीद जगी है। जिस तरह संविधान कुचला जा रहा है, उसे बचाने की जिम्मेदारी कांग्रेसियों पर सबसे अधिक है, क्योंकि देश की आजादी और संविधान बनाने में कांग्रेस और हमारे नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों के साथ पहुंच कर यात्रा का स्वागत करने का निर्देश दिया। इसी के साथ यात्रा की वजह से इमरजेंसी मरीजों को कोई परेशानी न हो इसका ख्याल रखने को भी कहा। पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। लखनऊ मण्डल प्रभारी शरद मिश्रा ने यात्रा के स्वागत को लेकर अधिक से अधिक लोगों से सम्पक्र कर साथ लाने को कहा। बैठक में मुकेश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, श्याम किशोर शुक्ल, परवेज मंसूरी सहित लखनऊ जिला-शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व नेता शामिल थे।

# अलम-ए-मुबारक की जियारत करायी गयी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) के बेटे और हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भाई हजरत अब्बास (अ.स.) की विलादत के मौक पर बृहस्पतिवार को दरगाह हजरत अब्बास रुस्तम नगर में एक शानदार विशाल अलम-ए-मुबारक की जियारत करायी गयी। इसके बाद जश्ने हजरत अबुल फजलिल अब्बास मनाया गया।

उलमा ने जब जियारत के लिए अलम के फरेरे को खोला तो वहां मौजूद हजारों लोग जिसमें पर्दानशीन महिलाएं व बच्चों ने हाथ उठाकर नारे हैदरी या अली की सदाएं बुलन्द की। इसके साथ ही लोगों ने हाथों को बुलन्द करके अपने व देश के लिए दुआएं मांगी। मौलाना कल्बे



जव्वाद, मौलाना रजा हुसैन, मौलाना हबीब हैदर सहित अन्य उलमा ने हजरत अब्बास (अ.स.) की फजीलत बयान की। जश्न का आगाज कारी तुफैल हसन ने तिलावते कुराने पाक से, संचालन जाहिद कानपुरी ने किया तो आमिर वारसी ने नात पेश की। इसके बाद 110 बच्चों ने हजरत अब्बास (अ.स.) की शान में शान मनकबत पेश की। जश्न में शायर नायाब बलयावी, रजा बिस्वानी, अखतर सिरसिवी, मेराज मंगलोरी, सागर बनारसी, अली शब्बर नौगावीं, महबूब अंसारी, जुहैर सुल्तानपुरी, मेहदी महमूदाबादी, जिना जफराबादी, दानिश गदीरी, अजहर लखनवी, रिजवान हसन, मीसम जाफरी, जफर नजफी, मिर्जा लखनवीं, आयान, बिलाल रजा, वसी मोहानी ने अपने कलाम पेश किये। इस मौके पर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की लाईटों से सजावट की गयी तथा दरगाह की तारीखी इमारत को भव्यरूप से सजाया गया था।


साफ नियत – सही विकास

आयुष्मान भारत

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

प्रदेश के लगभग 6 करोड़ लोगो के लिए 5 लाख रूपये तक का इलाज पूरी तरह निःशुल्क



मुख्य विशेषतायें–

- प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का इलाज पूर्णतया निःशुल्क।
- सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में मिलेगा इलाज।
- चिकित्सालयों में मरीजों की सहायता के लिए आरोग्य मित्र की तैनाती।
- सेकेण्डरी, टर्शियरी जैसे कि कैन्सर, हृदयरोग जैसी 1350 बीमारियाँ सम्मिलित।
- परिवार के सदस्यों की संख्या, आयु सीमा एवं लिंग की बाध्यता नहीं।
- पूर्व से चली आरही बीमारियों का भी इलाज सम्मिलित।
- इलाज के दौरान दवा, जाँच जैसे कि एक्स-रे इत्यादि पूर्णतया निःशुल्क।
- देश के अन्य राज्यों के सूचीबद्ध अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा अनुमन्य।

योजना के लागू होने से एस.ई.सी.सी. 2011 की सूची में चिन्हित प्रदेश 1.18 करोड़ परिवारों (लगभग 6 करोड़ व्यक्तियों) को लाभ मिलेगा।

हेल्प लाइन नम्बर – 14555

1-जननी सुरक्षा योजना :- इस योजनान्तर्गत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव कराने पर ग्रामीण प्रसूता लाभार्थियों हेतु रू0 1400/- तथा शहरों में प्रसूता लाभार्थियों हेतु रू0 1000/ की दर से भुगतान किया जाता है।

2-प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस :- यह दिवस प्रत्येक माह की 01, 09, 16 एवं 24 तारीख को राजकीय स्वास्थ्य इकाईयो (CHC & BPHC) पर मनाया जाता है। उक्त दिवस पर गर्भवती महिलाओ की स्त्री रोग विशेषज्ञ अथवा एमबीबीएस चिकित्सक की देख रेख में प्रसव पूर्व जांच तथा PPP माडयुल के अंतर्गत अनुबंधित अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के माध्यम से निः शुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधाये दी जाती है।

| क्र0सं0 | हॉस्पिटल का नाम | सम्बन्धित बीमारी का इलाज | मो0 |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | सिटी हॉस्पीटल, मैनपुरी | बुखार, डायरिया (उल्टी), पीलिया, पेशाब में इन्फेक्शन, अनीमिया, मलेरिया चिकिनगुनिया टाइफाइड, डेंगू, बुखार से सम्बन्धित सभी इलाज, स्त्री रोग सम्बन्धित सभी ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी | 9761738000 |
| 2 | हेमा आई हॉस्पीटल, मैनपुरी | मोतियाबिन्द बिना टॉके, बिना पट्टी फेको द्वारा काला पानी नाखूना, भेगापन, पलक, बंदी, नासूर, समस्त नेत्र रोगों का इलाज | 9456485509 |
| 3 | पाठक हॉस्पीटल, मैनपुरी | हर्निया हाइड्रोसील, बच्चेदानी का ऑपरेशन, अपेंडिक्स, पित्त की थैली, मेडिसीन विभाग रोग (बुखार) टीबी अस्थमा एवं पीलिया) अन्य सामान्य ऑपरेशन | 8191950000 |
| 4 | शिवानी हॉस्पीटल, मैनपुरी | हर्निया हाइड्रोसील, बच्चेदानी का ऑपरेशन, अपेंडिक्स, पित्त की थैली मेडिसीन विभाग रोग (बुखार) टीबी अस्थमा एवं पीलिया) अन्य सामान्य ऑपरेशन | 9897729977 |
| 5 | सतीश हॉस्पीटल, मैनपुरी | हड्डी रोग विभाग (कूल्हे का ऑपरेशन), नाक, कान, गला रोग विभाग जनरल सर्जरी विभाग (पित्त की थैली) में पथरी, अपेंडिक्स हर्निया हाइड्रोसील) स्त्री रोग विभाग (बच्चेदानी में गांठ) गुर्दा एवं मूत्ररोग विभाग, (गदूद का ऑपरेशन गुर्दे में पथरी) बाल रोग विभाग (पीलिया इत्यादि) मेडिसीन विभाग रोग (बुखार, टीबी अस्थमा एवं पीलिया) | 9982478743 |
| 6 | डा. रागिनी अग्रवाल नर्सिंग होम मैनपुरी | स्त्रीरोग सम्बन्धित सभी ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी फ्रैक्चर एवं हड्डी से सम्बन्धित इलाज | 9837001759 |
| 7 | मैनपुरी नर्सिंग होम, आगरा रोड मैनपुरी | बुखार, डायरिया (उल्टी दस्त), पीलिया पेशाब में इन्फैक्शन, अनीमिया मलेरिया, चिकनगुनिया, टाइफायड, डेंगू बुखार से सम्बन्धित इलाज | 9457056500 |
| 8 | आर्थो एण्ड फैक्चर नर्सिंग होम मैनपुरी | फ्रैक्चर एवं हड्डी से सम्बन्धित इलाज | 9412286706 |
| 9 | शिवम मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पीटल खरपरी मैनपुरी | जनरल मेडीसन, जनरल सर्जरी, सामान्य स्त्री रोग | 7983996114 |
| 10 | श्री जिलेदार सिंह स्मारक चिकित्सालय किशनी, मैनपुरी | जनरल मेडीसन, जनरल सर्जरी, सामान्य स्त्री रोग | 8394857981 |
| 11 | डा0 राकेश सिंह भदौरिया मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पीटल, किशनी | जनरल मेडीसन, जनरल सर्जरी | 8394857981 |
| 12 | लाइफ लाइन हॉस्पीटल कुरावली | जनरल मेडीसन, जनरल सर्जरी, सामान्य स्त्री रोग | 9412747086 |

जिला स्वास्थ्य समिति, मैनपुरी